**
वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच

सोमवार, 20 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 284, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 6,480 करोड़ डाले
पिछले तीन माह तक लगातार निकासी के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 6,480 करोड़ डाले हैं। } 10

कर्नाटक और महाराष्ट्र को बाढ़ राहत के लिए 1950 करोड़ मंजूर
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक और महाराष्ट्र को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के केंद्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में 1950 .80 करोड़ की राशि जारी करने को मंजूरी दे दी है। } 10

प्रभु श्रीराम का स्वागत कर अयोध्या दीपोत्सव में बने दो वर्ल्ड रिकॉर्ड
सरयू के 56 घाटों पर जले 26 लाख से अधिक दीपक,2128 वेदाचार्यों, अर्चकों व साधकों ने एक साथ की आरती, सीएम योगी ने किया कलाकारों का स्वागत



विशेष संवाददाता

अयोध्या। योगी सरकार ने रामनगरी में रविवार को अपना पुराना सभी रिकॉर्ड तोड़ दिया।2017 में सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव का आयोजन कराया और साल दर साल इसे नई ऊंचाइयां दीं।दीपोत्सव ने प्रतिवर्ष नया कीर्तिमान स्थापित किया। सरकार के नौवें और 500 वर्ष बाद मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के अपने महल में विराजमान होने के दूसरे दीपोत्सव में अयोध्या ने फिर से दो नए रिकॉर्ड बनाए। नया कीर्तिमान बनाते हुए दीपोत्सव 2025 में 26,17,215 (26 लाख, 17 हजार 215) दीप प्रज्ज्वलित किए गए।बता दें कि पिछले वर्ष 2024 में प्रभु की नगरी 25,12,585 दीपों से जगमगाई थी।वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू मैया की आरती का रहा, जहां इस वर्ष एक साथ 2128 वेदाचार्यों, अर्चकों व साधकों ने सरयू मैया की आरती की। ड्रोन से की गई दीपों की गणना के उपरांत दीपोत्सव ने नया कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अयोध्या के प्रति प्रतिबद्धता ने फिर से रामनगरी को वैश्विक रिकॉर्ड सूची में दर्ज कराया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस 'भव्य दीपोत्सव' को देखा और अंततः एक साथ एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में दीप प्रज्ज्वलन को फिर से विश्व कीर्तिमान का दर्जा दिया।कीर्तिमान रचने में योगी सरकार के नेतृत्व में राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, इससे जुड़े महाविद्यालयों, इंटर कॉलेजों के शिक्षकों व छात्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं, साधु-संतों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, पर्यटन- ...शेष पृष्ठ 10 पर

सपा ने चलवायी थी गोलियां और हम जलवा रहे दीपक

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या धाम स्थित राम कथा पार्क में राम राज्याभिषेक के दौरान कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोला।सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर अयोध्या में गोलियां चलाई थीं।यह वही लोग हैं, जो मुगलों की कब्र पर जाकर सजदा करते हैं, लेकिन जब अयोध्या में रामलला विराजमान होने के कार्यक्रम में उन्हें निमंत्रण दिया जाता है, तो यह लोग राम मंदिर के निमंत्रण कार्यक्रम को ठुकरा देते हैं। हमें उनके इस दोहरे चरित्र का स्मरण रखना होगा कि कैसे भारत की सनातन आस्था को ये अपमानित करते रहे हैं और किस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करते रहे हैं। कभी राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न खड़ा करते थे तो कभी एक आक्रांता की कब्र पर जाकर सजदा करने का कार्य करते थे ...शेष पृष्ठ 10 पर

दीपावली की शुभकामनाएं

लखनऊ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकाशपर्व दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रभु श्रीराम से उनकी सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है।आज यहां जारी एक शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व एवं त्योहार शान्ति, एकता व सद्भाव का सन्देश देते हैं एवं सामाजिक सौहार्द में वृद्धि करते हैं।दीपावली का पर्व भारत की सनातन धर्म की परम्परा का एक महत्वपूर्ण पर्व है।

दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है आरएसएस : राजनाथ
सौ साल पहले एक कमरे में हुई थी संघ की स्थापना, उस समय केवल पांच-सात लोग ही हुआ करते थे

विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि किसी ने भी यह अनुमान नहीं लगाया होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सौ साल के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बन जाएगा।

लखनऊ में एक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना लगभग 100 साल पहले एक कमरे में हुई थी तब सिर्फ उसमें पांच सात लोग थे और किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह 100 वर्ष पूरे होते ही विश्व का सबसे बड़ा संगठन बनेगा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होना ईश्वरीय आशीर्वाद है।उन्होंने इस वृद्धि का श्रेय कई लोगों के ऋषियों और तपस्वियों जैसा जीवन जीने को दिया। देश की प्रगति का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के मामले में 2014 में, हम 11वें स्थान पर थे और आज, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, हम चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। आर्थिक विशेषज्ञों का अनुमान है कि हम दो से तीन साल के भीतर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने भाजपा ...शेष पृष्ठ 10 पर

लखनऊ को बनायेंगे वर्ल्ड क्लास सिटी

लखनऊ।रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने छोटी दीपावली पर राजधानी को सौगात दी। जानकीपुरम में कम्युनिटी सेंटर और लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।साथ ही भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई और पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा का भी अनावरण किया।इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ के विकास के प्रति हम पूरी ईमानदारी से काम कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि लखनऊ को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाया जाए. हमारी यह भी कोशिश है कि लखनऊ एयरपोर्ट दुनिया के अधिकांश देशों से सीधा जुड़ सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल का कारखाना लखनऊ में स्थापित हो चुका है, जो शहर के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।आज जिस सामुदायिक विकास केंद्र का उद्घाटन किया है वह समाज के उत्थान की दिशा में बड़ा कदम है।हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यहां जिस तरह से अपने काम को बेहतरीन तरीके से कर रहा है, इसकी प्रशंसा होनी चाहिए। राजस्थान राजनाथ सिंह ने लखनऊ विकास प्राधिकरण की तरफ से बनाई गई भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई और पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमाओं का भी डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया।

ट्रंप के खिलाफ 2700 शहरों में 70 लाख लोग सड़कों पर उतरे

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की नीतियों और उनके सत्तावादी रुख के खिलाफ शनिवार को देशभर में लाखों लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। 'नो किंग्स डे' नाम से आयोजित इस राष्ट्रीय आंदोलन में ग्रामीण इलाकों से लेकर न्यूयार्क जैसे बड़े शहरों तक व्यापक भागीदारी देखने को मिली।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ट्रंप खुद को लोकतांत्रिक राष्ट्रपति नहीं, बल्कि राजा की तरह पेश कर रहे हैं। एएनआइ के मुताबिक, माना जा रहा है कि अमेरिका के 2700 शहरों में 70 लाख से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। सीएनएन के मुताबिक जून में हुए नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार 20 लाख अधिक प्रदर्शनकारी शामिल हुए।वहीं, पुलिस के मुताबिक प्रदर्शन लगभग हर जगह शांतिपूर्ण रहा, कहीं से भी किसी तरह की हिंसा की खबरें नहीं मिलीं।साथ ही किसी को गिरफ्तार भी नहीं किया गया। ये प्रदर्शन ऐसे ...शेष पृष्ठ 10 पर

विराज सागर दास ने दिवाली पर दी बधाई

लखनऊ।बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट और उप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने दीपावली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुख एवं समृद्धि की कामना की।विराज सागर दास ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दीपावली मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के उपरान्त अयोध्या आगमन पर मनायी जाती है।इस अवसर पर हमें लोक कल्याण की भावना से कार्य करते हुए प्रदेश एवं देश के विकास को प्रोत्साहित करना चाहिए।दीपावली पर्व हमारे जीवन में सुख-शांति लाये।

9 दिनों में ही टूट गया गाजा का शांति समझौता
नेतन्याहू की सेना ने हमास पर किया ताबड़तोड़ हमला, फिर से युद्ध होगा शुरू

नई दिल्ली। गाजा में 9 दिन पहले शुरू हुआ सीजफायर रविवार को संकट में पड़ गया, जब इजरायल की सेना ने कहा कि उसने दक्षिणी हिस्से में हवाई हमले किए हैं। सेना का दावा है कि यह कार्रवाई हमास के उन हमलों के जवाब में की गई जो उसके सैनिकों पर हुए थे।

हमास ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि वह युद्धविराम समझौते का पूरी तरह पालन कर रहा है और इजरायल झूठे बहाने बनाकर फिर से हमला शुरू करना चाहता है। बता दें, गाजा में इजरायल और हमास के बीच नौ दिन पहले हुआ युद्धविराम खतरे में आ गया है। इजरायली सेना ने दक्षिणी गाजा में हवाई हमले किए, जिसका कारण हमास द्वारा इजरायली सैनिकों पर किए गए हमले बताए गए हैं। नेतन्याहू ने हमास पर संघर्षविराम तोड़ने का आरोप लगाया है और सेना को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कुछ इजरायली मंत्रियों ने फिर से युद्ध शुरू करने की मांग की है।इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को गाजा में आतंकवादी ठिकनों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिया है।उन्होंने हमास पर संघर्षविराम तोड़ने का आरोप लगाया है।दोनों के बीच सीजफायर का समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से 10 अक्टूबर को लागू हुआ था, जिससे दो साल से चल रहे युद्ध को विराम मिला था।इजरायली सेना ने कहा कि रफा इलके में सैनिकों पर रॉकेट और फायरिंग हुई, जिसके जवाब में वायुसेना ने फाइटर जेट और तोपों से हमला किया।स्थानीय लोगों ने बताया कि दक्षिणी रफा में झड़पें हुईं, जहां हमास एक स्थानीय गिरोह से भिड़ा था तभी इजरायली टैंक वहां मौजूद पाए गए। इस बीच नेतन्याहू ने मंत्रियों से बैठक की, जिसके बाद कुछ मंत्रियों ने फिर से युद्ध शुरू करने की मांग की। राष्ट्र सुरक्षा मंत्री इतमर बेन गवीर ने कहा कि हमें पूरी ताकत से फिर से लड़ाई शुरू करनी चाहिए, क्योंकि यह मान लेना कि हमास समझौते का पालन करेगा एक खतरनाक भ्रम है।

प्रथम धन्वंतरि महोत्सव का आयोजन

एजेंसी

उत्तराखंड। पौढ़ीगढवाल में स्थापित हर्बल वर्ल्ड हिमालय श्री धन्वंतरि धाम आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा का पूरे विश्व में एकमात्र समग्र केंद्र है। यह धाम भारत की आरोग्य संस्कृति का जीवंत स्वरूप है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यमकेश्वर में आयोजित प्रथम धन्वंतरि महोत्सव में वर्चुअल रूप से सम्बोधित करते हुए उक्त बात कही।मुख्यमंत्री ने सभी को प्रथम धन्वंतरि महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आरोग्य संस्कृति के इस जीवंत स्वरूप में हमारे महान ऋषि-मुनियों की ओर से स्थापित स्वास्थ्य सिद्धांतों के साथ-साथ वनस्पति विज्ञान आधारित 09 प्रमुख चिकित्सा पद्धतियों और विश्व की लगभग 964 चिकित्सा विधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पवित्र स्थल आयुर्वेद, योग, औषधीय वनस्पतियों और समग्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपयोगी होने के साथ ही प्राकर्तिक चिकित्सा के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद विश्व की एक ऐसी विशिष्ट चिकित्सा प्रणाली है जो प्राचीन काल से ही मानव सभ्यता का आरोग्य सुनिश्चित करती आ रही है। आयुर्वेद के समग्र दृष्टिकोण के कारण आज इसकी स्वीकार्यता लगातार बढ़ती जा रही है। आयुर्वेद हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों रूप से स्वस्थ बनाता है। उत्तराखंड प्राचीन काल से ही आयुर्वेद और औषधीय संपदा की प्रज्ञा भूमि रही है।हमारे पर्वतीय अंचल में पाई जाने वाली औषधीय जड़ी-बूटियों ने आयुर्वेद को आरोग्य के आधारभूत तत्व के रूप में स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सकीय पद्धतियों को बढ़ावा देने और लोगों को स्वस्थ जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से आयुष मंत्रालय की स्थापना की गई। जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय आयुष मिशन और प्रकृति परीक्षण अभियान जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आज जहां एक ओर नागरिकों में स्वास्थ्य और आरोग्य स्थापित किया जा रहा है, वहीं आयुर्वेद, ...शेष पृष्ठ 10 पर

अवकाश की सूचना

दीपावली पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाताओं व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

20 और 21 अक्टूबर यानी सोमवार व मंगलवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 23 अक्टूबर गुरुवार को प्रकाशित होगा।

-संपादक

दीपावली के अवसर पर जगमगाये राजधानी के चौराहे। लखनऊ के 1090 चौराहे का एक दृश्य

फोटो: अमित वर्मा

पटाखा गोदाम में धमाका, चार दुकानें ढहीं और एक की मौत

एटा। जिले के बागवाला क्षेत्र में रविवार को पटाखों के एक गोदाम में जोरदार धमाके से आसपास की चार दुकानें जमींदोज हो गईं। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है और राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

पुलिस के अनुसार, बागवाला चौराहे से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित पटाखा गोदाम में विस्फोट हो गया और धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास की चार दुकानें पूरी तरह जमींदोज हो गईं व मलबे में कई लोग दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

उसने बताया कि अब तक मलबे से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है, जबकि संजू लोधी नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि यह पटाखा गोदाम रहीश खान द्वारा संचालित किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि दीपावली के मद्देनजर यह गोदाम हाल में खोला गया था और बिना लाइसेंस के संचालित हो रहा था। विस्फोट के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि मलबे में दबे अन्य लोगों की तलाश जारी है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।



हर कण में मर्यादा और हर दीप में दया : सीएम

पूरे प्रदेश में 1 करोड़ 51 लाख दीप जल रहे, हर भारतवासी के संकल्प का है प्रतीक

जिला संवाददाता (vol)

अयोध्या। अयोध्या सप्तपुरियों में प्रथम है, जहां धर्म स्वयं मानव रूप में अवतरित हुआ हो। यहां हर कण में मर्यादा है और हर दीप में दया, हर हृदय में भगवान श्रीराम का वास है।

हजारों वर्ष पहले जब दुनिया अंधकार में जी रही थी, तब अयोध्या ने अपने भगवान, आराध्य और अपनी आस्था के आगमन के अभिनंदन में दीप प्रज्वलित किए थे। वही दीपोत्सव, दीपावली के रूप में सनातन धर्म का एक महापर्व बन गया था। इस महापर्व को जीवंत बनाए रखने के लिए पहली बार वर्ष 2017 में दीपोत्सव में 1,71,000 दीप जलाए गए थे। वहीं आज नौवें दीपोत्सव पर केवल अयोध्या धाम में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित हो रहे हैं। अगर पूरे प्रदेश भर में गणना की जाए तो 1 करोड़ 51 लाख दीप अकेले दीपोत्सव में जल रहे हैं।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या धाम स्थित राम कथा पार्क में राम राज्याभिषेक के दौरान कही। प्रज्वलित दीपों संग मुख्य आयोजन स्थल राम की पैड़ी पर 'आध्यात्मिक वर्षा' हुई, जिसमें मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने संत-महंत संग रामायण के सभी कांड पर आधारित प्रसंगों का अवलोकन किया।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से भगवान श्रीराम के संपूर्ण जीवन वृत्त पर आधारित रामायण थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग लाइव परफॉर्मेंस के साथ भव्य लेजर शो भी हुआ। सबसे पहले मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने संतों-महंतों व सरकार के मंत्रियों संग दीप प्रज्वलित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज, जगद्गुरु रामानुजाचार्य, डॉ. राघवाचार्य महाराज, जगद्गुरु वासुदेवाचार्य विद्या भाष्कर महाराज, धराचार्य, महंत विशेष प्रबन्ना, महंत सुरेश दास, जगदगुरू राम दिनेश आचार्य, महंत अवधेश दास, महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य, महंत राजकुमार दास महाराज, महंत धर्मदास, डॉ. रामविलास वेदांती, पूर्व सांसद महंत अनंताचार्य, महंत रामानन्द दास, महंत डॉ. भरतदास समेत विभिन्न संतों को माला, अंगवस्त्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज लाखों-लाख दीप अयोध्या धाम में प्रज्वलित होते हैं, जो हर भारतवासी के संकल्प के प्रतीक बनते हैं।

1100 ड्रोन ने दिखायी रामायण की झलकियां

लखनऊ। प्रज्वलित दीपों संग मुख्य आयोजन स्थल राम की पैड़ी पर 'आध्यात्मिक वर्षा' हुई, जिसमें मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने संत-महंत संग रामायण के सभी कांड पर आधारित प्रसंगों का अवलोकन किया। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से भगवान श्रीराम के संपूर्ण जीवन वृत्त पर आधारित रामायण थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग लाइव परफॉर्मेंस के साथ भव्य लेजर शो भी हुआ। सबसे पहले मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने संतों-महंतों व सरकार के मंत्रियों संग दीप प्रज्वलित किया। मुख्य आयोजन स्थल 'राम की पैड़ी' पर अतिथियों, आगंतुकों व मेजबानों ने 'आध्यात्मिक वर्षा' में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया। यहां रामायण के सभी कांड का वर्णन करते हुए कलाकारों ने अलौकिक प्रस्तुति दी। लेजर शो के मध्य यहां सभी कांड के प्रसंगों का जिक्र करते हुए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से हर दर्शकों का दिल जीत लिया। रामराज है फिर से लाना... आदि धुन पर कलाकारों की प्रस्तुति को हर कोई अपने मोबाइल में कैद करता रहा। यह प्रसंग देख अभिभूत हुई अवधपुरी से अनवरत 'श्रीराम, जय राम, जय जय श्रीराम' की गूंज गूंजती रही।

मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा

निजी पूंजी निवेश को प्रोत्साहन

प्रदेश के यशस्वी मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में उ.प्र. टाउनशिप नीति–2023 अंतर्गत 04 निजी विकासकर्ताओं को 280.64 एकड़ क्षेत्रफल के टाउनशिप का लाइसेन्स निर्गत किया गया। जिसके सापेक्ष जनपद में **रू. 1462 करोड़** का निवेश किया जा रहा है। इससे मथुरा की अवस्थापना सुविधाएं अधिक बेहतर और मजबूत होंगी।

फरवरी 2024 से सितंबर 2025 तक अवैध निर्माण के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही

- उ.प्र. नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 के अंतर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत के अवैध निर्माण के विरुद्ध फरवरी 2024 से अब तक 690 नोटिस निर्गत की गयी।
- बिना मानचित्र स्वीकृत के अवैध निर्माण की नोटिस निर्गत उपरांत कार्य न रोके जाने पर उक्त समयांतर्गत 60 अवैध निर्माण पर सीलिंग की गई।
- 307 अवैध निर्माणों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए गए। जिसमें 85 का मौके पर ध्वस्तीकरण किया गया। साथ ही प्राधिकरण क्षेत्रांतर्गत 80 अवैध कॉलोनी का भी मौके पर ध्वस्तीकरण का क्रियान्वयन किया गया।
- प्राधिकरण क्षेत्रांतर्गत 59 अवैध निर्माणों के नोटिस के विरुद्ध शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया, जिसमें 458.61 लाख रुपये का शमन शुल्क जमा कराया गया।

मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण क्षेत्रांतर्गत आम जनता से अपील की जाती है कि आवासीय, व्यावसायिक व अन्य किसी भी प्रकार के निर्माण करने से पूर्व प्राधिकरण से मानचित्र अवश्य स्वीकृत करायें। उ.प्र. सरकार द्वारा मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशंस 2025 लागू किया गया है। जिसमें मकान नक्शा पास की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जन–उन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह छोटे भूखंड मालिकों, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायियों के लिए राहतकारी है, साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुनियोजित विकास को बढ़ावा देता है।
श्याम बहादुर सिंह (उपाध्यक्ष, एम.वी.डी.ए.)

मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण प्रदेश का पहला प्राधिकरण है, जो लैंड पूलिंग स्कीम अंतर्गत समस्त प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए आम जनता को लॉटरी के माध्यम से भूखंड आवंटन कर दिया है।

हनुमत विहार आवास योजना
क्षेत्रफल – 26.643 हेक्टेअर
अवस्थापना सुविधाओं पर अनुमानित लागत – रू. 194.04 करोड़

गोविंद विहार आवास योजना
क्षेत्रफल – 26.912 हेक्टेअर
अवस्थापना सुविधाओं पर अनुमानित लागत – रू. 182.23 करोड़

मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना अंतर्गत प्रस्तावित टाउनशिप रहीमपुर फरह एवं छाता।

प्रस्तावित क्षेत्र– 94.276 हेक्टेअर • अनुमानित लागत– रू.665.00 करोड़

प्रस्तावित क्षेत्र– 117.295 हेक्टेअर • अनुमानित लागत– रू.1265.00 करोड़

प्रसून द्विवेदी (पी.सी.एस)
विशेष कार्याधिकारी/सम्पत्ति अधिकारी
मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा

अरविन्द कुमार द्विवेदी (पी.सी.एस)
सचिव,
मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा

श्याम बहादुर सिंह (आई.ए.एस)
उपाध्यक्ष,
मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा

शैलेन्द्र कुमार सिंह (आई.ए.एस)
आयुक्त, आगरा मंडल, आगरा/
अध्यक्ष, मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा

मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा
Email: vcmvda2014@gmail.com | Website: www.mvdamathura.com
Follow us on

संक्षेप

दीपावली पर घुइसरनाथ धाम आएंगे प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। दीपावली के पर्व पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज दिन में डेढ़ बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दीपोत्सव में शामिल होंगें। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी सायं पौने चार बजे लालगंज के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में भी शामिल होगें। सायं साढ़े पांच बजे वह पैतृक गांव संग्रामगढ़ में परमपरागत कार्यक्रमों में शामिल होगें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

मादक पदार्थ के साथ धराया आरोपी, गया जेल

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर हिरासत में लिया है। थाने के दरोगा सुमित कुमार वर्मा फोर्स के साथ त्योहार को देखरेख में निकले थे। सांगीपुर थाना क्षेत्र की सीमा के इंटौरी पुलिया के पास एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे दबोचा तो उसके पास से एक किलो दो सौ बीस ग्राम गांजा तथा चार सौ सत्तर रूपए नकद व एक मोबाइल तथा एक बाइक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी लीलापुर थाना के हदिराही निवासी अभिषेक वर्मा पुत्र श्याम सुंदर के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया। वहीं आरोपी के पास से मिली बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया है।

दुष्कर्म व पास्को का आरोपी गया जेल

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने एसपी के मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को दुष्कर्म तथा पास्को के आरोपी को धर दबोचा। थाने के दरोगा नंदलाल यादव मिशन शक्ति टीम के साथ गस्त पर निकले थे। पूरे लोना गांव में नाबालिग किशोरी के साथ बीती पांच जुलाई को दुष्कर्म की घटना को लेकर केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने मुकदमे के वांछित बगल के पूरे ओझा निवासी आरोपी पवन कुमार सरोज पुत्र लालता प्रसाद को गौरीगंज रोड के सेमरा गांव के समीप धर दबोचा। दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

आईटीएम की छात्राओं ने बनाया रिमोट क्रेकर लाइटर

पटाखों से होने वाले हादसों पर सुरक्षा का नया कदम

जिला संवाददाता

गीडा, गोरखपुर। दीपावली के मौके पर अक्सर पटाखों के कारण हादसे होते हैं और इनमें ज्यादातर पीड़ित बच्चे होते हैं। हर साल यह घटनाएँ किसी न किसी परिवार के साथ घटती हैं, जिससे चोटें और गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए आईटीएम गीडा की बीटेक तृतीय वर्ष की छात्राओं ने रिमोट क्रेकर लाइटर विकसित किया है।

इस उपकरण को तानिया प्रजापति, शीतल गुप्ता और शांभवी मिश्रा ने मिल कर बनाया है। इसकी मदद से पटाखे अब आप 10 से 50 मीटर की दूरी से सुरक्षित रूप से जलाए जा सकते हैं, जिससे बच्चों और परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। दीपावली के अवसर पर अनार, रॉकेट और स्काई शॉट जैसे पटाखे बच्चों के लिए खतरे का कारण बनते हैं। हर साल कई बच्चे चोटिल होते हैं और परिवारों में भय का माहौल बन जाता है। इस नई इन्वेंशन से अब पटाखे दूर से रिमोट कंट्रोल की मदद से जलाए जा सकते हैं, जिससे हाथों में आग या किसी दुर्घटना का खतरा नहीं रहेगा। छात्राओं ने बताया कि इस रिमोट क्रेकर लाइटर को बनाने में लगभग एक माह का समय लगा और इसकी कुल लागत केवल ?3500 आई। इस उपकरण में रिमोट ट्रांसमीटर-रिसीवर, बैटरी और हीटिंग प्लेट का इस्तेमाल किया गया है। यह न केवल बच्चों और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों को भी सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है। आईटीएम गीडा के निदेशक डॉ. एन. के. सिंह ने कहा, ₹छात्राओं का यह नवाचार बच्चों और आम लोगों की सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह दीपावली पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ विज्ञान और तकनीक में उनकी नवाचार क्षमता का प्रमाण है। सीमित संसाधनों में सृजनात्मक सोच और टीमवर्क से बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की जा सकती हैं।

सीताद्वार में सजी राममय आस्था की ज्योति

श्रावस्ती। दीपावली पर्व के पावन अवसर पर विकास खंड इकौना के प्रसिद्ध सीताद्वार मंदिर परिसर में दीपोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पवित्र स्थल को 51000 दीपों की श्रृंखला से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक प्रकाश और राममय आस्था से आलोकित हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणपति एवं सरस्वती वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ह्लभगवान श्रीराम की मयार्दा, भक्ति और संस्कृति का संदेश देने वाला दीपोत्सव आज जनमानस में आत्मिक एकता और सामूहिक सद्भावना का प्रतीक बन चुका है ।ह्व उन्होंने बताया कि अयोध्या की तर्ज पर श्रावस्ती में भी भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिससे आध्यात्मिकता, संस्कृति और पौराणिक गौरव का अनुभव कराया जा सके। कार्यक्रम में बलरामपुर जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम मनोहर तिवारी के पिता जी, पुलिस अधीक्षक बहराइच, उपजिलाधिकारी इकौना पीयूष जायसवाल, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। दीपों की रोशनी में नहाया सीताद्वार परिसर आस्था, उत्साह और अद्भुत सौंदर्य का प्रतीक बन गया।

वैश्विक पटल पर देश की चमक को लेकर प्रमोद और मोना ने की मंगलकामना

प्रतापगढ़ । क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने दीपावली के पर्व को असत्य पर सत्य की विजय का प्रेरणा पर्व कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा है कि दीपावली के पर्व पर हर देशवासी का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र एवं समाज की एकजुटता के संकल्प को मजबूती प्रदान करे। उन्होने कहा कि देश सामूहिक संकल्प शक्ति की ताकत पर वैश्विक पटल पर नेतृत्व के प्रकाश की चमक से सदैव आभामंडित होता रहेगा। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सामूहिक समरसता और सद्भावना के वातावरण को मजबूत बनाते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को सदैव प्रकाशवान बनाए रखना चाहिए। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने जिले तथा प्रदेश व देश के लोगों के सुख समृद्धि एवं वैभव की समृद्धि की भी कामना की है। सांसद एवं विधायक का संयुक्त बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

डीएम- एसपी व सीडीओ ने दी दीपावली शुभकामनाएं

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने विजय, प्रकाश, सद्भाव और समृद्धि के प्रतीक दीपावली पर्व पर समस्त जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह असत्य पर सत्य की विजय और अंधकार पर प्रकाश के उत्सव का पर्व है, जो सभी के जीवन में उल्लास, आनंद, सौहार्द, शांति, और एकता का संदेश देता है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे इस पावन पर्व को संवेदनशीलता, सुरक्षा, और स्वच्छता के साथ मनाएं तथा पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने दीपावली के अवसर पर जनपदवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे, विश्वास, और सदाचार का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि कोई भी व्यक्ति अव्यवस्था या विवाद न उत्पन्न करे। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने कहा कि यह प्रकाशोत्सव सभी के जीवन को ऊर्जा, आशा, आरोग्य, और खुशहाली से आलोकित करे। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि दीपावली के इस अवसर पर सकारात्मकता, सद्भावना और राष्ट्रीय एकता का दीप जलाकर समाज में प्रेम एवं शांति का संदेश फैलाएं।

भारतीय योग संस्थान ने दीपोत्सव धूमधाम से मनाया

गाजियाबाद। भारतीय योग संस्थान की सेंट्रल पार्क शाखा ने 'दीपोत्सव धूमधाम से मनाया' रोशनी के पर्व दीपावली के कार्यक्रम में दीपको तथा पुष्पों से रंगोली भी सजाई गई' कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली प्रांत -2 की संगठन मंत्री रेखा जोशी द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई' संरक्षक सरोज सबरवाल ने ओम की ध्वनि तथा गायत्री मंत्र का उच्चारण कराकर दीपोत्सव कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया' भारतीय योग संस्थान के इस कार्यक्रम में इस बात पर बल दिया गया कि जिस प्रकार मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम बुराई रूपी रावण का वध करके माता सीता और लक्ष्मण जी के साथ अयोध्या आए थे इसी प्रकार भारतीय योग संस्थान भी रोग रूपी बुराई को समाप्त करने के लिए घर-घर योग को पहुंच'कर बीमारियों पर विजय प्राप्त करने के लिए कृत संकल्प हैं । कार्यक्रम में प्रीति राठी ने ईश्वर तुम ही दया करो और कुलदीप ने दुनिया से मैं हारा भजन गाकर उपस्थित जनों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

बृजभूषण शरण सिंह का हुआ भव्य स्वागत

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। पूर्व सांसद, भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता बृज भूषण शरण सिंह रविवार को डुमरियागंज नगर पंचायत के खान मार्केट पहुंचे। उन्होंने एक निजी प्रतिष्ठान पर नगर वासियों से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लोगों ने माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। खान मार्केट में उपस्थित नगर वासियों ने गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। बृज भूषण शरण सिंह ने सभी को दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनका हालचाल जाना।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इस मुलाकात के अवसर पर डुमरियागंज के पीपल्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक कुंवर आनन्द सिंह भी मौजूद रहे। कुंवर आनन्द सिंह ने बृज भूषण शरण सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें मिठाई खिलाई और दीपावली की बधाई दी। कार्यक्रम में सौरभ पाल सिंह, रिंकू, शिवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नगर वासी उपस्थित रहे। सभी ने नेताजी से मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। यह मुलाकात क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही और इसे आगामी त्योहारों से पहले एक सकारात्मक संवाद बताया गया।

संवाद और समझदारी से बिखरते परिवारों में लौटी खुशियां

श्रावस्ती। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के मार्गदर्शन में संचालित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र, श्रावस्ती में शनिवार को आयोजित बैठक में संवाद और समझदारी के माध्यम से 05 परिवारों के बिखरते रिश्तों में फिर से खुशियां लौट आईं। बैठक में परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उ0नि0 शिवशरण गौड़, महिला आरक्षी ऋचा शुक्ला तथा संभ्रांत नागरिक दीनानाथ गुप्ता (भिनगा) ने दोनों पक्षों की बातें ध्यानपूर्वक सुनकर सकारात्मक संवाद कराया। आपसी मतभेदों को सुलझाते हुए पति-पत्नी को पुनः साथ जीवनयापन के लिए प्रेरित किया गया। परिणामस्वरूप परामर्श और विश्वास की भावना से पांचों परिवारों में सौहार्द एवं अपनापन लौट आया। सुलह समझौते के उपरांत दंपतियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नए रिश्ते की शुरूआत की। पुलिस प्रशासन द्वारा इन परिवारों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने का संकल्प लिया गया है, ताकि यह सुलह स्थायी और सशक्त बन सके।

भिलौरी-भिलौरा में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित

सिद्धार्थनगर- खुनियाँव क्षेत्र स्थित ग्राम सभा भिलौरी-भिलौरा में रविवार को महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से 'मिशन शक्ति फेज 5.0' के अंतर्गत बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता अभियान के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी इटवा शुभेंदु सिंह के पर्यवेक्षण में हुआ। इसमें क्षेत्राधिकारी सुश्री रोहिणी यादव और प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उन महिलाओं और बच्चियों को जागरूक करना था जो सामाजिक संकोच या दूरी के कारण थाने तक नहीं पहुँच पाती हैं। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, घरेलू हिंसा से निपटने के तरीके और विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महिलाओं को 'मिशन शक्ति केंद्र' की भूमिका से अवगत कराया गया और कई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें 1090 (वुमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्डलाइन), 108 (एम्बुलेंस), 101 (अग्निशमन), 14567 (एल्डर हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर हेल्पलाइन) शामिल थे। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महिलाओं को विटामिन और कैल्शियम की दवाइयाँ वितरित की गईं।

रंगोली व आर्ट एंड क्रॉफ्ट प्रतियोगिता में दिखा छात्रों का हुनर

गोरखपुर। गोला क्षेत्र के पटौहा गांव स्थित मां सरस्वती देवी शिक्षण संस्थान में रंगोली प्रतियोगिता के साथ आर्ट एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दरवेश कुमार जी क्षेत्राधिकार गोला ने छात्रों के द्वारा बनाए गए कलाकृतियों का निरीक्षण किया तथा पुरस्कार उन्हें पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जो पढ़ाई का समय है, इस दौरान हम अपने शरीर को जितना अधिक कष्ट देंगे। आने वाले समय में हमारा भविष्य उतना ही उज्जवल रहेगा। रंगोली के कार्यक्रम में डू नॉट यूज मोबाइल थीम, सेव प्लैनेट थीम, मिशन सिन्दूर, स्टॉप ग्लोबल वार्मिंग, मिशन शक्ति, शुभ धनतेरस थीम पर छात्राओं ने बहुत सुंदर प्रदर्शन किया। आर्ट में विनीत, मीनाक्षी, सत्यम, आयुष। क्राफ्ट में अमरजीत, आन्वि और रानी। स्टेच्यू मेकिंग मंगलम, शांभवी, आदित्य। दिया मेकिंग में सात्विक, दिव्या, विनय, शिक्षिका आदि छात्रों के कार्यों की सराहना की गई। संचालन शिवम त्रिपाठी, कुलदीप मिश्रा ने किया। को डायरेक्टर प्रवीण दुबे ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा डायरेक्टर आशुतोष दुबे ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश, राजन सिंह, गुड्डू राय, मंटू, मनोज, रामदरश, विवेक , अरुण, राकेश, नेहा रोशनी अंतिमा संगीता आदि लोग उपस्थित रहे।

शोहरतगढ़ शिवपति इंटर कॉलेज में शिक्षक भवन का शिलान्यास

जिला संवाददाता

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर- शिवपति इंटर कॉलेज परिसर में रविवार को शिक्षक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन और शिलान्यास किया गया। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने इस भवन की आधारशिला रखी। यह भवन पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय विश्वनाथ सिंह की स्मृति में विधायक निधि से निर्मित कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य शिक्षकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजन-अर्चन से हुई। इसके बाद विधायक ध्रुव त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमिपूजन कर शिक्षक भवन की आधारशिला रखी। विधायक ध्रुव त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा समाज के विकास की नींव है और शिक्षकों के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि यह भवन शिक्षकों के शैक्षणिक कार्यों और बैठकों के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने स्वर्गीय विश्वनाथ सिंह के शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को भी याद किया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालय के प्रबंधक राजा योगेंद्र प्रताप सिंह ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन शिक्षकों की लंबे समय से चली आ रही जरूरत को पूरा करेगा। प्राचार्य विक्रम प्रसाद यादव ने बताया कि भवन तैयार होने के बाद शिक्षकों की बैठकों, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों में सुविधा होगी। इस कार्यक्रम में रामविलास यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, शिक्षकगण और स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भूमि पूजन के दौरान पूरे परिसर में धार्मिक और उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।

दो घरों में अस्सी हजार नकदी समेत उड़ाए जेवरात, हड़कंप

प्रतापगढ़। बदमाशों ने दीपावली के ठीक पहले दो घरों में अस्सी हजार नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात की चोरी की दुस्साहसिक घटना अंजाम दी है। एक ही रात दो घरों में चोरी की घटना से गांव में रविवार को लोगों में भय का माहौल देखा गया। लालगंज कोतवाली के बीजूमऊ निवासी सुभाष मिश्र पुत्र शंकरलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शनिवार की रात अज्ञात चोर उसके घर में घुस आए। पीड़ित के घर बेटी की शादी को लेकर तैयारी चल रही है। बदमाशों ने आलमारी का ताला तोड़कर पचास हजार रूपए नकद व सोने चांदी के कीमती जेवरात चोरी कर लिए। इसी गांव के पीड़ित रमापति शर्मा पुत्र गजाधर ने तहरीर में कहा है कि शनिवार की रात घर में छत के रास्ते चोर घुस आए। चोरों ने सोने चांदी के जेवरात तथा कपड़े व बर्तन पर हांथ साफ कर दिए। वहीं बदमाशों ने संदूक का ताला तोड़कर तीस हजार रूपए नकद चोरी कर लिए। रविवार की सुबह पीड़ित परिवार के लोगों ने घरों में चोरी का माहौल देखा तब आवाक रह गए। चोरी की घटना को लेकर पीडितों ने रविवार की सुबह कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है घटनाओं की जांच कर शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

छोटी दिवाली पर रोशन हुए दीप

दीपावली को लेकर मंदिरों व बाजारों में बढ़ी चहल - पहल

प्रतापगढ़ । दीपावली के पर्व को लेकर रविवार को भी बाजारों में चहल पहल के साथ खरीदारी का माहौल दिखा। वहीं पौराणिक धाम बाबा घुइसरनाथ समेत मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा के साथ फूलों की सजावट भी श्रद्धालुओं के लिए मनमोहक देखी गयी।

लालगंज के श्री हनुमत निकेतन व हरिहर मंदिरम, इनहन भवानी धाम, तिना चितरी के बूढ़ेश्वर नाथ मंदिरों में रविवार को भी श्रद्धालुओं को छोटी दीवाली पर दीप प्रज्जवलित करते देखा गया। वहीं पौराणिक स्थली घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं ने बाबा का दर्शन पूजन कर छोटी दीवाली पर दीप जलाए। बाबा घुइसरनाथ धाम दीपावली के पर्व पर सामूहिक दीपोत्सव को लेकर भी रविवार की शाम से ही आस्था का माहौल रंगत में देखा गया। आदि गंगा सई आरती को लेकर भी तैयारियों को लेकर समिति के पदाधिकारी मशक्कत में दिखे। घरों में भी छोटी दीवाली पर विद्युत सजावट के साथ दीप जलाए गए। मंदिरों में दीपावली पर सामूहिक सुंदरकाण्ड व हनुमान जी महराज के पूजन अर्चन को लेकर भी तैयारियां तेज दिखीं। बाजारों में पटाखे की दुकानों के साथ मिठाईयों की दुकानों पर भीड़ देर शाम तक देखी गयी। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ आशुतोष मिश्रा तथा लालगंज कोतवाल आलोक कुमार एहतियातन फोर्स के साथ शांति और व्यवस्था को लेकर मशक्कत में दिखे।

धान के खेत में मिला मगरमच्छ, आठ घंटे चला वन विभाग का बचाव अभियान

प्रतापगढ़। लालगंज तहसील क्षेत्र के दुल्लापुर भोजपुर गांव में रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक किसान के धान के खेत में करीब 12 फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई दिया। शनिवार रात ग्रामीणों ने खेत में कुछ चलता देखा तो उन्होंने वन विभाग को सूचना दी थी। सूचना पर टीम ने देर रात क्षेत्र की निगरानी की और रविवार सुबह मगरमच्छ को पकड़ने का अभियान शुरू किया। पानी से भरे खेत में विशालकाय मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में खलबली मच गई। खेत के चारों ओर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही लालगंज वन क्षेत्राधिकारी एस.पी. मिश्रा मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू टीम गठित कर अभियान शुरू कराया। टीम में बनरक्षक दिनेश कुमार, बन दरोगा त्रिभुवन तिवारी, महेंद्र कुमार, अंजनी कुमार यादव, रमेश कुमार मिश्र, महेंद्र कुमार, चंद्रभान तिवारी, अंगद तिवारी, अमरनाथ तिवारी, माली गया प्रसाद और विवेक कुमार शामिल रहे। लगातार करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया गया। रेस्क्यू के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने वन विभाग की मुस्तैदी की सराहना करते हुए कहा कि समय पर कार्रवाई से कोई बड़ा हादसा टल गया। वन क्षेत्राधिकारी एस.पी. मिश्रा ने बताया कि मगरमच्छ पूरी तरह स्वस्थ है। उसे वाहन से सुरक्षित काला कांकर क्षेत्र की गंगा नदी में छोड़ा गया। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में गंगा का जलस्तर घटने और खेतों में पानी भरने से मगरमच्छों का रिहायशी क्षेत्रों की ओर आना बढ़ा है। घटना के बाद गांव में दहशत और जिज्ञासा दोनों का माहौल रहा। बच्चे-बुजुर्ग सभी मगरमच्छ को देखने के लिए खेत की ओर उमड़ पड़े।

लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश

कुप्रशासन

प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील

भ्रष्टाचार

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–

पता:– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647

फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),

Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

संक्षेप

भरत मिलाप देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

गोला, गोरखपुर। छोटी अयोध्या के नाम से सुविख्यात उपनगर गोला में आदर्श रामलीला कमेटी गोला बाजार के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव में कलाकारों राभ-भरत मिलाप का बेहद भावुक मंचन किया। जिसे देख श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। तो वहीं कस्बें में निकलने वाला भरत मिलाप का पारंपरिक जुलूस भगवान की मनोहारी झांकियों से सजा रहा। जो नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र भी रहा। आदर्श रामलीला कमेटी गोला बाजार के तत्वाधान में बिहार प्रांत के समस्तीपुर से आई श्री सत्यनारायण भूषण नाथ आदर्श रामलीला मंडल अवध मिथिला धाम के कलाकारों ने रामलीला महोत्सव में भगवान रामलीला का सुंदर व मनोहारी मंचन किया। गुरूवार को विजयदशमी उत्सव व दशहरा मेला के बाद शुक्रवार को राम-भरत मिलाप व राज्याभिषेक व राजगद्दी कथा का कलाकारों ने बेहद सजीव भावपूर्ण मंचन किया। भगवान राम जब अपने सबसे प्रिय भाई भरत से गले मिले तो दर्शक तालियों से स्वागत करते हुए और भगवान जय श्री राम का नारा लगाया और पूरा मानस मंच सहित मानस मंडप गुंजामान हो उठा। कार्यक्रम में हजारों दर्शकों के बीच भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम भाई भरत के साथ गले से गले मिले गले मिलते ही भगवान राम की आंखें नम हो गई। और कहा कि भरत मिलाप भाईचारा कर्तव्य और वचन पालन के महत्व को दशार्ता है। चरण पादुकाएँ भरत की राम के प्रति निष्ठा और राम के प्रति सम्मान का प्रतीक हैं। कार्यक्रम में उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बांसगांव सर्किल के अध्यक्ष भागीरथी प्रसाद स्वर्णकार, अमरनाथ वर्मा, श्रवण वर्मा, विकास जायसवाल, अनिरुद कसौधन, संजय गुप्ता, विजय कुमार जायसवाल, विशाल वर्मा, मुनिल सिंह, अशोक विश्वकर्मा, विनय अग्रवाल, रामशब्द निषाद सहित भारी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

भगवान की मनोहारी झांकियों से सजा भरत मिलाप जुलूस

गोला, गोरखपुर। रामलीला महोत्सव समापन दिवस पर भरत मिलाप जुलूस के दौरान भगवान की मनोहारी झांकियों को भी सजाया गया था। जो नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र भी रहा। साथ ही झांकी कलाकारों ने मंच से नृत्य के माध्यम से भगवान की कथा की मनमोहक प्रस्तुति दी। जो काफी मनोहारी रहा। राधे-राधे ग्रुप द्वारा भगवान राम, लखन माता सीता व हनुमान जी महाराज तथा राधा-कृष्ण की झांकी सजाई गई थी। इसी तरह रेड ग्रुप द्वारा भगवान शंकर मां पार्वती तथा दुर्गा मंदिर पूजा समिति सराय द्वारा मां काली की झांकी सजाई गई थी। जो आकर्षण का केंद्र रही। भरत मिलाप जुलूस के साथ निकली भगवान की इन झांकियों के दर्शन के लिए नागरिकों का हुजूम उमड़ पड़ा। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने जुलूस व झांकियों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। झांकी कलाकारों ने रामलीला मंच पर भगवान के लीला का नृत्य के माध्यम से बेहद मनमोहक व सुंदर मंचन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन गिरधारीलाल स्वर्णकार व रामलीला कमेटी ने झांकी कलाकारों व कमेटी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

शहीदों की याद में जले दीप, रोशन हुआ मुक्तिपथ श्मशान

- मुक्तिपथ श्मसान घाट पर मनाई गई छोटी दीपावली
- रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

गोरखपुर। काशी में मसाने की होली तो आपने जरूर सुनी होगी, लेकिन शमशान में दिवाली शायद ही कोई सुना होगा। बड़हलगंज के मुक्तिपथ पर नरक चतुर्दशी के अवसर पर शहीदों के याद में हजारों दीपक जलाकर दिवाली मनाई गई। इस अवसर पर मुक्तिपथ स्थित चिता जलाने वाले सभी प्लेटफार्मो, शहीद स्मारक व घाटों पर दीपक जला व आतिशबाजी कर दीपावली मनाई गई।

रविवार की देर शाम मानव काया के अंतिम पड़ाव स्थल बड़हलगंज के मुक्तिपथ पर संस्था अध्यक्ष व विधायक राजेश त्रिपाठी के नेतृत्व और मुक्तिपथ के व्यवस्थापक व चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर की देखरेख में आयोजित श्मशान दिवाली में जनसमूह ने एक दीया शहीदों के नाम पर जलाया। इससे पूर्व श्मशान दिवाली की कड़ी में मुक्तिपथ पर जल रही चिता की आग से दीप जला कर श्मशान दिवाली का शुभारंभ किया गया। मुक्तिपथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि मसाने की होली पूरे देश में फेमस है लेकिन शायद ही कोई श्मशान की दीपावली के बारे मे सुना होगा। लेकिन हम लोगों ने मुक्तिपथ पर अपने पूर्वज, दिव्य आत्माओं, शहीदों, भगवान शिव व यम देव के नाम एक एक दीप जला रहें हैं। इस पूरे मुक्तिपथ परिसर को भव्य तरीके से सजाया गया था। चेयरमैन प्रतिनिधि व मुक्तिपथ व्यवस्थापक महेश उमर, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र, अखण्ड शाही, ओमप्रकाश यादव, प्रशांत शाही, अष्टभुजा सिंह, आलोक तिवारी, चंदन पांडेय, राहुल तिवारी, यतीन्द्र त्रिपाठी, डॉ ए के गुप्ता, डॉ अरुणा अग्रवाल, गंगा सागर शाही, राजीव पांडेय, मुन्ना निषाद, अजय दूबे, संजय जायसवाल, शिवम गुप्ता, आकांक्षा उमर, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दीपावली की पूर्व संध्या पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौर क्षेत्र स्थित मां तरकुलहा देवी स्थान पर दीपावली की पूर्व संध्या पर मां तरकुलहा देवी ट्रस्ट व व्यापार मंडल द्वारा रविवार की देर शाम को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। दीपों की मनोहारी प्रकाश से संपूर्ण मंदिर परिसर आलोकित हो उठा। दीपोत्सव से पूर्व मंदिर परिसर में रंगोली सजाई गई तथा दीपों से उसे अलंकृत किया गया।जिससे संपूर्ण क्षेत्र का दृश्य अत्यंत मनोहारी हो उठा। क्षेत्र की महिलाओं ने भी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।और उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुये एक हजार एक सौ ग्यारह दीप प्रज्ज्वलित किए। बताते चलें कि सायं चार बजे से आरंभ हुए कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर परिसर की सामूहिक सफाई अभियान से हुई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने ह्लजय मां तरकुलहाह्व के गगनभेदी जयघोषों के बीच सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन किया। मां की गगनभेदी जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया था। कार्यक्रम के अन्त में ट्रस्ट एवं व्यापार मंडल द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं जलपान की व्यवस्था की गई। सैकड़ो क्षेत्रीय ग्रामीणों ने इस आयोजन में उत्साह पूर्वक निश्चल मन से भाग लेकर दीपोत्सव की भव्यता को दूना कर दिया। चेरिटेबल ट्रस्ट तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि मां तरकुलहा देवी धाम में प्रति वर्ष दीपावली की पूर्व संध्या पर आयोजित यह दीपोत्सव धार्मिक आस्था, भक्ति एवं सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनारायण सिंह महामंत्री राजेश जायसवाल डॉक्टर दिनेश यदुवंशी हिमाचल साहनी अमरनाथ जायसवाल, मुन्नीलाल चौहान, हरीश राजभर ऋषि साहनी सचिन पासवान, विजय जायसवाल, बबलू पासवान, दयाशंकर पासवान, राजेंद्र शर्मा, दीपक सिंह एवं संतोष गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

धनतेरस पर बर्तन व सर्राफा की दुकानों पर जमकर हुई खरीदारी

ऑटोमोबाइल व इलेक्ट्रानिक दुकान भी ग्राहकों से रहे गुलजार

गोला, गोरखपुर। धनतेरस पर्व पर उपनगर गोला का बाजार गुलजार रहा। लोगों ने बर्तन, सरार्फा, वाहन, लाइट व इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों पर जमकर खरीदारी की। धनतेरस पर्व शनिवार व रविवार दो दिन मनाया गया। के सरार्फा कारोबारी शत्रुध्न कसौधन, मनोज उमर, गिरधारी लाल स्वर्णकार, भागीरथी स्वर्णकार व निलेश व राजा बाबू उमर व सचिन कसौधन ने बताया कि धनतेरस पर सोने से ज्यादा चांदी के सामान बिके। उसमें भी ब्रिटिश काल के चांदी के सिक्कों की सबसे ज्यादा मांग रही। कस्बें के बर्तन दुकानदार अनंजय कसौधन, संतोष कसौधन, केदारनाथ उर्फ पप्पू कसौधन, पवन वर्मा, श्रवण कसौधन, अभिषेक कसौधन, दीनानाथ कसौधन ने बताया कि धनतेरस पर खरीददारी को लेकर लोगों में उत्साह रहा। ग्राहकों की भीड़ दिन के साथ ही रात तक दुकानों पर जमी रही। इस बार फैंसी बर्तनों की लोगों में काफी मांग रही। वहीं मारूति कार एजेंसी समेत दो पहिया हीरो, होण्डा, बजाज, टीवीएस समेत सभी बाइक एवं अन्य ऑटोमोबाइल पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। इलेक्ट्रानिक दुकानदार रविन्द्र बबलू पांडेय, कमलेश कसौधन, विक्की चौरसिया व अंकुर कसौधन ने बताया कि इलेक्ट्रानिक सामानों की खरीद के लिए दिनभर ग्राहक आते-जाते रहे।

धनतेरस पर सजी बर्तन, आभूषण व वाहन की दुकानें, बाजार में उमड़े ग्राहक

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भोपा बाजार, बस स्टेशन, मुण्डेरा बाजार आदि जगहों पर धनतेरस के पावन पर्व पर बर्तनों तथा आभूषणों तथा वाहनों की दुकानें सजायी गई थी। छोटे मोटे बर्तनों की खरीदारी करने के लिए सुबह से ही ग्राहकों की भारी भरकम भीड़ दुकानों पर देखी गई। ग्राहकों की भारी भीड़ तथा दुकानों पर लगाये गये प्रकाश की चकाचौंध से पूरा बाजार की सुन्दरता देखते ही बनती थी। दुकानों पर खरीदारी करने पहुंचे कुछ ग्राहकों ने बताया कि महंगाई पर आस्था भारी पड़ रही है। मंहगाई चरम सीमा पर होते हुए भी लोगों को धनतेरस के पर्व पर बर्तनों आभूषणों तथा वाहनों की खरीदारी करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि धनतेरस के दिन वाहनों आभूषणों तथा बर्तनों आदि की खरीदारी शुभ माना जाता है। वाहनों आभूषणों तथा बर्तनों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी जा रही है।इस पर्व पर जगह-जगह भगवान धन्वंतरि की भी पूजा अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा की गई।और पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

आतिशबाजी बाजार का पूर्व कैबिनेट मंत्री गोप ने किया शुभारम्भ

सुरक्षा व पर्यावरण के प्रति पटाखा एसोसिएशन ने ग्राहकों को किया जागरुक

बाराबंकी। उप्र. आदर्श व्यापार मण्ड़ल के तत्वाधान में पटाखा एसोसिएशन द्वारा बडेल नहर के पास मैदान में आतिशबाजी बाजार का शुभारम्भ पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने फीता काटकर किया। उद्घाटन दौरान व्यापारियो नें पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री गोप को बूके भेटंकर स्वागत किया। इसके उपरान्त पूर्व कैबिनेट मंत्री ने पूरे परिसर में घूमकर पटाखे की दुकानो का भ्रमण कर दुकानदारो को दीपावली पर्व की शुभकामनांए दी।

इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पटाखा व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए दीपावली का पर्व बहुत महत्वपूर्ण होता हैं। इस त्यौहार पर होने वाली खरीदारी से इन सबकी बहुत सी आशाएं जुड़ी होती है। आदर्श व्यापार मण्ड़ल जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता बब्बी ने बताया कि सभी नियमों का पालन करते हुए दीपावली पर आतिशबाजी बाजार लगाया गया है। बाजार को लेकर कड़े नियम बनाए गए हैं। उद्घाटन के दौरान पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, अजय वर्मा बबलू, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, अजय वर्मा, कृष्ण कुमार रावत, संजय निगम, अतुल निगम मौजूद रहे।

एडीजी व एसएसपी ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

गोरखपुर। धनतेरस के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) गोरखपुर मुथा अशोक जैन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने शहर के भीड़भाड़ वाले बाजारों में पैदल गश्त कर सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया।

एडीजी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राज करन नय्यर एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ कोतवाली रोड, रेती चौराहा, लाल दिग्गी चौराहा सहित प्रमुख बाजार क्षेत्रों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। एडीजी ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

शादी का झांसा देकर महिला सिपाही से संबंध

आरोपी युवक हिरासत में, पुलिस मामले की जांच में लगी

इटावा। एक महिला सिपाही को शादी का झांसा देकर संबंध बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि युवक ने आठ साल तक महिला सिपाही को अपने झूठे वादों में फंसाए रखा और पिछले तीन साल से उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा। शादी से इंकार करने पर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र निवासी महिला सिपाही, जो वर्तमान में बाराबंकी जनपद में तैनात है, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2017 में वह एक कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करती थी। उसी कोचिंग सेंटर में थाना बढ़पुरा क्षेत्र के ग्राम उदी निवासी रोहित भी पढ़ता था। पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुई जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। महिला सिपाही के अनुसार, पुलिस सेवा में भर्ती होने के बाद उसने कई बार रोहित से शादी करने की बात की, लेकिन वह हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर बात टाल देता रहा। इसी दौरान वह झूठे वादों के सहारे उसे बहकाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब महिला सिपाही ने उससे शादी के लिए अंतिम बार कहा तो उसने साफ इंकार करते हुए कहा कि उसके परिवार वाले इस रिश्ते को स्वीकार नहीं करेंगे। धोखा मिलने के बाद महिला सिपाही ने फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सीओ सिटी अभय नारायण राय ने बताया कि महिला सिपाही की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की आगे की जांच जारी है।

भाजपा जुबान से स्वदेशी, मन से विदेशी : अखिलेश यादव

अबकी बार डिप्टी सीएम पोस्टर से बाहर

जिला संवाददाता

सैफई, इटावा। दीपावली के त्यौहार पर अपने पैतृक गांव सैफई पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सैफई में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जुबान से स्वदेशी हैं, लेकिन मन से विदेशी। अखिलेश यादव ने नए नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अबकी बार डिप्टी सीएम पोस्टर से बाहर केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देश के उन सभी क्षेत्रों में भी लागू है, जहां पोस्टर लगाए गए थे।

उन्होंने बताया कि किसी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन्हें दक्षिण भारत का पोस्टर भेजा था, वह भी पोस्टर से बाहर है। उन्होंने दीपावली की मौजूदा स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले लोग सोने-चांदी के उपहार देते थे, लेकिन अब एक सिक्का खरीदना भी मुश्किल हो गया है। लोग दीया जलाने में लगे हैं, लेकिन दीया खरीदने की हैसियत नहीं रखते। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे दीया जलाने वाले मुख्यमंत्री को दक्षिण भारत से सीखना चाहिए, क्योंकि वहां बड़ी-बड़ी कंपनियों को निवेश के लिए लाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में निवेश न आने पर उन्होंने सवाल उठाया। उनका कहना था कि सबसे ज्यादा प्रोफेशनल लोग और तेज कार्य क्षमता वाले लोग यूपी में हैं, फिर भी बड़ी कंपनियां यहां नहीं आ रही हैं। इसका कारण भाजपा की नेगेटिव और रूढ़िवादी सोच है। उन्होंने गूगल मैप और इंटरनेट का उदाहरण देते हुए कहा कि निवेशकों को पता लग गया है कि यहां 5 प्रतिशत कमीशन चलता है, इसलिए बड़ी कंपनियां यूपी में नहीं आ रही हैं और निवेश दक्षिण भारत की ओर जा रहा है। अखिलेश यादव ने बिहार चुनाव और स्टार प्रचारक पर भी टिप्पणी की। उनका कहना था कि बिहार सांप्रदायिक लोगों को कभी स्वीकार नहीं करेगा। जो स्टार प्रचारक हैं, वे सफल नहीं होंगे। ये स्टार प्रचारक नहीं, बल्कि विभाजनकारी लोग हैं और बिहार कभी इन्हें स्वीकार नहीं करेगा। सपा मुखिया अखिलेश यादव रविवार कों लखनऊ से सैफई करीब 4.30 बजे पहुंचे और उसके बाद पार्टी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता की। प्रदेश भर से बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता भी सैफई में उनसे मिलने पहुंचे। सोमवार को सुबह 10.00 बजे वह पार्टी कार्यालय पर दीपावली के पर्व पर लोगों से मुलाकात करेंगे और शुभकामनाएं देंगे।

त्यौहार पर वेतन भुगतान न होने से आर्थिक संकट से जूझ रहे मनरेगाकर्मी

पूरेडलई बाराबंकी। कई महीनों से वेतन न मिलने से पूरेडलई ब्लाक में मनरेगा कर्मियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड रहा है। 3 महीने से मानदेय न मिलने के कारण दीवाली त्योहारों के समय कर्मियो को त्यौहार मनाने मे मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है। जहां अन्य विभागों के कर्मचारियों को समय पर वेतन और बोनस मिल रहा है। दूसरी तरफ मनरेगा कर्मियों को मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है। 40 रोजगार सेवक तकनीकी सहायक, 5 एपीओ और अकाउंटेंट ऑपरेटर 1 इन सभी को मलाल है कि धनतेरस के दिन तक एक रूपए का मानदेय नही मिला। इस संबंध में पूरेडलई खंड विकास अधिकारी शिवजीत सिंह ने बताया कि भुगतान के लिए शासन से पैसा रिलीज हुआ था। लेकिन राज्य सरकार ने पैसा रिलीज नहीं किया।

धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव अवार्ड से नवाजे गये रंगमंच कलाकार शरदराज सिंह

बाराबंकी। आवास विकास कॉलोनी निवासी रंगमंच कलाकार एवं फिल्म अभिनेता शरदराज सिंह को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम मे समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव अवार्ड 2025 देकर सम्मानित किया। बताते चले कि बीती 10 अक्टूबर को ओटीटी चैनल पर भोजपुरी फिल्म झोलाछाप रिलीज हुई थी। जिसमे अरशद वारसी के साथ फिल्म भागवत में जनपद के कलाकार श्री सिंह ने अभिनय किया। अब तक तीन दर्जन से अधिक शॉर्ट फिल्म व फीचर फिल्म में अभिनय कर चुके जनपद के कलाकार शरज राज सिंह को अभिनय के क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों को मोबाइल का उपयोग सोच समझकर करें : एसपी क्राइम

इटावा। सेन्टमेरी इंटर कॉलेज के प्रांगण में मार एन्थोनी पाडियाथ मंच पर दीपावली पर्व पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर पधारे मुख्य अतिथि एसपी क्राइम सुबोध गौतम का स्वागत सेन्ट फ्रांसिस हाउस के कैप्टन ओम उत्पल यादव के स्वागत भाषण द्वारा किया गया। मैनेजर फादर बिन्सन, प्रिंसिपल फादर डॉ. शीजू जार्ज, वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन व सिस्टर्स ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सेंटमेरी के छात्रों ने प्रार्थना गीत गाकर दीपावली पर आयोजित सम्मान समारोह की गरिमा बढ़ाई तथा छात्र छात्राओं ने समूहगान और रामायण पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत करके कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए। मुख्य अतिथि ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इंटरमीडिएट में अरनव सिंह 96.2:, वैभव तिवारी 96:, अक्षय प्रताप सिंह 94.4 प्रतिशत व अदिति, कृति सिंह, सृजन केसरवानी, सोना, गरिमा दुबे, आकाश सिंह व कृष्णा मिश्रा को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।विद्यालय में कक्षा 10वीं में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र छात्राओं इल्मा जमाल 97.2:, उन्नति दुबे 96.8, अविका सक्सेना 96.5:, अंशिका चतुवेर्दी 96.2: व स्तुति त्रिपाठी, मानस गुप्ता, युवराज सिंह चैहान, ज्योतिरादित्य, लवी सिंह, अंशिका गुप्ता व काजल यादव को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वृद्धों का आशीर्वाद ही ईश्वर का आशीर्वाद : भाजपा अध्यक्ष

इटावा। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ अन्नू गुप्ता ने दीपावली के उपलक्ष्य में श्रीविष्णु हरिपुरम कॉलोनी मेहरा फाटक में संचालित सरोज वृद्धाश्रम इटावा में रहने वाले विभिन्न वृद्धजनों को वस्त्र वितरण कर उनका आशीर्वाद लिया। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने अपनी पार्टी पदाधिकारियों के साथ वृद्धाश्रम में महिला, पुरुष बुजुर्गों को अंगवस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि, समाज में वृद्धों का आशीर्वाद ही ईश्वर का साक्षात आशीर्वाद भी होता है अतः जब भी आपको मौका मिले इनकी सेवा करते रहना चाहिए। इस आश्रम की शानदार व्यवस्थाएं और बुजुर्गों की देखभाल देखकर मैं बेहद ही प्रभावित हूं यहां रह रहे सभी बुजुर्गों को सभी महत्वपूर्ण जरूरी सुविधाएं संस्था की ओर से निरूशुल्क प्रदान की जा रही है जो कि, बेहद ही प्रशंसनीय है संस्था इस पुनीत कार्य के लिए बधाई की पात्र है उन्होंने आम जनता से भी वृद्धआश्रम को सहयोग करने की बात कही। दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित वस्त्र वितरण कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री प्रशान्त राव चैबे, बीजेपी नेता शीपू चैधरी एडवोकेट, बासु चैधरी, भाजपा नेता अंशुल दुबे, इरशाद उर्फ टिंकू, सुमित जोशी सहित योग प्रशिक्षक डॉ. आशीष त्रिपाठी, डॉ. पीयूष दीक्षित, आश्रम मैनेजर आशीष यादव, औसान सिंह, निशी यादव, केडी यादव, रजनी, पुष्पा, एएनएम अर्चना उपस्थित रहे।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उन्नाव

समस्त जनपदवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें

दीपावली पर जिला स्वास्थ्य समिति उन्नाव का जनपद वासियों के लिए संदेश

1. आयुष्मान योजना के अर्न्तगत 70 वर्ष से अधिक के सभी नागरिक अपना आयुष्मान कार्ड बनवाकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ प्राप्त करें।
2. राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अर्न्तगत संचालित 8-नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ प्राप्त करें।
3. जालीदार दार दरवाजों का प्रयोग करें, जिससे मच्छर मक्खी आदि से बचा जा सके।
4. खुले व कटे फलों का सेवन न करें।
5. एन.बी.सी.पी. कार्यक्रम के अंर्तगत स्कूल जाने वाले बच्चों एवं वृद्धजनों की आंखों की जांच कराकर निःशुल्क चश्मा प्राप्त करें एवं निःशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन करायें।
6. परिवार नियोजन के साधनों को अपनायें और परिवार खुशहाल बनायें।
7. स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंर्तगत उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लें।
8. संचारी रोग कार्यक्रम के अंर्तगत उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लें।

जिला स्वास्थ्य समिति उन्नाव द्वारा जनहित में जारी-

मुख्य चिकित्साधिकारी उन्नाव | जिला अधिकारी उन्नाव।

संक्षेप

रोटावेटर की चपेट में आने से 14 वर्षीय बालक की मौत

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक रविवार को टैक्टर से खेत जोतने के दौरान पैर फिसलने से 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई। परिजनों ने छत विक्षत शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुजई कुण्डा निवासी राजेंद्र वर्मा ने रविवार सुबह सात बजे अपना खेत जोतने के लिए भतीजें प्रदीप को मय ट्रैक्टर रोटावेटर से भेजा जिसके साथ उनका 14 वर्षीय पुत्र बल्लू उर्फ विनय भी चला गया बताया जाता है कि खेत जोतने के दौरान विनय रोटावेटर पर बैठ गया था कि पैर फिसलने के कारण विनय रोटावेटर की चपेट में आने से उसका शव छत विक्षत हो गया। अचानक हुई घटना से परिवार व गांव में हाहाकार मच गया। दोपहर एक बजे तक परिजनों ने विनय का अंतिम संस्कार कर दिया।

सुंदरकांड पाठ और दीपोत्सव का आयोजन

मीरजापुर। लालगंज हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में विशाल भंडारा, सुंदरकांड पाठ व दीपोत्सव का आयोजन हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। हनुमानजी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। सुबह आरती के उपरांत पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ सुंदरकांड पाठ आरंभ हुआ। भजन-कीर्तन के दौरान भक्त भक्ति भाव में लीन नजर आए। दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। खिचड़ी, पूड़ी, सब्जी और हलवे के प्रसाद का वितरण किया गया इस धार्मिक आयोजन में आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजन-अर्चन में शामिल हुए। मंदिर परिसर में श्रद्धा और सौहार्द का अद्भुत दृश्य देखने को मिला शाम होते ही दीपोत्सव की जगमग रोशनी ने पूरे परिसर को स्वर्णिम आभा से भर दिया। बच्चों और युवाओं ने मिलकर मंदिर प्रांगण, द्वार और परिसर को दीपों से सजाया। सामूहिक आरतीके साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम आयोजक मंडल में गणेश मंगल, सुरेश यादव, राजेंद्र सिंह यादव, अनिल भाथू, दिलीप केसरवानी, विजय केसरवानी, सुरेश केसरवानी, सत्यम, बबलू केशरी,मनोज केशरी, पप्पू केशरी, चेतन अग्रहरी, पिंटू केशरी, भूआल, गोपाल जायसवाल,विशाल ,आशू आदि बाजारवासी रहे।

ग्रामीणों ने की छठ घाट की सफाई

दुद्धी,सोनभद्र। स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के टेढ़ा गाँव में आगामी छठ पूजा को देखते हुए रविवार को ग्रामीणों ने कनहर नदी छठ की साफ-सफाई किया। रविवार की सुबह छठ घाट पहुंचे ग्रामीणों ने वरिष्ठ नागरिक पूर्व प्रधान यदुनाथ प्रसाद यादव की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीणों ने सफाई अभियान चलाया गया। इसके आलावा छठ पूजा घाट की स्थिति सहित अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश यादव एडवोकेट ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भव्य छठ पूजा एवं जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। छठ घाट साफ-सफाई के अवसर पर महेश्वर प्रसाद यादव, बृज किशोर यादव, चंद्रमणी यादव, निशांत यादव, श्याम किशोर यादव, अखिलेश, विकास, राजेश, चंदन, संतोष सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

अग्निबाण चलाकर राम ने रावण का किया वध

जिला संवाददाता(vol)

तिकुनिया खीरी। कस्बे में चल रही रामलीला मेले में दीपावली के एक दिन पहले अंतिम दिन राम लीला में राम रावण का भयंकर युद्ध हुआ। लीला देखने के लिए क्षेत्रीय तथा नेपाली नागरिकों की भीड़ उमड पड़ी।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। रविवार को देवी मंदिर पर चल रही रामलीला मेले में अंतिम दिन रावण वध तथा राम को राजगद्दी का मंचन किया गया। युद्ध में भगवान राम आकाश से युद्ध कर रहे रावण का पीछा करते हैं और बाणो की झड़ी लगा देते हैं। भगवान राम रावण के सर को काटते हैं वह दोबारा फिर रावण के जिंदा लग जाता है रावण की इस माया को देखकर आकाश मार्ग से युद्ध को देख रहे देवता गण चिंतित हो जाते हैं कि आखिर भगवान राम द्वारा काटे गए सर दोबारा फिर लग जाते हैं तो क्या रावण का वध नहीं होगा ब्रह्मा जी बताते हैं रावण का वध होगा अभी समय नहीं है जल्दी ही समय आ रहा है इस बीच विभीषण वायु मार्ग से भगवान राम के पास जाकर उनको कान में बताते हैं कि रावण के नाभि में अमृत है इसलिए अग्निबाण चलाकर अमृत को नष्ट करें इस पर भगवान राम रावण को वध करने के लिए अग्निबाण चलते हैं रावण को अग्निबाण लगते ही रावण जय श्री राम कहते हुए धरातल पर गिर जाता है और पुतले में आग लगा दी जाती है। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, शिवकुमार गर्ग, अनुज गुप्ता, अशोक निषाद, शैलेश यादव, महामंत्री अजय गर्ग टीटू, जितेंद्र गुप्ता, शिशिर गुप्ता, सोनू अग्रवाल, जगदीश, उमेश, अनिल कुंबले सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

थाना प्रभारी ने दीपावली त्यौहार को लेकर जांची सुरक्षा व्यवस्था, लिया जायजा

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। नीमगाँव थाना अध्यक्ष आदित्य मौर्य के नेतृत्व में पुलिस ने कस्बे व बाजार में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

दीपावली के पर्व पर खरीदारी और आतिशबाजी के उत्साह के बीच पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक विशेष अभियान शुरू कर लोगो को दीपावली त्यौहार शांति पूर्ण मनने का सन्देश दिया। नीमगांव थाना अध्यक्ष आदित्य मौर्य ने बताया पुलिस टीम द्वारा बाजारो, चौराहा व भीड़ भाड़ वाले स्थान पर नियमित गस्त की जा रही है। नये नये पॉइंट्स समय-समय पर टीमों को रावना किया जा रहा है जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो। इस मौके पर नीमगाँव थाना प्रभारी आदित्य मौर्य,सिकंदराबाद चौकी प्रभारी आशीष सहरावत, हेड कॉ शैलेन्द्र शुक्ला, सुरेश कुमार, मोनू यादव, सोमनाथ मौजूद रहे।

सुरक्षा समीक्षा कार्यशाला का आयोजन

सोनभद्र। एनसीएल मुख्यालय में सुरक्षित कल के लिए खदान सशक्तिकरणह्व थीम के तहत एक विशेष सुरक्षा समीक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य कंपनी के सभी परिचालन क्षेत्रों में सुरक्षा प्रथाओं को मजबूत करते हुए शून्य हानि की संस्कृति को सुदृढ़ बनाना रहा। इस विशेष समीक्षा कार्यशाला को एनसीएल के पूर्व सीएमडी और उच्च-स्तरीय सुरक्षा विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष टी. के. नाग ने बतौर मुख्य वक्ता संबोधित किया। अपने उद्बोधन में, उन्होंने कोयला क्षेत्र की विभिन्न खदानों में उन्नत सुरक्षा रणनीतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर अपने व्यापक अनुभव और मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने सुरक्षा प्रबंधन और नियोजन, दुर्घटना के कारण विश्लेषण और उनकी पहचान, सुरक्षा ऑडिट, और सुरक्षा में डिजिटाइजेशन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला को संबोधित करते हुए, एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम ने कहा कि बढ़ते उत्पादन लक्ष्यों के साथ सुरक्षा एक चुनौती है, जिसे डिजिटाइजेशन और प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने परिचालन उत्कृष्टता बढ़ाने के आलोक में टीम एनसीएल से सर्वोत्तम वैश्विक डिजिटल प्रथाओं को अपनाने का आह्वान किया। अपने उद्बोधन के दौरान सुरक्षा को एक सत्त प्रक्रिया बताते हुए, साईराम ने कोयला परिवहन, संचालन, और भूमि अधिग्रहण में एनसीएल की चल रही डिजिटल पहलों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) सुनील प्रसाद सिंह, निदेशक (तकनीकी/परियोजना और योजना) आशुतोष द्विवेदी, एनसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल, जेसीसी सदस्य, सीएमओएआई सचिव, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, एनसीएल सुरक्षा बोर्ड के सदस्य, और एचओई प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर, महाप्रबंधक (सुरक्षा और बचाव) पी.डी. राठी ने प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ भी दिलाई।

भांजे के प्यार में मामी ने काटी कलाई,लखनऊ रेफर

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात दो बच्चों की मामी ने अपने भांजे के प्यार में पुलिस चौकी में अपनी कलाई काट ली। इस घटना से चौकी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल महिला को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे लखनऊ रेफर किया गया है।

मामला कुतुबनगर पुलिस चैकी क्षेत्र का है। दिल्ली की रहने वाली पूजा मिश्रा का विवाह करीब 9 साल पहले गाजियाबाद निवासी ललित कुमार मिश्रा से हुआ था। उनके दो बच्चे वंश 7 और अंश 6 है। बताया जाता है कि ललित ने अपने काम में मदद के लिए अपने भांजे आलोक मिश्रा निवासी पिसावां को कुछ समय पहले अपने साथ बुलाया था। इसी दौरान पूजा और आलोक के बीच प्रेम संबंध विकसित हो गए। जब पति ललित को इस बात की जानकारी हुई तो उसने आलोक को घर से निकाल दिया। इसके बाद पूजा अपने दोनों बच्चों को छोड़कर आलोक के साथ बरेली चली गई, जहां दोनों करीब सात महीने तक साथ रहे। आलोक वहां ऑटो चलाकर गुजारा करता था। समय बीतने के साथ दोनों के बीच मनमुटाव बढ़ गया और आलोक पूजा को छोड़कर अपने पैतृक गांव मढ़िया (थाना पिसावां, सीतापुर) लौट आया। आलोक के दूर होने के बाद पूजा फिर से उसके संपर्क में आने की कोशिश करने लगी। जब आलोक ने संबंध खत्म करने की बात कही तो पूजा भी सीतापुर पहुंच गई और पुलिस चौकी में दोनों के बीच विवाद सुलझाने के लिए बातचीत बुलाई गई। बताया जाता है कि बातचीत के दौरान जब आलोक ने पूजा से रिश्ता तोड़ने से इंकार किया, तो आक्रोश में आकर पूजा ने अपने पास रखे ब्लेड से अपनी कलाई काट ली। यह देखकर चौकी में मौजूद पुलिसकर्मी और लोग घबरा गए। तुरंत ही उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, महिला की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से नौ वर्षीय मासूम झुलसी

चकरनगर, इटावा। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक गांव की नौ वर्षीय मासूम बुरी तरह झुलस गई। आनन-फानन में स्वजनों के द्वारा निजी अस्पताल चकरनगर लाया गया, जहां से डाक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए सैफई के लिए रेफर कर दिया है। थाना चकरनगर के गांव नौगवां निवासी दीपू सिंह की नौ वर्षीय बेटी तान्या शुक्रवार संध्या काल छत पर खेल रही थी, इसी दौरान समीप से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। स्वजन घायल को कस्बा के निजी अस्पताल ले गए, जहां से डाक्टरों ने सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया है।

सोनपीपर में पारंपरिक कुश्ती दंगल का आयोजन

विधायक अमन गिरि ने पहलवानों का बढ़ाया उत्साह

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विधानसभा गोला क्षेत्र के ग्राम सोनपीपर में रविवार को वर्षों पुरानी परंपरा के अंतर्गत भव्य पारंपरिक कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। ग्रामीण खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं में खेल के प्रति उत्साह जगाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में दूर-दराज के गांवों से नामी पहलवानों ने भाग लिया।

सुबह से ही दंगल स्थल पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं ने अखाड़े में हो रहे मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया। पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों की वाहवाही लूटी। विजयी पहलवानों के जयकारों से पूरा अखाड़ा गूंज उठा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने पारंपरिक अखाड़े का शुभारंभ किया। उन्होंने पहलवानों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक ने कहा कि कुश्ती जैसी खेल विधाएं भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखती हैं, बल्कि अनुशासन, संयम और आत्मविश्वास भी सिखाती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिलता है और युवा नशे व गलत प्रवृत्तियों से दूर रहकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते हैं। विधायक ने युवाओं से शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने विजेता पहलवानों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजकों ने बताया कि यह दंगल ग्राम सोनपीपर की वर्षों पुरानी परंपरा है, जो आज भी ग्रामीणों के उत्साह और आपसी एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में इस आयोजन को और बड़े स्तर पर कराया जाएगा, ताकि प्रतिभाशाली युवाओं को प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिल सके। कार्यक्रम के समापन पर दर्शकों ने विजेता पहलवानों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। दंगल मैदान पर बजते ढोल-नगाड़ों और गूंजते जयकारों के बीच पारंपरिक खेल भावना का उत्सव देर शाम तक चलता रहा।

दंगल में ब्लॉक बिजुआ प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, डॉ. बच्चू सिंह, मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, प्रधान राजेश कुमार गिरी, श्याम गिरी, पहलवान राजेंद्र गिरी, अध्यापक राज कुमार गिरी, राम कुमार मौर्य, मंजीत सिंह, संजय सिंह व सरताज खां सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

गोला की बेटी का राष्ट्रीय टीम में चयन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी बेटी बंधन कश्यप पुत्री राजकुमार कश्यप का चयन उत्तर प्रदेश टीम में 35वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला एवं पुरुष सेपकटकरा चैंपियनशिप के लिए हुआ।

यह प्रतियोगिता 22 से 27 अक्टूबर तक गोवा के मडगांव में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश के लगभग 27 राज्यों की टीमें प्रतिभाग करेंगी।गोला छोटी काशी स्पोर्ट्स सेपकटकरा एसोसिएशन लखीमपुर खीरी के महासचिव एवं पूर्व आईटीबीपी जवान तान सिंह ने बताया कि बंधन कश्यप ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह क्षण लखीमपुर खीरी के खेल इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने योग्य है, क्योंकि पहली बार जिले की किसी बेटी का चयन राष्ट्रीय सेपकटकरा चैंपियनशिप में हुआ है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश टीम में कुल 23 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें गोला देहात के जहांपुर निवासी खेम सिंह को टीम मैनेजर के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि बंधन कश्यप और खेम सिंह दोनों का चयन गोला गोकर्णनाथ और पूरे लखीमपुर जिले के लिए सम्मान की बात है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रेगू, कोर और डबल्स इवेंट में महिला एवं पुरुष दोनों श्रेणियों के मुकाबले खेले जाएंगे। सेपकटकरा खेल की लोकप्रियता हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी है और जिले के युवा इसमें उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। तान सिंह ने बताया कि बीते तीन दशकों में लखीमपुर खीरी के खिलाड़ियों ने सेपकटकरा खेल में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जिले के खिलाड़ी पदक जीतकर लगातार जिले का नाम ऊंचा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंधन कश्यप की यह उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

हार्ट के रोगी ठण्डे पानी से न नहायें: डॉ. नीरज

जौनपुर। हृदय रोग संस्थान कानपुर के प्रख्यात हार्ट सर्जन एवं राजकीय कानपुर मेडिकल कॉलेज के हृदय रोग विभाग में प्रोफेसर डा0 नीरज प्रकाश सिंह ने कहा है कि हार्ट के रोगी ठण्डे पानी से न नहाये और ठण्डे पानी का सेवन भी न करे ऐसा करना उनके लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। उन्होने कहा कि ठण्ड में रात में खाने के बाद बाहर टहलना भी मुसीबत बन सकता है।

रविवार को नगर के एमएस पैरामेडिकल कालेज पालिटेकनिक चैराहा इलाहाबाद रोड पंजाब बैक के बगल में भारत समाज विकास ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क हृदय रोग के जांच शिविर के दौरान बड़ी संख्या में एकत्रित रोगियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने बताया कि यदि हार्ट की पंम्पिग कम रहती है, हार्ट की दीवारे मोटी होती है तो ऐसे लोग एक्सरसाइज न करै। उन्होने बताया कि सांस फूलने पर, मेहनत करने पर सीने में दर्द रहता है तथा परिवार में अन्य को हृदय रोग की समस्या हो ऐसे लोगों के लिस खतरा रहता है वे चिकित्सक की सलाह ले। उन्होने हार्ट रोगियों को संदेश दिया कि वे अपनी दिनचर्या प्राकृतिक रूप से पूरा करे। बचाव के लिए इसके लिए 40 साल की आयु के बाद चेकअप कराते रहना चाहिए। हृदय के मांस पेशियों की बीमारी हो सकती है कमजोरी महसूस होता है, घबराहट की समस्या बढ जाती है। ऐसा प्रायः अनुवाशिक कारणों से होता है यदि पिता अथवा परिवार के अन्य व्यक्ति का अचानक हार्ट फेल हुआ है तो ऐसा होने की संभावना अधिक रहती है। खान पान का ध्यान रखना चाहिए। कम नमक चीनी का प्रयोग करना चाहिए। चिकित्सक की सलाह पर उचित दवाये लेना चाहिए। शूगर और ब्लड प्रेषर नियत्रिंत रखना चाहिए। हार्ट के मरीजों को आनाज के सेवन कम करना चाहिए, तेल और मशाला से परहेज करते हुए फल, सब्जी और सलाद अधिक मात्रा में लेना चाहिए। शिविर में कुल 80 मरीज देखकर और परामर्ष दिया गया। हार्ट सर्जरी में गोल्ड मैडलिस्ट सर्जन ने शिविर में मेडिकल कालेज कानपुर से आपरेशन करा कर ओपेन हार्ट सर्जरी से जुड़े पुराने चार दर्जन से अधिक केस भी देखा। इस अवसर पर निःशुल्क इसीजी ,आवश्यक खून की जांच गयी तथा दवायें वितरित की गयी। ट्रस्ट के पदाधिकारी ने बताया कि यह शिविर हर माह के दूसरे रविवार को निरन्तर लगता रहेगा।

मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

लखीमपुर खीरी। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना कोतवाली सदर की महिला शक्ति टीम द्वारा लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर, महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में थाना कोतवाली सदर की महिला शक्ति टीम द्वारा अभियान चलाकर, महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

मौरंग लदे दो डंपर सीज

जसवंतनगर, इटावा। अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के तहत पुलिस प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। बलरई थाना प्रभारी ट्रेनी सीओ अभय कुमार वर्मा ने रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी के समीप अवैध मौरंग से लदे दो डंपर पकड़े जो बिना नंबर प्लेट के भी हाइवे पर फरार्टा भर रहे थे यदि विभागीय अधिकारी लगातार कार्यवाही करें तो विना नंबर प्लेट के दौड़ने वाले डंफरो पर रोक लगाई जा सकती है पूछताछ के दौरान चालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद दोनों डंपरों को सीज कर जसवंतनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। खनन अधिकारी अरुण सिंह की मौजूदगी में कार्रवाई पूरी की गई और दोनों वाहनों पर डेढ़ लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया वहीँ खनन अधिकारी का कहना है जो भी जानकारी लेनी है पुलिस से लो मुझे कोई भी पत्रकार फोन नहीं करे। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट आरटीओ इटावा को भी भेज दी है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन या बिना परमिट खनिज ढोने वाले वाहनों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

छोटी दीपावली पर सजी रौनक, दीपमालाओं से जगमगाये घर-आंगन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को छोटी दीपावली का पर्व उल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों ने घरों की साफ-सफाई में जुटकर दीपोत्सव की तैयारियां शुरू कर दीं। महिलाओं ने घर-आंगन को रंगोली और दीपों से सजाया। दुकानों और गलियों को झालरों से सजाकर दीपमालाओं की मनमोहक छटा बिखेरी गई। बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। दीये, मोमबत्तियां, मिठाइयां, खिलौने, सजावटी सामान और पटाखों की दुकानों पर दिनभर रौनक रही। मिठाई की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। स्थानीय व्यवसायियों के चेहरों पर भी उत्साह झलकता रहा। सांझ ढलते ही नगर का हर कोना दीपमालाओं की झिलमिलाहट से जगमगा उठा। लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण व माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों ने आतिशबाजी कर त्योहार का आनंद लिया। नगर के प्रमुख मंदिरों में विशेष आरती व दीप प्रज्ज्वलन किया गया। गोला के लक्ष्मीनारायण मंदिर, अन्य देवी-देवता स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने तेल के दीपक जलाकर पूजन कर परिवार की मंगलकामना की। नगर पालिका प्रशासन ने सड़कों की सफाई व प्रकाश व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए थे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।

मुन्नूगंज में युवक से मारपीट जातिसूचक शब्दों का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज में रविवार की शाम एक युवक के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मुन्नूगंज निवासी सौरभ पुत्र राजाराम ने बताया कि वह रविवार शाम अपने घर के बाहर दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान मोहल्ले के ही अभिषेक सक्सेना वहां आ पहुंचा और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे घर के अंदर घसीट लिया और लात-घूंसों व बेल्ट से पिटाई कर दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उस समय नशे की हालत में था और उसने जान से मारने की धमकी भी दी। परिजनों ने किसी तरह बीच-बचाव कर सौरभ को छुड़ाया। घटना के बाद पीड़ित सीधे कोतवाली पहुंचा और लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

डीएम ने जनपद वासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दीपों के पावन पर्व दीपावली के अवसर पर जनपद के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। आइए, हम सब मिलकर अपने घर-आँगन ही नहीं, दिलों में भी अच्छाई, सौहार्द और संवेदना के दीप जलाएं। यह पर्व हम सभी को प्रेरित करता है कि समाज के हर वर्ग तक खुशियों का प्रकाश पहुंचे। प्रशासन का प्रयास है कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।दीपावली का यह प्रकाश हर घर में खुशियों और हर दिल में विश्वास का दीप जलाए। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि पटाखों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें और छोटे बच्चों को इससे दूर रखें, ताकि यह पर्व खुशियों, सुरक्षा और सद्भाव के वातावरण में मनाया जा सके।

बच्चों में मिष्ठान वितरण कर सीओ ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

दुद्धी,सोनभद्र। प्रकाश पर्व दीपावली पर उपहारों का दौर जारी हैं और हर कोई इस दीपावली को खास बनाने जुटे हुए हैं। इसी क्रम में रविवार को छोटी दीपवाली के अवसर पर जब खजुरी स्थित मुशहर बस्ती के गरीब परिवारों के बीच दुद्धी सीओ राजेश कुमार राय पहुंचे तो मुशहर परिवारों का खुशी का ठिकाना न रहा हैं। सीओ राजेश कुमार राय करीब 3 बजे मुशहर बस्ती बच्चों के बीच पहुंचे और बच्चों को मिठाई, अन्न तथा कुछ कपड़े भी उपहार स्वरूप बांटे और दीपवाली की शुभकामनाएं दी। दुद्धी सीओ के हाथों मिठाई आदि पाकर मुशहर परिवारों का खुशी का ठिकाना न रहा। दुद्धी सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि दीपावली के मौके पर गरीब परिवारों के बीच जाकर दीपावली मनाने की मंशा पहले से बनाई गई थी और आज इन गरीब परिवारों के बीच दीपावली मनाने का लम्हा हमेशा याद रहेगा।

ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

आजमगढ़। जनपद के जहानागंज थाना क्षेत्र के सेमा गांव के समीप रविवार को एक अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ बैठी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मुलायम राम (20 वर्ष) पुत्र शिवलाल राम निवासी भोपतपुर थाना जहानागंज के रूप में हुई है। वह बाइक से कहीं जा रहा था कि तभी एक अज्ञात ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार प्रीति (17 वर्ष) पुत्री रामबली निवासी रहमतनगर थाना कोतवाली घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची जहानागंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया है तथा घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर की तलाश शुरू कर दी है।

भावी पीढ़ी से संवाद का मकसद नई दिशा दिखाना

जौनपुर। मछली शहर के श्री गणेश विद्यापीठ इंटर कॉलेज भन्नौर और तेज बहादुर सिंह इंटर कॉलेज निगोह में पहुंच कर विधायक डा0 रागिनी सोनकर ने निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। छात्र छात्राओं से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। देश की इस भावी पीढ़ी से संवाद बेहद शानदार और ऊर्जा से भर देने वाला रहा। उन्होंने कहा कि बच्चों से संवाद का मतलब उन्हें देश और भविष्य के लिए तैयार करना साथ ही उन्हें नई दिशा दिखाना कि वह आगे चलकर शिक्षा के क्षेत्र में कैसे अपने मनपसंद विषय का चयन करें। विधायक मछली शहर डॉक्टर रागिनी सोनकर इन दिनों लगातार मछलीशहर के प्राथमिक जूनियर हाई स्कूल से लेकर इंटर कॉलेज में जा रही है। वहां की व्यवस्था देखने के साथ-साथ जो कमियां है उसके लिए शासन को पत्र भी लिख रही है उनका मानना है कि यही बच्चे देश के भविष्य हैं प्रदेश के विकास का रास्ता गांव से ही निकलता है इसलिए गांव के बच्चों को इसलिए गांव के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर रही हूं कि वह मन लगाकर ईमानदारी से शिक्षा ग्रहण करें और देश और प्रदेश के विकास में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में सेवा भाव के लिए आई हूं जब तक राजनीति में रहूंगी तब तक जनता से जुड़कर उनके विकास के बारे में चिंता करूंगी। इसी मकसद से अपने आवास पर शनिवार और रविवार को जन संवाद कर पीड़ित लोगों की समस्याओं का संबंधित अधिकारियों से बात करके समाधान कर रही हूं।

एफएसओ ने आतिशबाजी दुकानों का निरीक्षण किया

इटावा। दिवाली के अवसर पर शहर के नुमाइश मैदान में आतिशबाजी की 60 अस्थायी दुकानें स्थापित की गई हैं। फायर सेफ्टी ऑफिसर एफएसओ आशीष माहौर ने बताया कि जनपद में आतिशबाजी की बिक्री के लिए निर्धारित स्थान पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई है। हालांकि मौके पर निरीक्षण के दौरान अग्निशमन की तैयारियां अधूरी दिखीं। कई दुकानों पर बाल्टियों में पानी तक नहीं था, और रेत या अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था भी कमजोर पाई गई। जब दुकानदारों से पूछा गया कि वे आतिशबाजी की कितनी मात्रा तक रख सकते हैं, तो अधिकांश दुकानदार और यहां तक कि कुछ अधिकारी भी सटीक जानकारी नहीं दे सके। एफएसओ आशीष माहौर ने कहा कि सभी दुकानदारों को सुरक्षा के दिशा-निर्देश दिए गए हैं और नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि आतिशबाजी का उपयोग सावधानीपूर्वक करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर विभाग को सूचित करें।

संक्षेप

नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोप गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर पर बीते 18 अक्टूबर 2025 को एक महिला द्वारा नामजद लोगों के विरूद्ध अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। उक्त के सम्बन्ध में पाक्सो एक्ट पंजीकृत कर क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में रविवार को प्रभारी निरीक्षक बालमुकुन्द मिश्रा मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर राजकुमार पुत्र रामहित निवासी राजापुर परसिया थाना मड़िहान को गिरफ्तार कर नियमानुसार जेल भेजा गया।

13 जुआरी गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। रविवार को थाना राजगढ़ पुलिस टीम द्वारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम लूसा में खेत में बने कमरे में दबिश देकर जीत-हार की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 13 जुआरियों में क्रमशः श्याम सिंह पुत्र विजय सिंह, राम प्रसाद सिंह पुत्र विजय सिंह, रामबली पुत्र फूलचन्द्र, मनोज पुत्र कैलाश, विकास सिंह पुत्र कृष्ण कुमार सिंह, बच्चालाल पुत्र सुखदेव प्रसाद, सूर्यप्रकाश पुत्र राम सिंह, आनन्द पुत्र मधुरन, राहुल पुत्र राकेश, रविशंकर सिंह पुत्र बेजनाथ सिंह, राकेश कुमार सिंह पुत्र हौशला सिंह, जितेन्द्र पुत्र छोटेलाल व गुड्डू पुत्र राजेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। मौके से मालफड़ से 52,500 रुपये, जामा तलाशी से 11,450 रुपया (कुल 63,950 रुपया), ताश के 52 पत्ते, 08 मोटर साइकिल व 1 बोलेरो बरामद किया गया।

पटाखे जलाने के दौरान युवक झुलसा

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के ड्रमंडगंज कस्बा में रविवार सुबह दस बजे के करीब पटाखा जलाने के दौरान युवक झुलस गया। परिजन उपचार हेतु मीरजापुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां युवक का उपचार किया जा रहा है ड्रमंडगंज निवासी 19 वर्षीय शिवम शर्मा घर के सामने पटाखा जला रहा था कि अचानक तेज धमाके से पटाखा बोल गया पटाखा की चपेट में आने से युवक का चेहरा बुरी तरह से झुलस गया। आनन-फानन में परिजन उपचार हेतु मीरजापुर स्थित सीटी हास्पिटल ले गए जहां युवक का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य बताई जा रही है।

शांति और सौहार्द के साथ मनायें त्यौहार

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने सभी जनपदवासियों को आरोग्य, समृद्धि, यश, वैभव, के पर्व दिवाली सहित सभी आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए त्यौहार को उल्लास, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्रीजी के दूरदर्शी नेतृत्व में 2047 में देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया गया है, माव मुख्यमंत्रीजी द्वारा प्रदेश को विकसित बनाने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है, जिसके क्रम में सभी लोगों से समर्थ पोर्टल पर सुझाव आमंत्रित किया जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सामूहिक प्रयास से सब कुछ संभव है, दीपावली के शुभ अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि समर्थ पोर्टल पर सकारात्मक और गुणवत्तापूर्ण सुझाव देने में अपने जनपद को शीर्ष पर ले जाने में अपना योगदान देंगे।

मतदाता सूची त्रुटिरहित होनी चाहिए

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण-2025 की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में बीएलओ द्वारा किए गए गणना एवं सर्वे के कार्य की स्थिति, ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों के निस्तारण की स्थिति, डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन की कार्यवाही, मतदेय स्थलों की रेशनलाइजेशन की कार्यवाही आदि के संदर्भ में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि सत्यापन संबंधी कार्यवाही ससमय पूर्ण लिया जाए तथा मतदाता सूची त्रुटिरहित होनी चाहिए, मतदाता डुप्लीकेशन नहीं होना चाहिए। अपर जिलाधिकारी वि0 प्रा0 राम अक्षयवर चौहान सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डीएम ने दीपावली पर्व की जनपदवासियों को दी शुभकामनाएं

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी बद्री नाथ सिंह ने जनपदवासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनायें देते हुये उनके स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं खुशहाल भविष्य की कामना किया है।

उन्होने दीपों के पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर मनाने की अपील की है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया है कि वह पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये पटाखों का कम से कम प्रयोग करें, पटाखे जलाते समय बच्चों के साथ बड़े अवश्य रहें, कम आवाज वाले पटाखे ही जलाएं ताकि आस-पास कहीं प्रदूषण न फैले, खासकर चिकित्सालयों, बीमार व्यक्तियों के आस-पास पटाखे जलाने से परहेज करें। उन्होने यह भी अपील किया है कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिये जरूरी है कि ग्रीन पटाखें जलाये जाये। पटाखों के कारण होने वाले वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य समस्या की सम्भावनायें बनी रहती है, वायु प्रदूषण से बच्चों, बुजुर्गो और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों का आवाहन करते हुये कहा है कि दीपावली के पावन पर्व पर असहाय, गरीब व्यक्तियों के बीच जाकर उनमें त्योहार की खुशियां बांटने का काम करें। जिलाधिकारी ने अपने बधाई संदेश में सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकमानाएं देते हुये जनपदवासियों से यह भी आवाहन किया कि अपने को सुरक्षित रखकर दीपावली के पर्व को परम्परागत ढंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनायें।

वृद्धाश्रम में मिष्ठान के साथ दीपावली उपहार वितरित

सोनभद्र। जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर लोढ़ी स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्ध माताओं व बुजर्गो के साथ दीपावली का पर्व मनाया गया। इस दौरान उनके द्वारा वृद्धों, विधवाओं को मिष्ठान, दीप, मोमबत्ती, फल-फूल, स्वेटर व शाल उपहार इत्यादि वितरित कर जिलाधिकारी द्वारा उनसे संवाद करते हुए कुशल क्षेम पूछे व उनके बारे में जानकारी ली गयी और खुशियां बांटते हुए दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी गयी। उन्होंने कहा कि पारिवारिक परिस्थितियों के कारण कई बुजुर्ग अपने परिवार से अलग इस वृद्धाश्रम में रह रहे हैं। ऐसे बुजुर्गों की देखभाल करना हम सब का दायित्व है ताकि वे बेहतर ढंग से जीवन व्यतीत करते हुए खुश रहे। इसके अतिरिक्त जनपद वासियों को दिपावाली की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी, उन्होने कहा कि वृद्धा आश्रम में रह रहें बुजूर्ग व वृद्ध माताओं को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये उन्हें हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी जायें। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के रह रहे जो बुजुर्ग जिनके साथ कोई नहीं रहता उनके साथ मिलकर दीपावली की खुशीयां मनाये। इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशू शेखर शर्मा, अपर सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, वृद्धा आश्रम संचालक भी उपस्थित रहे।

जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त व समयबद्ध निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील मार्टीनगंज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 88 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त आये। प्रार्थना पत्र में राजस्व विभाग के 62, विकास के 9, पुलिस के 7 एवं अन्य विभाग के 10 प्रकरण शामिल है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि पैमाइश से संबंधित विवादों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर अवैध कब्जादारों को हटाते हुए पैमाइश की प्रक्रिया पूरी की जाए। इसके बाद भी यदि दबंगों द्वारा पैमाइश नही करने दिया जाता है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा फर्जी कागजात के बदौलत किसी गरीब की जमीन कब्जा या बेच दिया जाता है तो उसमें जांच करने के उपरान्त दोषी पाये जाने पर संबंधित व्यक्ति के ऊपर भू माफिया का मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही की जायेगी। उन्होने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं समस्त लेखपाल/राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप जमीन से संबंधित विवादों का स्थाई निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मार्टीनगंज, तहसीलदार मार्टीनगंज, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्ट्रगल फाउंडेशन ने गरीबों में बांटी दीवाली की सामग्री और मिठाई

आजमगढ़। दिवाली पर्व को लेकर हर कोई उत्साहित है। हर्ष और उल्लास के पर्व दीपावली पर कोई घरों को सजाने में जुटा है तो कोई खरीददारी में व्यस्त है।

वहीं दूसरी ओर आज भी कुछ लोगों ऐसे है, जो त्यौहार मनाना तो चाहते है, लेकिन मना नहीं पाते है, वजह है संसाधनों की कमी और आर्थिक रूप से निर्धनता। ऐसे में सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक से सरोकार रखने वाली स्ट्रगल फाउंडेशन संस्था ने गरीब और असहाय सहित बस्तियों में रहने वाले बच्चों में दिवाली की सामग्री व मिठाई वितरित किया। इसी के साथ बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण आदि पर जागरूक किया।

संस्था के अध्यक्ष पंकज शर्मा व सचिव अभिषेक मौर्य ने बताया कि जिले के तमाम रिक्शा एवं ई रिक्शा चालक, लेवर वर्ग के लोग और असहाय बस्ती में बच्चों के बीच खुशियां बांटी गई। जिसमें समाजसेवी विवेक पांडेय व सामाजिक कार्यकर्ता अमित मेहता, प्रियांशु यादव, आदर्श मिश्रा, घनश्याम गुप्ता, रवि पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

कांशीराम आवास परिसर में बच्चों को दीया और मिठाई वितरित

सोनभद्र। दीपावली की पूर्व संध्या पर राबर्ट्सगंज नगर स्थित कांशीराम आवास परिसर में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चैबे ने बच्चों में मिट्टी के दीये और मिठाई वितरित कर दीपोत्सव की खुशियाँ साझा किया। इस दौरान पूरे परिसर में उत्सव का माहौल रहा। बच्चे दीये पाकर बेहद उत्साहित नजर आए और उन्होंने जय श्रीराम व भारत माता की जय के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर श्री चैबे ने कहा कि दीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने का प्रतीक है। कहा कि दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्चे अर्थों में दीपावली मनाने का तरीका है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग न केवल हमारी परंपरा को सशक्त करता है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और कारीगरों को भी मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि इस दीपावली पर स्थानीय कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीये जलाएँ, प्लास्टिक या चीन निर्मित वस्तुओं का बहिष्कार करें और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि जब हम स्वदेशी को अपनाते हैं, तो आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी साकार करते हैं। कार्यक्रम के अंत में देश की समृद्धि, शांति व आपसी सद्भाव की कामना की। इस अवसर पर भाजपा चूर्क मण्डल अध्यक्ष दिलीप चौबे, विनय पाठक, वरुण त्रिपाठी, विजय पटेल, सौरभ, अनुपम आदि उपस्थित रहे।

श्रद्धा से मनायी गयी हनुमान जयन्ती

जौनपुर। वातात्मजं वानरयूथमुख्यम श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये ।। अर्थात मैं उस हनुमान की शरण लेता हूँ, जो मन की गति से भी तेज हैं, वायु के समान वेगवान हैं, इंद्रियों को जीतने वाले, बुद्धिमानों में श्रेष्ठ हैं, वायु के पुत्र हैं, वानरों के नायक हैं, और श्रीराम के दूत हैं। हनुमान जयन्ती के अवसर पर रविवार को भक्तों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की, लंबी कतारों में खड़े होकर भजन-कीर्तन किया और हनुमान चालीसा व सुंदरकांड जैसे धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

नगर के बड़े अनुमान जी, कोतवाली चौराहा, बीआरपी कालेज, टीडी कालेज सहित समस्त हनुमान मन्दिरों मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों ने मंदिरों में जाकर हनुमान जी की पूजा-अर्चना की और लंबी कतारों में खड़े होकर प्रार्थना की। इस मौके पर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड जैसे ग्रंथों का पाठ किया गया और मंदिरों में भजन संध्या व राम कथा जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए। कई स्थानों पर अखंड रामायण पाठ की शुरूआत की गई। भंडारे और प्रसाद वितरणरू भक्तों के लिए सामूहिक भोज और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। हनुमान जयंती को शुद्ध भक्ति, असीम शक्ति और दृढ़ संकल्प के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। भक्तों ने बल, बुद्धि और विजय के लिए हनुमान जी से प्रार्थना की। इस दिन को परिवार और दोस्तों के साथ जुड़ने और भक्ति को बढ़ाने का अवसर माना जाता है।

पटाखों की दुकानों पर उमड़ी भारी भीड़

जिला संवाददाता

जौनपुर। जिलें में दीपावली पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र की बाजारों में दुकानें सज गई हैं। त्योहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में बर्तन, मूर्तियां, कैलेंडर, दीये, लाई-गट्टे, चीनी मिठाई और पटाखों की दुकानें सजी हैं। महंगाई के बावजूद लोग बढ़-चढ़कर खरीदारी कर रहे हैं।

विशेषकर पटाखों की दुकानों पर युवाओं की भीड़ अधिक है। लोग लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाओं के साथ बर्तनों की भी खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार, महंगाई के बावजूद दीपोत्सव का उत्साह बरकरार है। कुम्हारों को भी इस त्योहार से काफी लाभ होता है, क्योंकि उनके बनाए दीये, कोसा और घंटियां बड़ी मात्रा में बिक रहे हैं। दीपावली के मौके पर आतिशबाजी की खूब बिक्री हुई, जिससे दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। त्योहार के नजदीक आते ही दुकानदारों में उत्साह था और ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। बिक्री में वृद्धि से दुकानदारों को मुनाफा हुआ और पूरे शहर में दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। दीपावली पर आतिशबाजी की जमकर खरीदारी की गई। जिसमें चकिया, सिरगेट, मुर्गा छाप, फुलझड़ी, राकेट, बुलेट बम की जमकर खरीदारी की। जिससे दुकानदारों के चेहरे खिल गए। अबकी बार आतिशबाजी से दुकानदारों को मोटा मुनाफा होने का अनुमान है। दीपावली का त्योहार आतिशबाजी के लिए जाना जाता है। अगर बिना आतिशबाजी के त्योहार अधूरा रहता है। बच्चे भी त्योहार को लेकर करीब महीनेभर से उत्साहित थे। लिहाजा त्योहार को भुनाने के लिए पहले ही बड़ी तादात में आतिशबाजी का अपने गोदामों पर स्टाक कर लिया था। जिसमें दुकानदारों ने निर्धारित स्थानों पर ही आतिशबाजी की दुकानें लगा रखी है। दुकानदारों ने तेज धमाकेदार महंगे बम अपनी दुकानों पर रखे हैं। इनमें राकेट, चकिया, बुलेट बम, चक्कर, सुतली बम, मुर्गा छाप के बम बड़ी तादात में बिक्री के लिए उतारे हैं। इसमें 50 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक के राकेट, चकिया बिक रही रही है। जबकि फुलझड़ी के डिब्बे की कीमत भी 50 रुपये से 300 रुपये प्रति डिब्बा बिक रहा है।

रंगोली बनाकर किया प्रतिभा का प्रदर्शन

जौनपुर। सिकरारा क्षेत्र के माता प्रसाद आदर्श शिक्षण संस्थान भभौरी में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में छात्रो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रो ने ऑपरेशन सिंदूर ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,एवं स्वक्षता पर आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 सुनीता गुप्ता अध्यक्ष बी0एड0 विभाग राज कॉलेज जौनपुर ,ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रतियोगिता से छात्र छात्राओं में कौसल का विकास होता है छात्र कुछ नया सीखते है,विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 सुधा सिंह अध्यक्ष हिंदी विभाग राज कॉलेज जौनपुर ने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता से बच्चो के अन्दर का हुनर प्रदर्शित होता है। आये हुए अतिथियों ने रंगोली में प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया। शिक्षण संस्थान के प्रबंधक प्रो0 समर बहादुर सिंह ने आये हुए अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया ,शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर डॉ0 तिलक राज सिंह ने आये हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 विपिन कुमार सिंह प्रधानाचार्य जनता इण्टर कॉलेज दुदौली ने किया एवं संचालन शिव प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ0 सीमा सिंह प्राचार्य ,विजय प्रताप सिंह प्रधानाचार्य,डॉ0 आनन्द सिंह,डॉ0 नीतू सिंह,डॉ0 प्रियंका सिंह, मधुबाला मिश्रा, प्रशान्त सिंह, सकील अहमद, प्रवीण मिश्र, सुरेन्द्र यादव, वीरेंद्र सिंह, कंचनलता सिंह, पुष्पा विश्वकर्मा ,राजेश सिंह, आदि उपस्थित रहे।

विद्यालय में फंदे से लटकता मिला प्रधानाचार्य का शव

आजमगढ़। जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र में स्थित श्री किशुन प्रसाद स्मारक पूर्व माध्यमिक विद्यालय डिंगुरपुर में शनिवार शाम को एक चौकाने वाली घटना सामने आई। विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह (55 वर्ष) का शव स्कूल के एक कमरे में फंदे से लटकता पाया गया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोग स्तब्ध रह गए। सूचना मिलते ही कप्तानगंज पुलिस और फॉरेंसिक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। बताया जाता है कि भानु प्रताप सिंह शनिवार को रोजाना की तरह विद्यालय गए थे। देर शाम तक घर न लौटने पर उनकी पत्नी ने फोन करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क न होने पर उनके बेटे अजय सिंह को विद्यालय भेजा गया। अजय ने वहां पहुंचकर अपने पिता का शव फंदे से लटकता देखा, जिसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

नाबालिग के साथ छेड़खानी व मारपीट में तीन बाल अपचारी गिरफ्तार

मीरजापुर। नाबालिग बेटी के साथ छेड़खानी व मारपीट करने के मामले में मड़िहान पुलिस ने तीन बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि पीड़िता की मां ने 18 अक्टूबर को थाना मड़िहान पर मामला पंजीकृत कराया था जिसके बाद सुरागरसी-पतारसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में रविवार को उपनिरीक्षक राम आशीष यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 3 बाल अपचारी को हिरासत में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए बाल सुधार गृह भेजा गया।

आपसी सद्भाव, प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करने का पर्व है दीपावली

मीरजापुर। दीपावली के पावन अवसर पर आयुक्त विंध्याचल मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी ने दीपावली के शुभ अवसर पर मण्डल वासियों को शुभकामनाएं व बधाई दी। मंडलायुक्त ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीपावली त्योहार रोशनी का प्रतीक ही नहीं है, बल्कि आपसी सद्भाव, प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला त्योहार है। सभी लोग इसे अपने परिजनों के साथ खुशियों के साथ मनाएं। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बैठक अधिकारियों, कर्मचारियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं व बधाई दी। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को बधाई संदेश में कहा कि दीपावली पर्व एक-दूसरे के प्रति स्नेह और सहयोग की भावना को बढ़ाने का त्योहार है इस अवसर पर हम सभी अपने परिवार और सहयोगियों के साथ मिलकर खुशियां बांटें और अपने चारों ओर सकारात्मक ऊर्जा फैलायें। उन्होंने कहा कि बच्चों को पटाखों से दूर रखें अथवा अपनी निगरानी में पटाखों को छुड़ायें, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाएं।

गैस सिलेंडर पर भोजन बनाते समय लगी आग

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में रविवार की सुबह कास्मेटिक की दुकान के पीछे गैस सिलेंडर पर भोजन बनाते समय पाइप लीकेज होने से दुकान में आग लग गयी। आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुचे ग्रामीणों ने बाल्टी डिब्बा से आग बुझाया लेकिन तब तक सारा सामान जल कर नष्ट हो गया। आग लगने से एक छोटा बच्चा सहित सात लोग झुलस गये ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया जहाँ एक महिला को चिकित्सक ने रेफर कर दिया अन्य का उपचार चल रहा है। भटवारी गांव में राजेश मौर्य की कॉस्मेटिक दुकान है घर के पीछे कमरे गैस सिलेंडर पर पत्नी अनीता खाना बना रही थी कि इसी दौरान पाइप लीकेज हो गया और कपड़ों से आग दुकान में फैल गई जिससे दुकान में रखा सारा सामान जल गया। राजेश के पिता मन्नालाल मौर्य ने थाने में तहरीर में कहा है कि खाना बनाते समय सेलेंडर का पाइप लीकेज होने से घर में रखा दुकान में लगभग लाखों रुपए का कॉस्मेटिक सामान, जूता, चप्पल ,चूड़ी, कपड़ा, साबुन, तेल आदि जलकर नष्ट हो गया वही राजेश व पत्नी अनीता आंचल,अंशिका, आरती, आंशी तथा सूराजा उर्फ नचकायी आग की लपट से झुलस गए। वहीं 4 वर्षीय आशी को बचाने में उसकी मां अनीता लगभग 40% आग की लपेट में झुलस गई। ग्रामीणों के मदद से आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य लेगए। झुलसी अनीता को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। अन्य का उपचार चल रहा है। इस संबंध में चिकित्सक रविराज ने बताया कि आग से 40 प्रतिशत झुलसी महिला अनीता का प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिजार्पुर के लिए रेफर किया गया है।

एक लाख 19 हजार शीशियां कफ सिरप बरामद, तीन गिरफ्तार

सोनभद्र। सदर कोतवाली पुलिस ने दो कंटेनरों से प्रतिबंधित कफ सिरप की खेप बरामद करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार की है। वाहन सवार तीनों आरोपी गाजियाबाद से नमकीन और चिप्स के कार्टून के बीच में प्रतिबंधित कफ सिरप छिपाकर सोनभद्र होते हुए झारखंड जा रहे थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार तीनों आरोपियों की पहचान हेमन्त पाल पुत्र रामहेत पाल निवासी 718क, वार्ड नंबर 16 शिवपुरी थाना कोतवाली जनपद शिवपुरी (म.प्र.), ब्रजमोहन शिवहरे पुत्र स्व0मुन्नालाल शिवहरे निवासी 202 सत्यम अपार्टमेंट इंगले की गोठ माधवगंज लक्खड़खाना थाना माधवगंज जनपद ग्वालियर (म.प्र.) व रामगोपाल धाकड़ पुत्र बृजमोहन धाकड़ निवासी मोहना थाना मोहना जनपद ग्वालियर (म.प्र.) के रूप में की गई है।

सदर कोतवाली में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में एएसपी मुख्यालय अनिल कुमार ने गिरफ्तार आरोपियों को मीडिया से रूबरू कराया। उन्होंने बताया कि शनिवार की देर शाम मुखबीर की सूचना पर रॉबर्ट्सगंज पुलिस, एसओजी और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस लाइन तिराहे के पास दो कंटेनर वाहनों को रोककर तलाशी लिया। तलाशी के दौरान उसमें नमकीन और चिप्स के पैकेट के बीच प्रतिबंधित कोडीन कफ सिरप मिले। एएसपी ने बताया कि दोनों कंटेनरों से पुलिस ने करीब एक लाख 19 हजार 675 शीशियां कफ सिरप बरामद किया है। पकड़े गए तस्कर वाहन का भी कोई कागजात नहीं दिखा सके। इसलिए ई-चालान करने के साथ ही दोनों वाहनों को सीज कर दिया गया। एएसपी ने बताया कि बरामद किए गए सामान की कंटेनर सहित साढ़े तीन करोड़ कीमत है। बताया कि सिरप के नमूने लैब परीक्षण के लिए भेजे गए है। एएसपी ने बताया कि बिहार में चुनाव के कारण इन दिनों नशीले पदार्थों की मांग ज्यादा बढ़ गई है। प्रतिबंधित कफ सिरप को भी झारखंड ले जाया जा रहा था। वहां से उन्हें बिहार पहुंचाया जाता। पकड़े गए तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वह कफ सिरप को गाजियाबाद से ला रहे थे। इसे राम नामक व्यक्ति ने फोन के जरिए बात कर लोड कराया था। झारखंड पहुंचने पर उसी से बात करनी थी। वह जो जगह बताता वहां उन्हें सामान पहुंचा देना था। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज माधव सिंह, एसओजी प्रभारी राजेश चैबे, लोढ़ी चैकी इंचार्ज उमाशंकर यादव, चौकी चुर्क विनोद कुमार यादव, आबकारी निरीक्षक विनोद कुमार साव, रविनंदन, अमित कुमार आद मौजूद रहे।

लाल बिहारी यादव के मुख्यातिथ्य में होगा गोवर्धन पूजा

दुद्धी,सोनभद्र। श्री रामलीला मैदान में होने वाली ऐतिहासिक गोवर्धन पूजा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद नेता विरोधी लाल बिहारी यादव होंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवध नारायण यादव ने बताया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा समिति के द्वारा 23 अक्टूबर दिन गुरुवार को गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें 09 बजे प्रातः कलश यात्रा तथा 11 बजे से गोवर्धन पूजा, 2 बजे से प्रसाद वितरण के पश्चात क्षेत्रीय लोकगायकों की प्रस्तुति तथा रात्रि 9 बजे से विराट बिरहा मुकाबला होगा जिसमें बिरहा सम्राट भोजपुरी फिल्म अभिनेता विजय लाल यादव गाजीपुर उत्तर प्रदेश व गायिका रविना रवि रंजन मोहनिया बिहार के बीच मुकाबला होना सुनिश्चित है। यादव महासभा के जिलाध्यक्ष जगतनारायण यादव ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक एमएलसी एवं विधान परिषद नेता विरोधी लाल बिहारी वाराणसी होगें तथा समस्त पूजा सुरेन्द्र पंथी द्वारा कराया जाऐगा। गोवर्धन पूजा की जोरों से तैयारियों हो रही हैं।

संक्षेप

लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर दी जान

देवरिया। जिले के खुखुन्दू थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार देवरिया जिले में खुखुंदू थाना क्षेत्र स्थित पड़री बनमाली गांव में शनिवार की रात आठ बजे रविशंकर सिंह (40) ने बाथरूम में लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ कर मौके पर पहुंचे। हालांकि तब तक रविशंकर की मौत हो चुकी थी।ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सीओ मनोज कुमार और थाना प्रभारी दिनेश कुमार मिश्र ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। उसकी बंदूक को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि बंदूक लाइसेंसी है और फॉरेंसिक टीम ने नमूने एकत्र किए हैं। सीओ ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पोते ने दादी की ईंट मारकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता

बहराइच। जिले के दरगाह थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सिरफिरे पोते ने अपनी सगी दादी पर ईंट से वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।परिजन उसे इलाज के लिए लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दरगाह

● जमीन बेचने का बना रहा था दबाव

थाना क्षेत्र में स्थित सलारगंज इलाके की रहने वाली वृद्ध महिला शाहजहां उम्र 72 वर्ष के बेटे मुन्ना की कुछ वर्ष पहले मौत हो चुकी है ।वो अपने पोते इरफान उम्र 32 के साथ घर पर रहती थी ।शनिवार को इरफान ने अपनी दादी से जमीन बेचकर उसे रुपए देने की बात कही दादी के मना करने उसने नाराज होकर पास पड़ी ईंट से उनके सिर पर हमला कर दिया जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई । आस पास के लोगों घटना की सूचना दरगाह पुलिस को देते हुए इलाज के लिए लेकर अस्पताल पहुंचे जहां पर उनकी मौत हो गई । अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि जमीन बेचने व रुपए मांगने को लेकर इरफान ने अपनी दादी पर हमला किया था ।जिसके चलते उनकी मौत हो गई ।वो नशे का भी आदी है , शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही हैं ।

अंशुजा व लक्ष्मी पहुंची कुशीनगर, रोटरी ने किया स्वागत

जिला संवाददाता

कुशीनगर। महिला सशक्तिकरण, साहस, वैचारिक स्वच्छता और राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर नागपुर से कार द्वारा भारत परिक्रमा पर निकलीं डॉ. अंशुजा किम्मतकर और डॉ. लक्ष्मी मायथे का रविवार सुबह कुशीनगर आगमन हुआ।

इस अवसर पर कसया स्थित एक निजी होटल में रोटरी के सदस्यों ने दोनों यात्रियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके सफल भारत परिक्रमा अभियान की मंगलकामनाएँ दीं।

स्वागत समारोह में वाहिद अली, अजय कुमार सिंह, दुर्गेश चतुर्वेदी, डॉ. जे.के. पटेल, अखिलेश शर्मा, विवेक श्रीवास्तव एवं सुनीता सिंह सहित कई उपस्थित रहे।

भारत परिक्रमा का यह अनूठा अभियान देशभर में नारी शक्ति के सम्मान, समानता, साहस और वैचारिक स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। लगभग 24,000 किलोमीटर लंबी यह यात्रा 26 राज्यों से होकर गुजरेगी।

यात्रा के दौरान दोनों साहसी महिलाएँ विभिन्न शहरों में संवाद, जागरूकता और प्रेरणा के कार्यक्रम भी करेंगी।

कार्यक्रम के दौरान अजय कुमार सिंह ने कहा डॉ. अंशुजा और डॉ. लक्ष्मी जैसी महिलाएँ न केवल साहस की प्रतीक हैं, बल्कि समाज में वैचारिक स्वच्छता और नारी सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण हैं।

वहीं, कार राइडर डॉ. अंशुजा किम्मतकर ने कहा हमारा उद्देश्य यह संदेश देना है कि आज की महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और स्वच्छ विचारों के बल पर महिलाएँ हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकती हैं।

शिव और शक्ति अभिन्न हैं: शंकराचार्य नरेंद्रानन्द सरस्वती

बहराइच। जंगली बाबा धाम पर संत श्री उड़िया बाबा विश्व कल्याण संस्थान के तत्वावधान व स्वामी परमेश्वरानन्द सरस्वती (उड़िया बाबा) के सानिध्य में चल रहे महारुद्र यज्ञ में शुक्रवार को दोपहर में यज्ञ स्थल पर पधारे काशी सुमेरु पीठ के शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानन्द सरस्वती का श्रद्धालुजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया इस दौरान शंकराचार्य नरेंद्रानन्द सरस्वती ने अपने आशीर्वचन में यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रुद्र ही महायज्ञ के रूप में हैं प्रकृति को नियंत्रित करने के लिए, प्रकृति के असंतुलन को संतुलित करने के लिए, यज्ञ का अहम योगदान है भगवान शिव का रुद्राभिषेक के माध्यम से यज्ञ मंडप में भगवान शिव की 64कलाओं के पूजन अर्चन वंदन से जीव की समस्त इच्छाओ, अभिलासाओं की पूर्ति का आधार है ।कहा कि पर्यावरण को शुद्ध करने में यज्ञ में दी गई आहुतियों से दीर्घ काल तक प्रदूषण से छुटकारा पाया जा सकता है ।कहा कि यज्ञ की श्रेष्ठ कर्मों में गणना की जाती है ।इस अवसर पर सतीश उपाध्याय, अशोक गुप्ता,सौरभ कुमार,कैलाशी बेचू राम ,भोला प्रसाद आग्नेय,प्रदीप सिंह,लल्लन यादव,तेजबहादुर सहित तमाम श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

किसानों की सेवा ही भगवान की सेवाः शिवराज सिंह चौहान

राकेशधर द्विवेदी

देवरिया/गोरखपुर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देवरिया में शनिवार को कहा कि किसानों की सेवा ही भगवान की सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर किसान की आय दोगुनी करना हमारा लक्ष्य है। गौरवशाली, आत्मनिर्भर समृद्ध भारत का निर्माण हमारा लक्ष्य है।

भारतीय किसानों के हितों से कोई भी समझौता नहीं करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने देवरिया जिले के पथरदेवा स्थित आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करते हुए किसानों से अच्छी फसल के लिए अच्छे बीजों का इस्तेमाल करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि जो लोग खराब बीज बेचते हैं, वे सावधान रहें, उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी।चौहान ने यह भी कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए भूमि और मिट्टी को संरक्षित किया जाना चाहिए। इसके लिए उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से बचना होगा। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने भारतीय जनसंघ के नेता दिवंगत रवींद्र किशोर शाही की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।उन्होंने मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और प्रतिभागी किसानों व विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान, उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उत्तर प्रदेश की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी ने बाद में गोरखपुर में, डुमरी खुर्द गांव का दौरा किया और वहां के किसानों के साथ एक चौपाल लगाई।

हालांकि उनके भाषण के लिए एक स्टेज तैयार किया गया था, लेकिन चौहान जल्द ही मंच से नीचे उतर गए और किसानों के बीच एक पारंपरिक खाट पर बैठ गए, और कहा,"स्टेज पर बैठने से दूरी बढ़ती है।

एएसपी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति अभियान का आयोजन

बहराइच। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी मिहीपुरवा हर्षिता तिवारी द्वारा गेंदघर बहराइच परिसर में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस अवसर पर शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, व्यापार मंडल, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, विकास विभाग, महिला थाना, नगर सर्किल के थानों की मिशन शक्ति टीम आदि के अधिकारी-कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को प्रेरित करना था ।

कार्यक्रम में संवाद, सुरक्षा, समाधान के अंतर्गत उपस्थित समस्त लोगों को मिशन शक्ति से जुड़ी विभिन्न पहल के बारे में बताई गईं ।प्रत्येक थाने पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किये गये हैं, जहां महिलाओं को त्वरित सहायता, कानूनी सलाह और परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है ।साथ ही एंटी-रोमियो दलों द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर सतर्क निगरानी रखी जा रही है । विद्यालयों और कॉलेजों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं गुड टच-बैड टच जैसे विषयों पर संवाद कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं ।

इसके अतिरिक्त, वन स्टॉप सेंटर और 1090 व 112 हेल्पलाइन को भी और प्रभावी बनाया जा रहा है ताकि महिलाएं बिना झिझक अपनी बात रख सकें । कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के साथ अन्य विभागों द्वारा महिला समस्याओं को सुनकर व उनके निस्तारण के संबंध में सुझाव प्रस्तुत करते हुए मिशन शक्ति के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य किए जाने व नारी सुरक्षा, स्वावलंबन हेतु सर्व संबंधित द्वारा संकल्प लिया गया ।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों और नागरिकों ने सामूहिक रूप से नारी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया । अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी विभागों से आग्रह किया गया कि वे मिशन शक्ति को केवल पुलिस का अभियान न समझें, बल्कि इसे सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाएँ ।जब समाज एकजुट होकर महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करेगा, तभी उत्तर प्रदेश वास्तव में आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेगा।

चीनी मिल मजदूरों की बैठक में हुई चर्चा

देवरिया। गौरी बाजार चीनी मिल मजदूर की बैठक को संबोधित करते हुए केडी यादव ने कहा कि यह सरकार उद्योगपतियों की है। किसी की बात सुनने वाली नहीं है और ना ही करने वाली है। यह सरकार हिंदू मुस्लिम करके इस देश को बर्बाद किया है।जिला अध्यक्ष ऋषिकेश यादव ने कहा कि हमारा लड़ाई आज 11 सालों से लगातार हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट श्रम कार्यालय चीनी उद्योग प्रमुख सचिव के आदेशों के बावजूद जिला प्रशासन उद्योगपति से भारी रकम उगाही करके बार-बार मजदूरों के वसूली प्रमाण पत्र वापस किया गया।इस बैठक में हंसराज यादव, रामचंद्र गुप्ता, अदालत अली, मोहन राम प्रसाद, मुखलाल यादव, कपिल देव यादव, चंपा देवी, सुखिया, दुर्गावती देवी, नजमा खातून, चांदमाती आदि मौजूद रहे।

दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

बहराइच। मेरा युवा भारत बहराइच उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किसान इंटर कॉलेज लहरौडा, विकासखंड पयागपुर में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में विकासखंड के विभिन्न युवा महिला मंडलों के युवक- युवतियो ने प्रतिभाग किया बालक वर्ग में वॉलीबॉल 400 मीटर दौड़ कुश्ती प्रतियोगिता तथा बालिका वर्ग में कबड्डी साइकिल रेस बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वॉलीबॉल में प्रथम विजेता, शुभांशु 400 मीटर दौड़ में, मोहम्मद जिया बालिका वर्ग में रेवली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवकुमार पांडे प्रधानाचार्य मोहम्मद इमरान ,प्रबंधक वरिष्ठ समाजसेवी कमल तिवारी उपस्थित रहे। शिव कुमार पांडे ने विजेता युवा यूतियों को पुरस्कृत कर उत्सवर्धन किया। महिला मंडल अध्यक्ष लहर डॉ सोनम वर्मा तथा समाजसेवी आशीष पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केंद्र के लेखाकार एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चौधरी ने किया कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया।

कुटुंब प्रबोधन से मजबूत होंगे रिश्ते और राष्ट्रः अरविंद मिश्र

जिला संवाददाता

कुशीनगर। रविवार को जौरा बाजार स्थित शिक्षक रवि श्रीवास्तव के आवास पर कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान

पारिवारिक मूल्यों की पुनर्स्थापना समय की जरूरतः अंशुमान चतुर्वेदी

उनके बड़े भाई अमित श्रीवास्तव के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई और सभी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने पर संतोष व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री दुर्गा इण्टरमीडिएट कालेज खोटहीं कप्तानगंज के प्रधानाचार्य अरविंद मिश्र ने कहा कि कुटुंब प्रबोधन का उद्देश्य परिवार में संवाद, सहयोग और संवेदनशीलता को बढ़ाना है। एक मजबूत परिवार ही सशक्त समाज और राष्ट्र का आधार बनता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पावानगर के खंड कार्यवाह अंशुमान चतुर्वेदी ने कहा कि परिवार केवल संबंधों का नाम नहीं, दायित्वों की साझेदारी है।

जब हर सदस्य अपनी भूमिका समझता है, तभी कुटुंब और समाज संतुलित रहते हैं। कार्यक्रम में अरविंद मिश्र ह्यबड़कूह्न, हिमांशु शेखर श्रीवास्तव और वरिष्ठ पत्रकार गुरुदत्त उपाध्याय सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक समरसता की आवश्यकता पर बल दिया।

बच्चों ने समारोहपूर्वक मनाया दीपावली पर्व

अयोध्या। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में कार्तिक माह की अमावस्या को मनाए जाने वाले पौराणिक उत्सव दिवाली के अवसर पर विविध आयोजनों की धूम रही। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि विश्व के कई देशों में मनाया जाने वाला और अंधकार पर प्रकाश के विजय का प्रतीक पर्व दीपावली एक दिन का पर्व नहीं अपितु धनतेरस, नरक चतुर्दशी, गोवर्धन पूजा और भाई दूज के साथ पर्वों की श्रृंखला है।

प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने अपने संबोधन में बच्चों को इस पर्व से प्रेरणा लेने की अपील करते हुए कहा कि चूंकि यह पर्व अमावस्या को मनाया जाता है इसीलिए ये रात दिए और मोमबत्तियों से प्रकाशमान होती है।इस दौरान बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम और दिवाली तथा भक्ति गीतों पर नृत्य भी प्रस्तुत किये।सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पूरे परिसर में दीए जलाकर सकारात्मक ऊर्जा का अहसास दिलाया।विद्यालय परिवार ने राम दरबार की आरती की।

प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा का बढ़ाया स्तर

बहराइच ।शिक्षा का उद्देश्य केवल आजीविका अर्जित करना नहीं है, बल्कि व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना है। उत्तर प्रदेश, देश की जनसंख्या और युवाशक्ति में अग्रणी है, शिक्षा सुधारों और नवाचारों के माध्यम से उच्च शिक्षा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

संस्थागत विस्तार

राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र का निरंतर विस्तार किया गया है। प्रदेश में 22 राज्य विश्वविद्यालय, 01 मुक्त विश्वविद्यालय, 01 डीम्ड विश्वविद्यालय, 48 निजी विश्वविद्यालय, 171 राजकीय महाविद्यालय, 331 सहायता प्राप्त महाविद्यालय और 7482 स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संचालित हो रहे हैं।इसके अतिरिक्त वर्तमान सत्र में 71 नये राजकीय महाविद्यालय संचालित किये गये जिसमें 46 राजकीय महाविद्यालय के रूप में 23 राजकीय संघटक महाविद्यालय, 02 निमार्णाधीन राजकीय महाविद्यालय हैं। यह संरचना देश के सबसे बड़े शैक्षिक तंत्रों में से एक है। पिछले वर्षों में 06 नए राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है, जिनमें सहारनपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, बलरामपुर मिजार्पुर और मुरादाबाद है।। इसके साथ ही स्वामी शुकदेवानन्द राज्य विश्वविद्यालय, शाहजहाँपुर तथा अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (केंद्रीय), लखनऊ परिसर की स्थापना हेतु कार्यवाही भी प्रगति पर है।

प्रदेश में 71 नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों के संचालन हेतु 1207 शैक्षिक एवं 1249 गैर-शैक्षिक पदों का सृजन किया गया है।05 महाविद्यालयों में अतिरिक्त संकाय खोले गए हैं तथा 02 निमार्णाधीन महाविद्यालयों में भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। यह विस्तार दशार्ता है कि शिक्षा को अंतिम पंक्ति तक पहुँचाने का लक्ष्य सरकार और विभाग की प्राथमिकता है।

नीतिगत पहल एवं शासन सुधार

प्रदेश में नीतिगत स्तर पर उच्च शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता लाने हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। ह्यह्यउत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023ह्नह्न के अंतर्गत शिक्षक चयन की पारदर्शी प्रणाली लागू की गई है, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को निष्पक्ष अवसर मिल सके। ष्उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024ष भी एक ऐतिहासिक पहल है। इसके अंतर्गत अविकसित जनपदों में निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना हेतु प्रोत्साहन दिया जा रहा है। साथ ही ष्मेजमतदै लकदमल न्दपअमतेपजल और डवदंतबी न्दपअमतेपजल जैसे विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ समझौते (डवन्) किए गए हैं, जो प्रदेश की उच्चशिक्षा को वैश्विक स्तर से जोड़ते हैं।गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु ष्जंजम स्मअमस फनंसपजल ेनतंदबम ब्मसस ;स्फ।ब्द्धष की स्थापना की गई है।प्रदेश के 10 मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है, जिससे शासन-प्रशासन में विकेंद्रीकरण और पारदर्शिता आएगी।

डिजिटलाइजेशन एवं ई-गवर्नेस

डिजिटल क्रांति ने शिक्षा को नई दिशा दी है। उत्तर प्रदेश ने भी इसे प्राथमिकता दी है।ै।ड।त्ज्भ् पोर्टल पर 47 लाख से अधिक छात्रों का पंजीकरण किया गया है। 26 विश्वविद्यालयों में परीक्षा परिणाम, कर्मचारी जीवनचक्र और वित्तीय प्रबंधन की डिजिटल व्यवस्था लागू की गयी है। ई-ऑफिस व्यवस्था निदेशालय प्रयागराज में पूर्ण रूप से लागू कर दी गई है।मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों और कर्मचारियों की सेवाओं से संबंधित सभी प्रक्रियाएँ अब ऑनलाइन हैं। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के साथ ।च्प्एकीकरण पूरा कर लिया गया है।यह पहल शासन को तेज, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों को अमल में लाने के लिए राज्य ने ठोस कदम उठाए है। बीवपबम ठेंमक ब्तमकपज ैलेजमउ (ब्ठैै), डनसजपचसम म्दजतल - म्गपज बहु-विषयी शिक्षा और प्दकपंद ज्ञदवूसमकहम ैलेजमउ ज्तंकपजपवद को लागू किया गया है। प्रदेश के 6 विश्वविद्यालयों ने छ।।ब्में ।.रैंक प्राप्त की है, जो गुणवत्ता सुधार का स्पष्ट प्रमाण है।

उप निबन्धक कार्यालयों में सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात होंगे भूतपूर्व सैनिक एवं होमगार्ड

बहराइच । सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, बहराइच ने बताया कि स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उत्तर प्रदेश शासन श्री रवींन्द्र जायसवाल द्वारा रजिस्ट्री विभाग की सुरक्षा के लिए नवीन व्यवस्था की गई है।जिसके अन्तर्गत प्रदेश के समस्त उप निबन्धक कार्यालय में सुरक्षा गार्ड के रूप में भूतपूर्व सैनिक एवं होमगार्ड की तैनाती होगी। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में जारी शासनादेश के अनुसार प्रदेश में 380 उप निबन्धक कार्यालयों की सुरक्षा हेतु भूतपूर्व सैनिक, पर्यवेक्षकों तथा होमगार्ड रखे जाऐगें।

सहायक महानिरीक्षक निबन्धन ने बताया कि प्रथम वरीयता सैनिक कल्याण निगम के द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती होगी। भूतपूर्व सैनिकों की उपलब्धता न होने पर होमगार्ड तैनात किये जायेगें। शासनादेश के मुताबिक वर्तमान उपलब्धता एवं कार्यालय संख्या के अनुसार 111 उप निबन्धक कार्यालयों की सुरक्षा हेतु 315 भूतपूर्व सैनिक एवं 12 सुपरवाइजर तथा शेष 269 उप निबन्धक कार्यालयों में 789 होमगार्ड लिये जायेगें, जिसमें 40.53 करोड रू. वार्षिक खर्च होगे।

इन-सीटू और एसएमएएम योजना के तहत कृषि यंत्रों की खरीद के लिए आवेदन आमंत्रित

जिला संवाददाता

बहराइच । उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश एवं जनपद में स्थापित सीबीजी प्लान्ट तथा अन्य बायोमॉस आधारित इकाइयों को फसल अवषेश उपलब्ध कराये जाने हेतु इन-सीटू एवं एसएमएएम योजनान्तर्गत एफपीओ एवं एफपीओ के सदस्य कृषकों को एग्रीग्रेटर के रुप में अनुदान पर कृषि यन्त्र उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद को 02 लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें एफपीओ द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धन योजना से कस्टम हायरिंग सेन्टर (परियोजना लागत रू. 30.00 लाख पर 80 प्रतिशत) अनुदान प्राप्त किया जा सकता है एवं उक्त एफपीओ के अन्तर्गत शेयर होल्डर्स सदस्य द्वारा भी एसएमएएम योजना से व्यक्तिगत कस्टम हायरिंग सेन्टर (परियोजना लागत रू. 10.00 लाख पर 40 प्रतिशत) अनुदान प्राप्त किया जा सकता है।

योजनान्तर्गत एग्रीग्रेटर के रुप में एफपीओ को रू. 30.00 लाख तक की लागत के 60 हॉर्स पावर व अधिक क्षामता का ट्रैक्टर, बेलिंग मशीन, स्ट्रारेक, क्राप रीपर व अन्य फसल अवषेश प्रबन्धन वाले यन्त्र का क्रय करना होगा। इसी प्रकार उनके 02

- एफपीओ व एफपीओ के सदस्य 30 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन
- यंत्रों के बिल अपलोड सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड किये जायेंगे
- कस्टम हायरिंग सेन्टर से लाभान्वित एफपीओ आवेदन के पात्र नहीं होंग
- एफपीओ का पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है

सदस्यों को रू. 10.00 लाख की लागत के ट्रैक्टर एवं ट्राली क्रय करना अनिवार्य होगा। लाभार्थी का चयन ऑफलाइन प्राप्त आवेदन में से लक्ष्य के अनुसार डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से किया जायेगा।चयन के उपरान्त कृषि विभाग द्वारा विभागीय पोर्टल पर एग्रीग्रेटर के रुप में एफपीओ और उनके उक्त लाभ हेतु चयनित कृषक का योजना के आवेदक के रुप में पंजीकरण कराया जायेगा।

पंजीकरण के पश्चात लाभार्थी द्वारा क्रय किये गये यन्त्रों के बिल अपलोड सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड किये जायेंगे।

रजिस्टर्ड निमार्ता कम्पनियॉ, डिस्ट्रीब्यूटर एवं डीलर के अतिरिक्त किसी भी निमार्ता कम्पनियों, डिस्ट्रीब्यूटर एवं डीलर के अतिरिक्त कृषि यन्त्रों के क्रय पर अनुदान देय नही होगा।कृषि यन्त्रों पर मूल्य का 20 प्रतिशत धनराशि चयनित एफपीओ/एफपीओ के सदस्य कृषकों को ऑनलाईन मूल्य भुगतान किया जायेगा। सीबीजी प्लान्ट/बायोमास यूनिट से पराली एकत्र एवं क्रय करने का एमओयू प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने पर ही लाभार्थी एफपीओ चयन हेतु पात्र होंगे। फार्म मशीनरी बैंक एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर से लाभान्वित एफपीओ आवेदन के पात्र नहीं होंगे।

उप कृषि निदेशक श्री वर्मा ने बताया कि किसी प्रकार की अनियमितता सम्बन्धी वाद न्यायालय में लम्बित न होने, रू. 10 लाख टर्न ओवर, 300 शेयर होल्डर की संख्या, नियमित रुप से वार्षिक रिटर्न दाखिल एवं भारत सरकार/कम्पनी रजिस्ट्रार के यहां से प्रतिबन्धित न किया गया हो, को ही चयन में वरीयता दी जायेगी। एफपीओ का पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है।

श्री वर्मा ने बताया कि पूर्व में आफलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 18 अक्टूबर निर्धारित थी, परन्तु कम आवेदनफार्म प्राप्त होने के कारण पुनः आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है।इच्छुक व्यक्ति अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्य दिवस कार्यालय उप कृषि निदेशक बहराइच से सम्पर्क कर सकते हैं।

स्वदेशी मेले का हुआ समापन

देवरिया । रविवार, आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी को प्रोत्साहन देने वाले यू पी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तत्वाधान में शहर के देवरिया क्लब में आयोजित स्वदेशी मेले का आज भाजपा जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने प्रमाण पत्र वितरित कर समापन किया ।इस दौरान उन्होंने कहा कि यू पी ट्रेड शो के तत्वाधान में आयोजित इस स्वदेशी मेले का दूरगामी परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा जब अधिक से अधिक संख्या में लोग स्वदेशी समानों को खरीदेंगे ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देना होगा ।स्वदेशी मेले के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने दीपावली के शुभ अवसर पर सभी से स्वदेशी समानों की खरीदारी करने की अपील करते हुए कहा कि पिछले नौ दिनों से चल रहे इस मेले में जिले के सभी जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन हम सब को प्राप्त हुआ है और इनकी प्रेरणा से स्वदेशी के प्रति लोगों का रुझान देखने को मिल रहा है, यह मेले की सबसे बड़ी उपलब्धि है ।स्वदेशी मेले के उपायुक्त एस सिद्दीकी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों के कर्मचारियों और आए हुए सभी अतिथियों का आभार जताया ।कार्यक्रम का संचालन पंकज शुक्ला ने किया ।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गंगा सिंह कुशवाहा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष मुकुल मणि त्रिपाठी, अभिषेक राय अंकुर, आशीष कुमार, सुधीर श्रीवास्तव, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दीपावली: परंपरा पर भारी बाजारवाद

मनोज बाजपेयी

दीपावली की रोशनी तभी पूर्ण होगी जब उसमें परंपरा और आधुनिकता का संतुलन हो। दिवाली केवल एक पर्व ही नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और उत्सव का ऐसा संगम है जो सदियों से लोगों को एक सूत्र में पिरोता आया है। लेकिन समय के साथ इस पारंपरिक उत्सव के मायने भी बदलने लगे हैं। आज दीपावली सिर्फ पूजा, दीप और परिवार का त्योहार नहीं रही, बल्कि बड़े पैमाने पर उपभोक्तावादी बाजार का प्रतीक बन गई है।

आर्थिक प्रगति के साथ त्योहारों की भव्यता भी बढ़ी है। दिवाली तो वैसे भी धार्मिक आस्था के साथ बाजार के चकाचौंध से भरा त्योहार है। प्रगति और परंपराओं का समावेश समय के अनुकूल भी है। लेकिन इसमें बुराइयों की जकड़बंदी से बचना भी है। दिवाली अंधकार को खत्म कर जीवन, समाज और कर्तव्य पथ को प्रकाशमान बनाने का संदेश देती है। ऐसे में अगर हम दिवाली जैसे शुभ-समृद्धि के पर्व पर नशा, जुआ, आर्थिक सीमाओं से आगे बढ़कर व्यय-अपव्यय जैसे बाजारवादी बुराइयों के ट्रैप में फंसेंगे, तो दिवाली के मौलिक संदेश को न समझने की गलती कर बैठेंगे। इसलिए हमे आस्था, विश्वास और समृद्धि के पर्व दिवाली को धार्मिक आस्था और सामाजिक मर्यासा के साथ मनाना चाहिए। इस वर्ष दिवाली तो बाजार के लिहाज से बहुत ही खास है।

आधुनिक तकनीक और बदलती जीवनशैली ने दीपावली को अधिक भव्य बना दिया है। बिजली की रंगीन लाइटों ने घरों को और अधिक जगमग कर दिया है, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने खरीददारी को आसान बना दिया है और दूर दराज बैठे रिश्तेदारों से वर्चुअल जुड़ाव ने भौगोलिक दूरी को घटाया है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या इस बदलाव में हम अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं। दीपावली की रोशनी तभी पूर्ण होगी जब उसमें परंपरा और आधुनिकता का संतुलन हो। भारत में दीपावली केवल एक पर्व नही, बल्कि आस्था, संस्कृति और उत्सव का ऐसा संगम है जो सदियों से लोगों को एक सूत्र में पिरोता आया है। इस पर्व की मूल भावना में प्रकाश से अंधकार का अंत, अच्छाई की बुराई पर विजय और नये उत्साह के साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत निहित है। लेकिन समय के साथ इस पारंपरिक उत्सव के मायने भी बदलने लगे हैं। आज दीपावली सिर्फ पूजा, दीप और परिवार का त्योहार नहीं रही, बल्कि बड़े पैमाने पर उपभोक्तावादी बाजार का प्रतीक बन गई है। बदलते दौर में दीपावली एक 'फेस्टिव सीजन' के रूप में देखी जाने लगी है, जहां धार्मिक भावनाओं से ज्यादा चर्चा खरीददारी, सजावट और विदेशी ब्रांड्स की होती है। दीपावली का शुभारंभ धनतेरस से होता है, जिसे समृद्धि और स्वास्थ्य का प्रतीक माना जाता है। भारतीय परंपरा में इस दिन भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। पुराणों में उल्लेख मिलता है कि समुद्र मंथन के समय धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए इस दिन कलश, बरतन, सोना-चांदी या कोई नई वस्तु खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसा विश्वास है कि इस दिन की गई खरीददारी से घर में लक्ष्मी का आगमन होता है और सुख-समृद्धि बनी रहती है। पुराने समय में लोग अपनी क्षमता के अनुसार मिट्टी के दीये, पीतल के बरतन या छोटी-छोटी उपयोगी वस्तुएं खरीदकर पारिवारिक परंपरा निभाते थे। धनतेरस का अर्थ केवल वस्तुएं खरीदना नहीं, बल्कि नये आरंभ का प्रतीक था, जीवन में नई ऊर्जा, समृद्धि और आशा के स्वागत का दिन। लेकिन अब यह पारंपरिक स्वरूप भी बाजारवाद की चकाचौंध में ढल गया है।

विमर्श

धनतेरस पर आज सोने-चांदी से लेकर महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, गाड़ियों और प्रॉपर्टी तक की खरीददारी की जाती है। शॉपिंग मॉल्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और बड़ी-बड़ी कंपनियां इस मौके को 'गोल्डन सेल' में बदल देती हैं। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, केवल धनतेरस के दिन भारत में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की खरीददारी हुई। यह परंपरा के आधुनिक और व्यावसायिक रूप का स्पष्ट संकेत है। पिछले कुछ दशकों में दीपावली के स्वरूप में जो परिवर्तन आया है, वह हमारे समाज की बदलती जीवनशैली को भी दर्शाता है। एक समय था जब दीपावली की तैयारी हफ्तों पहले शुरू होती थी, घर की सफाई, दीयों को तैयार करना, रंगोली बनाना, अपने हाथों से मिठाइयां बनाना और पड़ोसियों से बांटना इस उत्सव का स्वाभाविक हिस्सा हुआ करता था। गांवों और कस्बों में सामूहिक उत्सव का माहौल होता था। आज वही दीपावली बड़े शहरों में ब्रांडेड सजावट, चमकदार लाइटों और मिठाइयों के रेडीमेड पैकेटों में सिमटती जा रही है। लोग पहले जहां अपने हाथों से घर सजाते थे, अब डेकोरेशन एजेंसियों को बुलाकर काम करवाते हैं। दीयों की जगह रंग-बिरंगी चाइनीज लाइटों ने ले ली है। देशी मिट्टी के दीयों की जगह सस्ते विदेशी लाइटिंग प्रोडक्ट्स बाजार में छा गये हैं। इससे न केवल पारंपरिक कारीगरों की आजीविका पर असर पड़ा है, बल्कि सांस्कृतिक पहचान भी धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है। एक अनुमान के अनुसार, दीपावली के दौरान भारत में 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का चीनी सजावटी सामान बिकता है। इसी तरह मिठाइयों के स्थान पर ब्रांडेड चॉकलेट और गिफ्ट बॉक्स का चलन तेजी से बढ़ा है। बाजार में दीपावली अब 'कंज्यूमर फेस्टिवल' की तरह प्रस्तुत की जाती है। जहां एक ओर इस त्योहार की आर्थिक ताकत से व्यापार और उद्योग को गति मिलती है, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक मूल्यों पर इसका असर भी नजर आता है।

पहले दीपावली का अर्थ रिश्तों में मिठास और सामाजिक जुड़ाव होता था। लोग एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं देते थे, मिठाइयां और प्रेम बांटते थे। अब वही शुभकामनाएं मोबाइल संदेशों और सोशल मीडिया पोस्टों में सिमट गई हैं। रिश्तों में वह आत्मीयता और व्यक्तिगत स्पर्श धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। धनतेरस और दीपावली अब छोटे व्यापारियों के लिए चुनौती भी बनते जा रहे हैं। विदेशी और बड़े ब्रांडों के दबदबे में स्थानीय मिट्टी के दीये बेचने वाले कुम्हार और घरेलू उत्पाद तैयार करने वाले कारीगर बाजार में पिछड़ जाते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की छूट और चमकदार पैकेजिंग पारंपरिक बाजार को पीछे छोड़ देते हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचता है, जबकि विदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलता है। यह भी सच है कि समय के साथ परिवर्तन स्वाभाविक होता है। आधुनिक तकनीक और बदलती जीवनशैली ने दीपावली को अधिक भव्य बना दिया है। बिजली की रंगीन लाइटों ने घरों को और अधिक जगमग कर दिया है, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने खरीददारी को आसान बना दिया है और दूर दराज बैठे रिश्तेदारों से वर्चुअल जुड़ाव ने भौगोलिक दूरी को घटाया है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या इस बदलाव में हम अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं।

दीपावली की रोशनी तभी पूर्ण होगी जब उसमें परंपरा और आधुनिकता का संतुलन हो। विदेशी सजावटी सामानों के बजाय देशी दीयों और उत्पादों को प्राथमिकता दी जाये तो यह न केवल संस्कृति को संजोए रखने का कार्य होगा, बल्कि लाखों कारीगरों की आजीविका को भी सहारा मिलेगा। धनतेरस पर महंगी वस्तुएं खरीदने की होड़ लगाने के बजाय परंपरा का सम्मान करते हुए सादगी से उत्सव मनाया जा सकता है। अंततः दीपावली केवल बाजार नहीं, एक भावना है। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि अंधकार चाहे कितना भी गहरा हो, एक छोटा सा दीपक भी उसे मिटा सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम आधुनिकता को अपनाते हुए भी अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखें। इस पर्व को केवल खरीदारी और दिखावे का उत्सव न बनने दें, बल्कि इसे रिश्तों, परंपरा और मानवीय संवेदनाओं से जोड़ें। तभी दीपावली वास्तव में अपने उद्देश्य को पूरा कर पाएगी, अंधकार पर प्रकाश की विजय।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

ट्रंप की धमकी बेअसर

अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अमरीकी टेक जाइंट एप्पल और उनके सीईओ को लगभग धमकाने के अंदाज में कहा था कि भारत में आई फोन बनाने के बजाय अमरीका में बनाइये। इसी तरह उन्होंने अन्य कंपनियों को भी निवेश से रोकने का प्रयास किया। लेकिन ट्रंप की धमकी पर न एप्पल रुकी और न अन्य कंपनियों ने भारत से मुंह मोड़ा। अब गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट ने भारत में 15 अरब डॉलर के निवेश से एआई हब बनाने का फैसला कर एक बार फिर यह बात स्पष्ट कर दी है कि भारत की ग्रोथ स्टोरी में ग्लोबल टेक जाइंट का भरोसा बढ़ रहा है। अल्फाबेट का विशाखापत्तनम में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का बड़ा केंद्र बनाने का निर्णय भारत के तेजी से बढ़ते डेटा सेंटर उद्योग को पूरी तरह बदल देने वाला हो सकता है। गूगल की मूल कंपनी द्वारा इस परियोजना में अगले 5 साल के दौरान 15 अरब डॉलर का निवेश करने की बात कही गई है। यह निवेश ऐसे समय में आ रहा है जब अमेरिकी शुल्क वृद्धि के कारण भारत और अमेरिका के बीच हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। गूगल की यह अमेरिका के बाहर अब तक की सबसे बड़ी परियोजना होगी। गूगल 12 देशों में डेटा सेंटर स्थापित कर चुकी है। यह निवेश भू-राजनीतिक तनावों और संभावित कानूनी जटिलताओं के बावजूद किया जा रहा है। इसका मतलब यह है कि अल्फाबेट का प्रबंधन यह मानता है कि इसके संभावित लाभ, जोखिम से कहीं अधिक हैं। कानूनी मसलों के बावजूद अल्फाबेट भारत को एक प्रमुख बाजार मानता है। भारत एंड्रॉयड फोन का एक बड़ा बाजार है और इसके साथ ही दुनिया में सबसे अधिक यूट्यूब उपयोगकर्ता भी भारत में ही हैं। प्रस्तावित केंद्र से 1,88,000 नौकरियां तैयार हो सकती हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए अडानी ग्रुप और भारती एयरटेल गूगल के साथ साझेदारी करके अधोसंरचना विकसित करेंगे। इसमें एक नया अंतरराष्ट्रीय सब-सी गेटवे (जहां ऑप्टिकल केबल समुद्र से बाहर आती हैं) स्थापित करने की बात शामिल है। इस परियोजना में क्लाउड और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस यानी एआई अधोसंरचना शामिल होंगी जो नवीकरणीय ऊर्जा व्यवस्था से संचालित होंगी और फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क से जुड़ी होंगी। यह आंध्र प्रदेश सरकार की 2029 तक 6 गीगावॉट डेटा सेंटर क्षमता हासिल करने की योजना का हिस्सा है। ये सेंटर ऐसी फैसेलिटी हैं जहां ऐसे कंप्यूटिंग और नेटवर्किंग उपकरण रहते हैं जिनका इस्तेमाल डेटा संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के लिए किया जा सकता है। डेटा सेंटर के लिए बिजली की 24 घंटे उपलब्धता आवश्यक है वह भी वोल्टेज में उतार चढ़ाव के बिना। यह इंजीनियरिंग की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। राज्य सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए जमीन और बिजली सब्सिडी देने की घोषणा की है। वह डेटा सेंटर उद्योग को बढ़ावा देने वाले नीतिगत बदलावों का लाभ उठाने वाले शुरूआती राज्यों में शामिल है। वर्ष2027-28 तक इरादे के मुताबिक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनाने के लिए भौतिक अधोसंरचना तैयार करने के लिए डिजिटल अधोसंरचना कायम करना जरूरी है। भारत के पास अन्य लाभ भी हैं। डेटा सस्ता है और भारत दुनिया का सबसे बड़ा डेटा ग्राहक भी है। हमारे यहां बहुत बड़ी डिजिटल आबादी है जिसकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। परंतु भौतिक क्षमता और इकोसिस्टम के साथ विधायी और नियामकीय नीतिगत बदलाव भी अहम हैं। दुनिया की बड़ी कंपनियों को भारत में अपना डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए आकर्षित करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों को यह विश्वास होना चाहिए कि उनका डेटा भारत में मौजूद सर्वर में पूरी तरह सुरक्षित है। भारत की नीति डेटा स्थानीयकरण पर जोर देती है और वह डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन ऐक्ट तथा संबंधित नियमों के जरिये सुरक्षित है।

गूगल की पेरेंट कंपनी व टेक जाइंट अल्फाबेट का 15 अरब डॉलर निवेश से देश में एआई हब बनाने का फैसला, भारत की ग्रोथ स्टोरी में दुनिया के बढ़ते हुए भरोसे का प्रतीक है।

विचार

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

–योगवशिष्ठ.

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

–महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

–शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

–श्रीराम शर्मा आचार्य.

सोशल मीडिया

अखिलेश यादव का दीपावली पर घी के दिए जलाने को लेकर बयान निंदनीय है, साथ ही दीपक बनाने वाले प्रजापति समाज, स्वदेशी व उनके अपने समाज के खिलाफ भी है। सुधांशु त्रिवेदी.

मैंने देखा योगी आदित्य नाथ के अंदर विकास की एक नयी सोच भी है और विकास करने के प्रति मन में एक तड़पन जो चाहिए, वो भी योगी जी के अंदर देखने को मिलती है। राजनाथ सिंह.

चित्रकूट के ट्रेजरी में करोड़ों के घोटाले के मुख्य आरोपी की हिरासत में मौत, एक बेहद गंभीर मुद्दा है। इतना बड़ा घोटाला कोई अकेले नहीं कर सकता है। अखिलेश यादव

सामाजिक बुराई है जुआ

अंतर्दृष्टि

21वीं शताब्दी में भी लोग दिवाली के मौके पर रीति-रिवाजों और संस्कृति का बहाना लेकर जुआ खेलने से बाज नहीं आते। एक अनुमान के मुताबिक दिवाली के मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुआ खेलते हैं, जो एक दो नहीं बल्कि हजारों परिवारों के लिए काली-अंधकार दिवाली का वायस बन जाता है। हर बार कई घटनाओं पर लोग ऐसी बुराइयों से तौबा करने की कसमें खाते हैं, लेकिन फिर अगले साल अपने लालच और जुआ की लत के कारण दिवाली के मौके पर इसे एक शगुन बताकर जुआ खेलने का मोह त्याग नहीं पाते। जबकि इसके एक नहीं अनेक नुकसान हैं। सबसे पहले तो जुआ आर्थिक नुकसान देता है। जुआ की लत के कारण लोग अपनी मेहनत की कमाई खो देते हैं और उनके परिवार फिर पूरे साल या लंबे समय तक आर्थिक परेशानियों में जीने के लिए बाध्य हो जाते हैं। कई लोगों के लिए दिवाली पर धार्मिक और सांस्कृतिक कर्मकांड के तौर पर एकाध बाजी खेलने की मंशा से शुरू किया गया जुआ, उनकी जिदंगी को बर्बाद करने का जरिया बन जाता है। ऐसा न भी हो तो ये एक जबरदस्त बुराई और नैतिक पतन का कारण है। क्योंकि जब हम जुआ खेलते हैं तो शुरू में भले ये सोचते हों कि एक दो बाजी खेलेंगे, लेकिन जब खेलने लग जाते हैं तो ऐसे सभी वायदे भूल जाते हैं और फिर तब तक खेलते हैं, जब तक या तो बर्बाद नहीं हो जाते या इतना ज्यादा बिना कमाये इजी मनी आ जाती है कि उसे बेफिक्री से खर्च करके अपनी आदतों को बिगाड़ नहीं लेते। कहने का मतलब यह है कि जुआ खेलना जीतने के स्तर पर भी खतरनाक है और हारने के स्तर पर तो खराब है ही। इंसान बड़ी खूबसूरती से अपनी खामियों के लिए भी तर्क ढूंढ़ लेता है। अपनी बुराइयों को भी संस्कृति से लेकर सामाजिक मान्यताओं तक का जामा पहना देता है। यही कारण है कि दिवाली वाले दिन देश के ज्यादातर हिस्सों में जुआ खेलने की जो बुराई है, लोग इसका बचाव इस बात से करते हैं कि पौराणिक काल में भी जुआ खेला जाता था। कहा जाता है कि दिवाली के दिन तो भगवान शिव और पार्वती ने भी जुआ खेला था, इसलिए हम इंसानों को तो इसकी छूट है ही। कुछ लोग छूटते ही कहते हैं जुआ तो महाभारत के समय में भी खेला जाता था। लेकिन इन पौराणिक संदर्भों को जुआ खेलने के लिए याद करते हुए वे इनके नतीजों को बिलकुल भूल जाते हैं। उन्हें यह याद नहीं रहता कि कैसे जुआ महाभारत जैसे भयानक युद्ध की वजह बना था, जहां करोड़ों लोग मारे गये थे। अगर हम भारत के ऐतिहासिक और पौराणिक संदर्भों को देखें तो जुआ से बरबादी की कोई अकेली एक ही कहानी नहीं है। राजा नल ने भी जुआ में ही सब कुछ गंवाया था और अपने ही राज्य में भिखारी बनकर रहने के लिए बाध्य हो गए थे।

आपने मेरा टिकट काट दिया

व्यंग्यलोक

हे नादान पार्टी हाईकमान। जैसा कि मुझे चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने के बाद ज्ञात हुआ है कि आपने मेरा टिकट काट दिया है। मतलब, अब फिर मुझे दीवारों पर पार्टी के पोस्टर चिपकाने होंगे। लिस्ट बाहर आने तक लिस्ट में मेरा नाम था। फिर पता नहीं आपने किसके बहकावे में आकर मेरा टिकट काट दिया? क्या किसी दूसरे ने मुझसे अधिक कमा कर देने का वचन दे दिया? हैरान हूं, अचानक आपको मुझसे अधिक वफादार पता नहीं कहां से हाथ लग गया? कल तक तो आप मुझे ही पार्टी का सबसे वफादार हर मंच से कहते फिरते थे। हे हाईकमान! आप तो जानते ही हो कि नाक कटने से अधिक दुःख टिकट कटने का होता है। कटे नाक के साथ तो समाज में फिर भी जिया जा सकता है, पर कटे टिकट के साथ एक पल भी नहीं जिया जा सकता। नाक के बिना तो समाज में हमें फिर भी पूछ लेते हैं, पर टिकट के बिना समाज में कोई नहीं पूछता। हे हाईकमान! अबके टिकट मिलने पर पता नहीं क्या क्या सपने नहीं सजा लिए थे मैंने! पर हाय! सब पर पानी फिर गया। सोचा था, जब टिकट पर जीतूंगा तो मंत्री बनने की कोशिश करूंगा। मंत्री बन जाऊंगा तो हर जगह कमीशन फिट करूंगा। इधर उधर प्लॉट फ्लैट लूंगा। बीसियों अफसरों के सिर पर नाचूंगा। दूर दूर तक के अपनों को सरकारी नौकरी में लगवाऊंगा। अपनी सात पुश्तों के लिए जमा करके रख जाऊंगा ताकि वे भी खाते खाते याद करें कि उनके वंश में कोई परम श्रद्धेय अवतरित हुआ था। पर आपने तो मेरे सपनों को तहस-नहस कर दिया। देखो जी हाईकमान! मेरा टिकट कट जाने के बाद मैं बहुत सदमे में हूं। नेता के लिए सबसे बड़ा सदमा उसका टिकट कट जाना होता है। इतना तो मेरे पास देने को चंदा नहीं कि अब बिन चुनाव लड़े ही राज्यसभा का मेंबर बन जाऊं। सोचा था, जब टिकट लेकर जीतूंगा, कमाने खाने का मोटा काम तभी करूंगा। हे पार्टी हाईकमान! इस टिकट के लिए मैंने क्या क्या नहीं छोड़ा! टिकट के लिए बीवी छोड़ दी क्योंकि वह मुझे अपनी पार्टी का टिकट दिलाना चाहती थी, पर मैं आपकी पार्टी में रहकर खाना कमाना चाहता था। मैंने बीवी के बदले आपमें आस्था रखी। आपके टिकट के लिए बाप वाली पार्टी छोड़ दी। लगता था, आपकी पार्टी में मेरा फ्यूचर सुनहरा होगा। इस टिकट के लिए ईमान छोड़ दिया था। और तो और, टिकट के लिए भगवान को भी छोड़ दिया था। टिकट न मिलने पर अब तो मैं हे पार्टी हाईकमान! आपका कार्यकर्ता न होकर धोबी का कुत्ता सा हो गया। पार्टी का होकर भी न पार्टी का रहा, न बीवी का।

अशोक गौतम

अंधकार से प्रकाश की यात्रा है दीपावली

पर्व/त्योहार

अरुण कुमार दीक्षित

दीपावली तमस से प्रकाश की यात्रा है। प्रकाश ज्ञान है। तमस गहन अंधकार है। प्रकृति पुरातन है। सूर्य प्रकृति है। देवता है। दीप रश्मियां जीवन को आलोकित करती हैं। भारत में दिए का इतिहास गुफाओं में भी पाया गया है। यह इतिहास लगभग पांच हजार वर्षों से अधिक का है। दियों को मोहनजोदड़ो में ईंटों के घरों में भी जलाया जाता था। खुदाई में मिट्टी के पके दिए मिले हैं। दीपो हरतु में पापं संध्या दीप नमोस्तुते। अर्थात दीपक की ज्योति परब्रह्म है। ज्योति ही जनार्दन है। यह दीपक मेरे पापों का हरण करे। संध्या के दीपक को नमस्कार है। सिंधु कालीन सभ्यता में खुदाई में दिए मिले हैं। शुरुआती दिए पत्थरों को तराश कर बनाए गए हैं। सतयुग और द्वापर में भी दीपक का उल्लेख है। ऋषि अष्टावक्र ने राजा जनक से कहा' ज्योतिरेकं'। सभी ज्योतियों प्रकाशों में वह एक हैं। यह शब्द शुक्ल यजुर्वेद शिव संकल्प सूक्त का है। यह मन को संदर्भित करता है, जिसे इंद्रियों का प्रकाशक और संचालक माना जाता है। यह एक ऐसा मन है जो शक्तिशाली है।

'असतो मा सदगमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योमार्मृतं गमय।' हमें असत्य से सत्य की ओर ले चलो। अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो। यह ऋचा हम सबको सभी प्रकार के अज्ञान से ज्ञान, सत्य और आध्यात्मिक प्रकाश के मार्ग पर जाने को प्रेरित करती है। मेरे भीतर का अहंकार समाप्त हो। धन का, पद का, क्रोध, लोभ- मोह का जो अंधकार है, वह विदा हो जाए। भौतिक सुख आनंद से परमानंद की यात्रा में उतर जाएं। प्रार्थना की जा रही है आत्म प्रकाश की। वह लौ वह प्रकाश वह अंतस का दिया एक बार दीप्तिमान हो जाए। यह सूर्य चंद्रमा, पृथ्वी आकाश नक्षत्र यह जो जगती में जगत दिखाई पड़ता है, उसका वास्तविक बोध हो जाए कि हम कौन हैं। गीता में कृष्ण कहते हैं कि अर्जुन! जो जन्मा है, उसे मारना ही पड़ेगा। शरीर नश्वर है। भौतिक शरीर के विनाश से दुखी नहीं होना चाहिए। कृष्ण यह भी कह रहे हैं कि हम शरीर नहीं ,आत्मा हैं। और आत्मा अमर है। आत्मा जीवन अनुभव करती है। उसका कोई अंत नहीं है। कृष्ण कह रहे हैं कि धर्म के अनुरूप आचरण करें। मोह में न गिरें। गीता (अध्याय 11 श्लोक 12 विश्वरूप दर्शन योग) में अर्जुन कह रहे हैं कि अगर आकाश में एक साथ हजारों सूर्यों का उदय हो जाए तो भी उन सबका प्रकाश मिलकर उस विराट रूप परमात्मा के समान नहीं हो सकता। उस दिव्य प्रकाश को निरुपम कहा गया है। वह अलौकिक है। श्री राम ज्ञान को धर्म नैतिकता कर्म के रूप में देखते हैं। वे मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। वह कहते हैं कि सत्य, दया, करुणा और दूसरों के अवगुणों में गुण देखना, सब में ब्रह्म का साक्षात्कार करना ही ज्ञान है। प्रकाश है। दीपावली पर्व की देवी लक्ष्मी हैं। देवता गणेश हैं।

कन्नौज के राजा हर्ष ने संस्कृत में लिखे अपने नाटक नागानंद में दिवाली को दीपप्रतिपादोत्सव कहा है। राजशेखर ने काव्य मीमांसा में दीपावली को दीप मालिका कहा है। कवि सोहनलाल द्विवेदी ने दीपावली पर जगमग कविता लिखी है। माखनलाल चतुर्वेदी ने लिखा कि मैं दीप तुम्हारे पथ का हूं। सुमित्रानंदन पंत, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, अज्ञेय, नागार्जुन सहित अनेक साहित्यकारों, कथाकारों ने दीपोत्सव को अपने गहन गम्भीर शब्द दिए हैं। जैन धर्म में महावीर के निर्वाण उत्सव के रूप में दीपावली मनाई जाती है। जैन धर्म में मोक्ष प्राप्त करने का दिन है। अज्ञान से प्रकाश की जीत के रूप में मनाया जाता है। भगवान महावीर को चिन्मय दीपक कहा गया है। बाल्मीकि रामायण में श्री राम के 14 वर्ष बाद विजयी होकर अयोध्या आगमन पर सब हर्षित हैं। अयोध्या में यह बहु प्रतीक्षित राम के राज्याभिषेक का उत्सव दीपोत्सव के रूप में मनाया गया था। तब से यह दीपावली चल रही है। दीपक पांच तत्वों से मिलकर बनता है-पृथ्वी (माटी) जल, वायु, आकाश और अग्नि। पारसी धर्म में भी अग्नि पवित्रता और सत्य निष्ठा का प्रतीक है। सर्वोच्च देवता की शक्ति की उपस्थिति का आधार है। दीपक जलने से देवता प्रसन्न होते हैं। प्रसिद्ध संत पलटू ने अपनी कुंडली में कहा है दीपक बारा नाम का। बाद में ओशो रजनीश ने 'दीपक बारा नाम का' पर अपने प्रवचन किये। दीपक को व्यक्ति के भीतर के ज्ञान के प्रकाश के रूप में वर्णित किया गया है। यह सब ज्ञान उस व्यक्ति के नाम यानी उसकी आत्मा में छिपा है।

आप की बात

आर्थिक विषमता चिंताजनक

कोरोना के बाद देश में बढ़ती असमानता बड़ी समस्या बन सकती है। देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में स्टॉफ घटाये जा रहे हैं।

महेश वर्मा, बाराबंकी.

नक्सलवाद के दिन पूरे

देश में नक्सलवाद का दौर समाप्ति की ओर है। मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ नक्सलवादियों पर सुरक्षा बलों के प्रबल प्रहार के कारण धीरे-धीरे नक्सलवाद का भूगोल सिमटता जा रहा है। आतंकवाद पर मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति से सब परिचित हैं। पूर्वोत्तर में संघर्षरत गुटों से समझौता करके और जम्मू-कश्मीर में सैन्य पराक्रम से आतंकवाद को सीमित करने में बड़ी मदद मिली है। लेकिन सरकार ने आतंरिक सुरक्षा के मोर्चे पर पर भी उल्लेखनीय कार्य किया है और इसी का परिणाम है कि पशुपतिनाथ से तिरुपति नाथ तक लाल कॉरिडोर बनाने का माओवादी सपना अब टूट गया है। अब माओवादी नक्सलवाद देश के बहुत ही सीमित हिस्से में रह गया है। संभव है अगले कुछ वर्षों में जो माओवादी बचे हैं, वे भी या तो हथियार डाल देंगे या सुरक्षा बलों के हाथों मारे जायेंगे। छत्तीसगढ़ के बस्तर के अबूझमाड़ घने जंगलों में सुरक्षा बलों ने बीते दिनों 31 नक्सलियों को ढेर कर हमारे इस आकलन को पुख्ता भी किया है। अबूझमाड़ ऐसा पिछड़ा और खतरनाक इलाका है कि सरकारी अधिकारी वहां जाने से डरते हैं। लिहाजा उस इलाके में हमारे जांबाज सुरक्षा बलों की यह बहुत बड़ी जीत है। देश में छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों तक नक्सली सिमट कर रह गये हैं। पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, बिहार, झारखंड सरीखे राज्यों में नक्सली बेहद उग्र और व्यापक थे, लेकिन अब उनके अवशेष ही मौजूद हैं। इन राज्यों के गरीबों, किसानों, आदिवासियों और भूमिहीनों में कोई भी भूमि-सुधार लागू नहीं हो सका है अथवा इन तबकों की आर्थिक और सामाजिक स्थितियों में कोई सुधार नहीं हुआ है। नक्सलवाद की शुरूआत इसी मकसद से हुई थी, लेकिन बाद में वे माओवादी उग्रवादी बनकर ही रह गये। नक्सलवाद नाम की क्रांति के मायने क्या रह गए हैं? यह अपने उद्देश्य से पहले ही भटक गया था अब तो खत्म होने के निकट है।

रमेश चन्द्र द्विवेदी, लखनऊ.

संक्षेप

काफी मशीन में धमाके से विकलांग हुआ मशीन चला रहा युवक

अयोध्या। जनपद के इनायत नगर थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम काफी मशीन में धमाका होने से इसको चला रहा युवक दिव्यांग हो गया। गंभीर हाल में जिला अस्पताल लाए जाने के बाद सर्जन उसका क्षतिग्रस्त दाहिना हाथ काटने के लिए आपरेशन में जुट गए हैं।

इनायतनगर थाना क्षेत्र निवासी कैटर्स राहुल चैरसिया को इसी थाना क्षेत्र के शेखनपुर गांव निवासी बागीश पाठक ने अपने यहां आयोजित भागवत कथा के भंडारे में भोजन बनाने का ठेका दिया था।

कैटर्स की तरफ से थाना क्षेत्र के ही पूरे सुकई का पुरवा निवासी युवक आलोक यादव (25 वर्ष) पुत्र रमेश यादव को काफी मशीन चलाने के लिए लाया गया था, जबकि इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला युवक श्याम सिंह पाल को उसके सहयोग में लगाया था। श्याम का कहना है कि प्रेशर ज्यादा होने के कारण काफी मशीन में ब्लास्ट हो गया और आलोक यादव का दाहिना हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आनन फानन में उसको गंभीर हाल में जिला अस्पताल लाया गया है। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ विशाल चैधरी ने बताया कि आलोक का दाहिना हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। सर्जन के सुझाव पर उसका क्षतिग्रस्त हाथ काटा जा रहा है।

बाइकों की सीधी भिड़ंत दोनों चालक गंभीर

बांदा। थाना जसपुरा में बाइकों की सीधी भिड़ंत में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पावर हाउस गेट के सामने हुई। हादसे में स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जसपुरा सीएचसी पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की हालत नाजुक देखकर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्राम पंचायत गड़रिया मजरा नकटी पोखरी निवासी बृजेश निषाद 19 और ग्राम पंचायत नरजिता मजरा बहुंडरी निवासी साकेत पांडे 17 की बाईकों के बीच भिडंत हुई।

बृजेश जसपुरा की ओर जा रहा था जबकि साकेत बहुंडरी की ओर लौट रहा था। जैसे ही दोनों जसपुरा पावर हाउस गेट के पास पहुंचे, लगभग शाम 4:30 बजे तेज रफ्तार बाइक सवार आमने-सामने भिड़ गए। जिला अस्पताल में दोनों घायलों का उपचार जारी है। जानकारी मिलते ही जसपुरा थाना पुलिस पहुंची और हादसे की जांच शुरू कर दी और दुर्घटनाग्रस्त बाइकों को कब्जे में लिया।

एसपी ने पटाखा बाजार का निरीक्षण किया, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

जिला संवाददाता

ललितपुर। दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा आज मैदान में तैनात फायर सर्विस टीम को ब्रीफ कर, ड्रिल कराकर, सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था एवं अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन की समीक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा आज नगर क्षेत्र में लगाए गए पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पटाखा विक्रेताओं से सुरक्षा मानकों का पालन करने, अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर), रोशनी की उपलब्धता सुनिश्चित रखने तथा लाइसेंस की शर्तों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना अनुमति या अवैध रूप से पटाखों का भंडारण अथवा विक्रय करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने दुकानदारों से कहा कि बिक्री स्थल पर पर्याप्त दूरी बनाए रखें, बच्चों को पटाखों से दूर रखें तथा ग्राहकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

- **फायर सर्विस टीम को ब्रीफ कर, ड्रिल कराकर, सुरक्षा व्यवस्था को देखा**

उन्होंने आमजन से भी अपील की कि सुरक्षित एवं प्रदूषण रहित दीपावली मनाएं, अधिक ध्वनि करने वाले या प्रतिबंधित पटाखों का प्रयोग न करें। तत्पश्चात दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा पटाखा बाजार मैदान में तैनात फायर सर्विस टीम को ब्रीफ किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने फायर सर्विस कर्मियों को सतर्क दृष्टि बनाए रखने, किसी भी आकस्मिक घटना पर त्वरित कार्रवाई करने एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान पटाखों की बिक्री एवं उपयोग के समय आग लगने की संभावनाएं अधिक रहती हैं, इसलिए फायर टीम पूर्ण रूप से अलर्ट मोड में रहे तथा उपकरणों की कार्यशीलता की पूर्व जांच कर ले। पुलिस अधीक्षक ने फायर सर्विस अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने, पुलिस बल के साथ निरंतर संपर्क में रहने तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद पुलिस एवं फायर कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सतर्कता ही सुरक्षा की कुंजी है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, थाना प्रभारी कोतवाली एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दुर्घटनारहित दीवाली को लेकर प्रशासन सतर्क

बांदा। पटाखों की बिक्री पर पुलिस की निगरानी जारी है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जिले के थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों में पटाखा की दुकानों का बारीकी से निरीक्षण कर रहे हैं। दीपावली पर्व दुर्घटनारहित बनाए रखने को प्रशासन पूरी तरह चैकस है। निरीक्षण के दौरान पुलिस की टीमें दुकानों में अग्नि सुरक्षा मानकों की स्थिति का गहनता से मूल्यांकन कर रही हैं। दुकानों पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि वहां अग्नि शमन यंत्र पानी से भरी बाल्टियां, बालू भरे टब और अन्य अग्निनिरोधक साधनों की पर्याप्त व्यवस्था हो।

पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी तरह की लापरवाही एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी जनजीवन के लिए खतरा बन सकती है।

पुलिस ने विक्रेताओं को यह भी चेतावनी दी है कि यदि किसी दुकान में बगैर वैध लाइसेंस के पटाखों का भण्डारण, विक्रय मिला अथवा पटाखों का व्यवसाय अनधिकृत स्थानों पर किया गया तो उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह भी निर्देश दिए गये कि दुकान संचालक निर्धारित मात्रा में ही पटाखों का भण्डारण करें और भण्डारण स्थल को सुरक्षित रखें। बांदा पुलिस ने लोगों से भी यह अपील की है कि वह दीपावली का पर्व संयम, सजगता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। बच्चे पटाखों का उपयोग बड़ों की देखभाल में ही करें, तेज आवाज वाले एवं प्रतिबंधित पटाखों का प्रयोग न करें साथ ही पटाखों का उपयोग निर्धारित समय सीमा के अंदर ही करें।

चिल्ला थाना प्रभारी अनूप कुमार दुबे ने पटाखों की दुकानों का बारीकी से मुआयना किया और विक्रेताओं को नियमों के तहत ही बिक्री करने के निर्देश दिए। थाना तिंदवारी, जसपुरा, मरका, गिरवां व नरैनी में भी पुलिस अधिकारियों ने दुकानों की गहनता से जांच की। किसी तरह की आपात स्थिति के दौरान डायल यूपी-112 अथवा स्थानीय पुलिस को तत्काल इसकी जानकारी दें।

कच्ची दीवार गिरने से वृद्धा की मौत

अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात अचानक कच्ची दीवार के ढहने से एक वृद्धा की मौत हो गई। वृद्धा के बेटे और पोते को हल्की चोट आई है। जिला अस्पताल प्रशासन के मेमो पर नगर कोतवाली पुलिस ने मृतका का शव का पोस्टमार्टम कराया है। देवराकोट गांव निवासी कृष्णा देवी (60 वर्ष) पत्नी शिवलाल निषाद खाने के बाद रोज की तरह शुक्रवार की रात घर के बाहर स्थित टिन शेड में सो रही थी। उसका बेटा मंशाराम और चार वर्षीय पोता आयुष भी इसी टिन शेड में तख्त पर सोये थे। देर रात लगभग साढ़े 10 बजे टिन शेड के अस्थाई आवास की मिटटी की दीवाल अचानक ढह गई।

दीवाल का मलबा वृद्धा के चारपाई पर गिरा और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मलबा हटा सभी को बाहर निकालसीएचसी सोहावल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने बेटे मंशाराम और पोते आयुष का प्राथमिक उपचार किया और हालत गंभीर देख वृद्धा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डा वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि परीक्षण में वृद्धा मृत मिली। शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम और विधिक कार्रवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजा गया है।

सेवा निवृत्त और पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

ललितपुर। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कोषागार के पेंशन कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक जे.के.सिंह पूर्व वाणिज्य कर अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में जे.के.सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राशिकृत कटौती के संबंध में गठित कमेटी द्वारा 25 सितम्बर 2025 को शासन ने प्रस्तुत किया, जिसका घोर विरोध पेंशनर द्वारा किया गया। क्योंकि गठित कमेटी के सदस्यों द्वारा एक एक बिंदु पर जो समीक्षा की गई है। वह रिपोर्ट न होकर हाई कोर्ट के जज के तरीके से आदेशात्मक रुख अपनाया गया है, जिसमें पेंशनर्स के पक्ष को विलुप्त करते हुए पेंशन विरोधी रिपोर्ट बनाई गई है जो पेंशनर्स विरोधी है। जिसका सभी पेंशनर्स ने विरोध किया। मुख्य बिंदुओं में आठवें वेतन आयोग के गठन का कोई हवाला नहीं है। कमेटी द्वारा आठवें वेतन आयोग के समक्ष प्रेषित किया जाएगा। 03 अक्टूबर 2025 को प्रांतीय अध्यक्ष अमरनाथ यादव, महामंत्री ओ.पी.त्रिपाठी द्वारा 75 जिलों के प्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस की गई, जिसमें सरकार द्वारा पेंशनर्स की मांगों में राशिकृत कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष की जाय। कोरोनाकाल 18 माह का मंहगाई भत्ते का भुगतान शीघ्र किया जाए। पूर्व में वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में 50 प्रतिशत की सुविधा थी जो करोना काल में बंद कर दी गई थी उसे पुनरू बहाल किया जाए। पेंशनर्स में के.सी.शर्मा एवं हजारीलाल पाल द्वारा 13 नए सदस्य बनाए गए जो बधाई के पात्र है। बैठक में महेन्द्र कुमार जैन, दानवीर सिंह, डा.आर.सी.जगरिया, कैलाशचंद शर्मा, गंगाराम शर्मा, हबीब खा, रामसेवक सैनी, महेश पाठक, विनोद कुमार कुशवाहा, हरीश तिवारी, घनश्यामदास वर्मा, रंजीत सिंह, माता प्रसाद, कमलापति त्रिपाठी, तेजसिंह कुशवाहा, अशोक कुमार पुरोहित, सुरेन्द्र कुमार जैन मीडिया प्रभारी, आत्माराम रिछारिया उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान

जिला संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज को स्वच्छ और सुंदर नगर बनाने के उद्देश्य से सोशियोविटल नेटवर्क फाउंडेशन द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को सड़क पर कचरा न फेंकने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह,छोटू और अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला के सहयोग से किया गया।

नुक्कड़ नाटक के जरिए कलाकारों ने रोचक और शिक्षाप्रद संवादों के माध्यम से स्वच्छता का महत्व समझाया।

नाटक में दिखाया गया कि नालियों में कचरा डालने से जलभराव और गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है, जो न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। कलाकारों ने नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करने की सलाह दी और बताया कि कचरे को केवल नगर पंचायत की गाड़ी में ही डालना चाहिए। इस संदेश को नाटक के माध्यम से मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिससे दर्शकों पर गहरा प्रभाव पड़ा। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा, ह्लस्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है।

- **नागरिकों को सड़क पर कचरा न फेंकने व स्वच्छता बनाए रखने के लिए किया गया प्रेरित**

अगर हम अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखेंगे, तो हमारा नगर न केवल सुंदर दिखेगा, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने में भी मदद मिलेगी।ह्व अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे ताकि स्वच्छता के प्रति नागरिकों का दायित्व और बढ़े।

सोशियोविटल नेटवर्क फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि उनकी संस्था का उद्देश्य सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाना है और यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक कदम है। नुक्कड़ नाटक के बाद नागरिकों ने इस पहल की प्रशंसा की और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

रोटी बैंक टीम ने गरीबों को बांटे कपड़े बर्तन, किताबें

बांदा। रोटी बैंक टीम ने दीपावली पर जरूरतमंदों को कपड़े, किताबें, बर्तन, जूते-चप्पल, घड़ी, पर्स, खिलौने वितरित किए। बांदा रोटी बैंक सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज के संरक्षण में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ोखर खुर्द ब्लाक के हटेटीपुरवा गांव में गरीबों को जरूरत का सामान बांटा। वितरण के दौरान कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम की अध्यक्षता, महामंत्री मोहम्मद अजहर के नेतृत्व, ग्राम प्रधान ओम प्रकाश की मौजूदगी में शहर के जागरूक लोगों ने सामग्री वितरण में भाग लिया। इस दौरान गांव के लोगों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता और कानूनी अधिकारों के प्रति सोसायटी के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष रिजवान अली व सचिव मोहम्मद इदरीश ने जागरूक किया। जरूरत का सामान पाकर गांव के लोगों ने प्रशन्नता जताई और सोसायटी टीम को आशीर्वाद दिया। इस दौरान उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, तरन्नुम फात्मा, महामंत्री रिया खान, शाखा प्रमुख खुटला महेन्द्र पाल, जगदीश श्रीवास, सहाना खान, राबिया खान, नेहा खातून, सोसायटी के कार्यकर्ता व समाजसेवी मौजूद रहे।

कोटेदार की डीएम से शिकायत, नहीं मिल रहा खाद्यान्न

बांदा। कमासिन ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोर्रा बुजुर्ग का दबंग कोटेदार की राशन कार्ड धारकों ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कोटेदार की जांच कराकर कोटा निरस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अंत्योदय, पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को ई-पास मशीन में अंगूठा लगवाने के 20 दिनों के बाद में खाद्यान्न देने में मनमानी और घटतौली की है। लोगों ने जिलाधिकारी से दबंग कोटेदार का कोटा निरस्त कर नए कोटेदार का चयन करने की मांग की है। शिकायती पत्र के आधार पर पूर्ति निरीक्षक बबेरू ने ग्राम कोर्रा बुजुर्ग पहुंचकर पीड़ित राशन कार्ड धारकों की शिकायत की जांच शुरू की। मौके पर पीड़ित राशन कार्ड धारक मिथिलेश ने बताया कि कोटेदार मशीन में अंगूठा तो लगवा लेता है लेकिन 20 दिन बाद किसी को गल्ला देता है किसी को नहीं देता है, तौल में भी 2 किलो मात्रा कम देता है। विरोध करने पर झगड़ा करता है और जान से मारने की धमकी भी देता है। उमेश पुत्र राम सिया ने बताया कि सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली का खाद्यान्न प्रतिमाह अंगूठा लगवाकर तत्काल देने की योजना पर दबंग कोटेदार आदेश को बेकार समझकर मानमाने तरीके से राशन का वितरण करता है। जांच अधिकारी का कहना है कि तहसील दिवस में आई शिकायत पर स्थलीय जांच के दौरान लगाए गए आरोप घटतौली, राशन न देना, कोटेदार की मनमानी के बयान दर्ज किए गए हैं। राशन कार्ड धारकों के बयान की आख्या विधिक कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

आईटीसी मंगलदीप ने भव्य अयोध्या दीपोत्सव पहल में लिया हिस्सा

जिला संवाददाता

अयोध्या। आईटीसी मंगलदीप, भारत का अग्रणी अगरबत्ती ब्रांड, ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित भव्य अयोध्या दीपोत्सव पहल में भाग लिया और एक अनोखी डिजिटल पहल के माध्यम से देशभर के श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया।

इस पहल के तहत, मंगलदीप ने एक ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर)-संचालित अभियान की शुरूआत की, जिससे देश के विभिन्न कोनों से लोग दीपोत्सव का वर्चुअल अनुभव ले सके और अपने दीपक जला सके कृ जो अयोध्या की सामूहिक आलोकित शाम में योगदान देते हैं।

- **देशभर के श्रद्धालुओं को डिजिटल रूप से जोड़ा**
- **सरयू घाट पर एक लाख दीयों को जलाकर दिवाली उत्सव में भाग लिया**

इस पहल के माध्यम से मंगलदीप ने भक्ति को और अधिक समावेशी, सुलभ और अनुभवात्मक बनाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाया। इस तकनीकी प्रयास ने लाखों श्रद्धालुओं को त्यौहार की आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ा। श्रद्धालुओं ने एआर-सक्षम माइक्रोसाइट के माध्यम से भाग लिया, जहां हर वर्चुअल दीपक का संबंध 19 अक्टूबर को अयोध्या में जलाए गए वास्तविक दीपक से था, जिससे एक साझा, अखिल भारतीय उत्सव का माहौल बना।

हालाँकि शुरूआत में एक लाख दीये जलाने की योजना थी, लेकिन आईटीसी मंगलदीप को हमारी एआर पहल के जरिए 1.3 लाख डिजिटल दीये मिले। इसके जवाब में, हमने जमीन पर भी 1.3 लाख दीये जलाने का फैसला किया, जो आस्था, एकता और सकारात्मकता के सामूहिक संदेश का प्रतीक है। मंगलदीप खुशबू पथ ने माहौल को और भी खूबसूरत बना दिया, जहाँ 25 पाँच फुट ऊँची अगरबत्तियों और 25 महा हवन प्यालों के जरिए हवा में दिव्य सुगंध का संचार हुआ।

आईटीसी के माचिस एवं अगरबत्ती डिवीजन के डिविजनल सीईओ, रोहित डोगरा ने कहा, ह्लआईटीसी मंगलदीप में, भक्ति शाश्वत है, परंतु उसे अनुभव करने का तरीका समय के साथ बदल सकता है। इस पहल के माध्यम से हमने देशभर के लाखों श्रद्धालुओं को डिजिटल रूप से जोड़ा, ताकि वे चाहे जहाँ भी हों, अयोध्या की आध्यात्मिक ऊर्जा का हिस्सा महसूस कर सकें। हमें अयोध्या के इस भव्य दीपोत्सव का हिस्सा बनने पर गर्व है कृ जो पूरे भारतवर्ष को भक्ति और प्रकाश से आलोकित करता है। यह पहल भक्ति को आज के डिजिटल युग में और अधिक इमर्सिव, समावेशी और अर्थपूर्ण बनाने की दिशा में एक कदम थी।ह्व

श्री निखिल टीकाराम फुंडे, आई.ए.एस, जिला मजिस्ट्रेट, अयोध्या ने कहा, ह्लहमें खुशी है कि आईटीसी मंगलदीप ने सरकार के दीपोत्सव उत्सव में भाग लिया।

उनकी यह डिजिटल पहल देशभर के श्रद्धालुओं को अयोध्या के पवित्र उत्सवों से जोड़ने में सफल रही है, जिससे दीपोत्सव का एकता और भक्ति का संदेश और भी सशक्त हुआ है। इस प्रयास के माध्यम से, आईटीसी मंगलदीप ने भक्ति को नए रूप में प्रस्तुत करने में अपनी अग्रणी भूमिका को पुनः स्थापित किया कृ यह दशार्ते हुए कि आस्था और तकनीक साथ मिलकर ऐसे अनुभव बना सकते हैं जो प्रेरित करें, जोड़ें और आत्मा को ऊँचा उठाएँ।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बाइक सवार युवक की मौत

अयोध्या। लखनऊ गाजीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार विकास खण्ड अमानीगंज क्षेत्र अंतर्गत कौराह पूरे गुलाम गांव निवासी सत्यम उपाध्याय पुत्र रामदुलारे उम्र करीब 35 वर्ष शनिवार रात करीब 9 बजे मोटरसाइकिल से वापस अपने घर आ रहे थे रास्ते में किलो मीटर संख्या 73.2 पर अज्ञात वाहन ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। सत्यम जैसे ही सड़क पर गिरे पीछे से आ रही गाड़ियों ने उन्हें कुचल दिया। एक के बाद एक करीब सैकड़ो गाड़ियां उनके ऊपर से गुजर गई। जिसके कारण सत्यम् का शव छोटे-छोटे टुकड़ों में बट गया। उनकी मोटरसाइकिल तथा आधार कार्ड से उनकी पहचान हो सकी उनकी मोबाइल चकनाचूर हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैफिक रुकवा कर शव के टुकड़ों को एकत्रित किया तथा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सत्यम लखनऊ में कोका-कोला कंपनी में प्राइवेट जॉब करते हैं। दीपावली की छुट्टी पर घर आ रहे थे, परिजनों से आखरी बार फोन पर बातचीत कर बताया कि अभी 1 घंटे में घर पहुंच जाऊंगा लेकिन घर वालों को क्या पता था कि उनके साथ रास्ते में इस तरह की विचलित कर देने वाली घटना घट जाएगी। घर पर पत्नी व बच्चे बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया, घरवालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। सत्यम के दो बेटे हैं एक लड़का 9 साल का तथा दूसरा तीन वर्ष का। सत्यम हंसमुख तथा शांत स्वभाव के जिम्मेदार व्यक्ति थे इस घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया है।

दीपावली पर सज गया दीयों का बाजार, रौनक से गुलजार हुए बाजार

ललितपुर। दीपावली का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में रौनक लौट आई है। जगह-जगह मिट्टी, पीतल और रंग-बिरंगे दीयों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। कुम्हारों ने भी अपनी मेहनत से सुंदर-सुंदर दीये तैयार कर बाजार में सजाए हैं। इस बार बाजार में पारंपरिक मिट्टी के दीयों के साथ-साथ आकर्षक डिजाइन वाले इलेक्ट्रिक दीये और सजावटी लाइटें भी लोगों को खूब लुभा रही हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इस वर्ष बिक्री में पिछले साल के मुकाबले अच्छी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। बच्चों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सभी लोग अपने घरों को रोशनी और खुशियों से सजाने में जुट गए हैं। दीपों की इस जगमगाहट से पूरा क्षेत्र उत्सव की चमक में नहा उठा है। नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि मिट्टी के दीये जलाने से न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहता है बल्कि स्थानीय कुम्हारों की आजीविका भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि दीपावली सिर्फ रोशनी का नहीं बल्कि स्वदेशी भावना और एकता का त्यौहार है।

मैनकाइंड फाउंडेशन ने गरीबों को बांटा राशन, मिठाई, गिफ्ट

बांदा। हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन ने शहर के अलीगंज स्थित संस्था कार्यालय से दीपावली पर जरूरतमंद परिवारों को राशन, मिठाई और बच्चों को चॉकलेट, गिफ्ट बांटे। मैनकाइंड फाउंडेशन बांदा संस्था के संरक्षक हसनुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि सामग्री बांटने का उद्देश्य गरीब वर्ग के परिवारों में भी दीपावली की खुशियों को बांटा जा सके। मिठाई और गिफ्ट पाकर गरीब परिवारों ने संस्था के लोगों को आशीर्वाद दिया तथा बच्चों ने प्रशन्नता का इजहार किया। बताते चलें कि इससे पहले भी संस्था की टीम गरीब बच्चियों की शादी में मदद, अस्पताल में फल वितरण, गरीबों को दवा, इलाज, ऑपरेशन में मदद के अलावा कोरोना काल के दौरान से ही लगातार करती चली आ रही है और यह सिलसिला जारी है। इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष नदीम उल्ला खान, वरिष्ठ सहयोगी मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना व अध्यक्ष फरहान, जावेद खान, संगठन मंत्री शेख रिजवान व अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

निर्धारित सवारियां ही बैठायें बसों में: एआरटीओ

ललितपुर। आगामी त्योहार दीपावली, गोवर्द्धन पूजा व भैयादूज तथा छटपूजा के दृष्टिगत सुगम और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद ललितपुर के बस आपरेटर्स के साथ एआरटीओ कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गयी। बैठक में प्रतिभागी बस आपरेटर्स को निर्देश दिये गये कि बस में यात्रा करने वाले किसी भी यात्री से किसी भी तरह का दुर्व्यहार न किया जाये, बस में यात्रा करने वाले किसी भी यात्री से निर्धारित किराये से अधिक किराये की वसूली किसी भी परिस्थिति में न की जाये, निजी बस यूनियन से चालित सभी बसों की समुचित साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, बस चालक/परिचालक द्वारा किसी भी प्रकार का मादक द्रव्य (शराब आदि) पीकर वाहन का संचालन किसी भी दशा में न किया/कराया जाए, बस चालक द्वारा निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में बस का संचालन कदापि न किया जाए, बस चालक/ परिचालक द्वारा किसी भी परिस्थिति में बसों की छतों पर सवारियों को न बैठाया जाए, बस चालक/परिचालक का स्वास्थ्य परीक्षण निजी बस स्वामियों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में दुरूस्त (फिट) चालक/परिचालक से ही बसों का संचालन कराया जाए, बसों में सुरक्षित/सुगम यात्रा के दृष्टिगत निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियों का परिवहन न किया जाए, वैध प्रपत्र के वाहन का संचालन कदापि न किया जाए, वाहन संचालन के समय सुरक्षा मानकों का अनुपालन किया जाए, यातायात नियमों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

- **बस ऑपरेटरों के साथ एआरटीओ ने की बैठक**

सेतु का काम कर रहा है विद्यांजलि कार्यक्रम : संयुक्त शिक्षा निदेशक

महोबा। विद्यालयों में स्वच्छ, प्रेरणादायक और सीखने के अनुकूल वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय तथा स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित विद्यांजलि 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त शिक्षा निदेशक झांसी एवं चित्रकूट मंडल राजू राणा ने संबोधित करते हुए बताया कि यह अभियान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और स्वच्छ भारत मिशन की भावना के अनुरूप विद्यालयों में संस्थागत स्वच्छता को बढ़ावा देने और सामुदायिक सहभागिता को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि विद्यांजलि प्लेटफार्म विद्यालयों एवं समाज के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। इसके माध्यम से कॉर्पोरेट संगठन, स्वयंसेवी संस्थाओं को भी जोड़ा जा रहा है ताकि सामूहिक प्रयास से विद्यालय का सौंदर्यीकरण, पेंटिंग तथा उपकरणों की मरम्मत से विद्यालय का वातावरण स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया जा सके। उन्होंने अपील की की विद्यांजलि 5.0 अभियान को एक जन आंदोलन के रूप में सफल बनाएं।

मिष्ठान की दुकानों से भरे गये सेम्पल

ललितपुर। दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुये जिला प्रशासन मिलावटखोरों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही कर रहा है। इसी क्रम में आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश व जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर भर में छापेमारी की गयी। विभागीय टीम ने शहर क्षेत्र के सुभाषपुरा स्थित अपना स्वीट्स नामक प्रतिष्ठान से छैना का नमूना संग्रहित किया गया। दूसरी टीम द्वारा मेसर्स बालाजी मिष्ठान से बर्फी का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया। प्रथम टीम में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेंद्र कुमार एवं एस.एस.निरंजन तथा द्वितीय टीम में मुख्या खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद राय उपस्थित रहे।

संक्षेप

सरकार ने जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल करने की तारीख 25 अक्टूबर तक बढ़ाई

नयी दिल्ली। सरकार ने रविवार को मासिक जीएसटीआर-3बी कर भुगतान फॉर्म दाखिल करने की अंतिम तिथि पांच दिन बढ़ाकर 25 अक्टूबर कर दी है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना में कहा कि सितंबर और जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए जीएसटीआर-3बी दाखिल करने वाले 25 अक्टूबर तक कर का भुगतान कर सकते हैं। सीबीआईसी ने एक्स पर पोस्ट में जीएसटीआर-3बी दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की सूचना दी है। जीएसटीआर-3बी एक मासिक और त्रैमासिक सारांश रिटर्न है जिसे हर महीने की 20, 22 और 24 तारीख के बीच विभिन्न श्रेणियों के पंजीकृत करदाता चरणबद्ध तरीके से दाखिल करते हैं। यह विस्तार अपेक्षित था, क्योंकि 20 अक्टूबर को दिवाली का त्योहार है।

एसीटी फाइबरनेट ने बढ़ायी फेस्टिव रौनक

नयी दिल्ली। एसीटी फाइबरनेट भी इस खुशी को और बढ़ाने के लिए एक खास फेस्टिव ऑफर लेकर आई है। कंपनी ने 6 महीने के प्लान्स पर 7.5% और 12 महीने के प्लान्स पर 15% की छूट की घोषणा की है। दिल्ली, गाज़ियाबाद और जयपुर में उपलब्ध यह विशेष ऑफर घरों और व्यवसायों दोनों के लिए बेहतर मूल्य और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से पेश किया गया है। अब इन शहरों के ग्राहक एसीटी फाइबरनेट के एआई-संचालित स्मार्ट वाई-फाई के फायदे उठा सकते हैं, जो इंटेलिजेंट बैंडविड्थ मैनेजमेंट, बेहतर कवरेज और कई डिवाइस पर स्थिर कनेक्शन प्रदान करता है, जिससे इंटरनेट का अनुभव और भी स्मार्ट और भरोसेमंद बन जाता है। फेस्टिव सीजन में एसीटी फाइबरनेट अपने प्रमुख प्रोडक्ट – एआई-पॉवर्ड स्मार्ट वाई-फाई – के साथ हर घर में खुशियां लेकर आ रहा है। उत्तर भारत के ग्राहक अब बिना किसी अतिरिक्त खर्च के निर्बाध और हाई-स्पीड इंटरनेट का आनंद ले सकते हैं। यह विशेष ऑफर हमारा तरीका है लोगों के उत्सव में अतिरिक्त खुशी जोड़ने का – ताकि परिवार और व्यवसाय जुड़े रहें, साथ मनाएं और स्मार्ट इंटरनेट के फायदों का अनुभव करें।

केएलईएफ के छात्रों ने सफलतापूर्वक लॉन्च किये तीन सैटेलाइट्स

नयी दिल्ली। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अपने वड्डेस्वरम कैंपस से तीन छात्र-निर्मित सैटेलाइट्स – केएलएसएटी-2, लाइटवेट पिको बैलून सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की स्वदेशी अंतरिक्ष तकनीक और अनुसंधान उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है। इस सैटेलाइट परियोजना के तहत तैयार किए गए इस मिशन का नेतृत्व आरएफ और माइक्रोवेव सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की केएलएसएटी टीम ने किया। यह पहल आंध्र प्रदेश स्टेट काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और रेडियंट के सहयोग से पूरी की गई। हमारा उद्देश्य हमेशा से शिक्षा को इनोवेशन में बदलने का रहा है। हमारे छात्रों की यह उपलब्धि उसी सोच का गर्वित उदाहरण है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में, 34 छात्रों की टीम ने इन मिशनों को सफल बनाने के लिए लगातार मेहनत की साथ ही टीम ने डिजाइन से लेकर लॉन्च और रिकवरी तक हर चरण को खुद संभाला।

अमेरिका को भारत का निर्यात घटा, गैर-अमेरिकी बाजारों ने मजबूती दिखाई

कोलकाता। भारत का अमेरिका को निर्यात कम हुआ है, जबकि गैर-अमेरिकी गंतव्यों को निर्यात मजबूत बना हुआ है और पिछले वृद्धि के आंकड़ों को पार कर गया है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अक्टूबर की अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त, 2025 में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के बाद सितंबर में अमेरिका को व्यापारिक निर्यात 11.9 प्रतिशत घटकर 5.5 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। एजेंसी ने कहा कि शुल्क वृद्धि से पहले खेप लोड नहीं होती तो यह गिरावट और भी तेज होती। इसके उलट गैर-अमेरिकी बाजारों में निर्यात सितंबर में 10.9 प्रतिशत बढ़ा, जो अगस्त, 2025 में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि से ज्यादा है। 27 अगस्त से प्रभावी भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले के बाद आई है।

एफपीआई ने अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजार में 6,480 करोड़ रुपये डाले

नयी दिल्ली। पिछले तीन माह तक लगातार निकासी के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 6,480 करोड़ रुपये डाले हैं। इसकी मुख्य वजह मजबूत वृहद आर्थिक कारक है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले एफपीआई ने सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये निकाले थे। अक्टूबर में नए सिरे से निवेश धारणा में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है और भारतीय बाजारों के प्रति वैश्विक निवेशकों के बीच नए विश्वास को दर्शाता है। इस उलटफेर के पीछे कई प्रमुख कारक हैं। उभरते बाजारों में भारत का वृहद आधार अपेक्षाकृत मजबूत बना हुआ है। स्थिर वृद्धि, प्रबंधन के दायरे में मुद्रास्फीति और जुझारू घरेलू मांग से एफपीआई का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक तरलता की स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही है, अमेरिका में दरों में कटौती या कम से कम एक विराम की उम्मीद है। जैसे-जैसे जोखिम उठाने की क्षमता वापस आ रही है, वैसे-वैसे उच्च-लाभ वाले उभरते बाजारों में धन का प्रवाह बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त, भारतीय मूल्यांकन, जो दबाव में थे, अब अधिक आकर्षक हो गए हैं, जिससे गिरावट में खरीदारी की रुचि फिर से बढ़ रही है। इसी तरह की राय व्यक्त करते हुए, एफपीआई की रणनीति में इस बदलाव का मुख्य कारण भारत और अन्य बाजारों के बीच मूल्यांकन के अंतर में कमी है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में भारत के कम प्रदर्शन ने अब बेहतर सापेक्ष प्रदर्शन की संभावनाओं को खोल दिया है। नवीनतम निवेश प्रवाह को अमेरिका और भारत के बीच व्यापार तनाव में कमी से भी प्रेरित कहा जा सकता है। 2025 की शुरुआत में देखे गए बिकवाली के दबाव ने भारतीय शेयरों के मूल्यांकन गुणकों को वैश्विक प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अधिक आकर्षक बना दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य के व्यापार घटनाक्रम और चालू तिमाही नतीजों के सत्र से आने वाले प्रवाह एफपीआई प्रवाह की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हालिया निवेश के बावजूद, एफपीआई ने 2025 में अब तक शेयरों से लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये निकाले हैं।

जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आगामी तिमाहियों में दिखेगा

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कमी से आने वाली तिमाहियों में संरचनात्मक रूप से सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और इससे दोपहिया वाहनों, छोटी कारों और ट्रैक्टर की मांग बढ़ेगी, खासकर ग्रामीण बाजारों में।

दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन के बाद, तीसरी तिमाही में राजस्व समान या थोड़ा कम हो सकता है। हालांकि, इसे थोड़ा सुस्ती का समय माना जाता है। जीएसटी 2.0 (दूसरी) तिमाही के अंत में लागू हुआ, इसलिए इसका असर अगली तिमाहियों में भी दिखेगा। हम इस विकास को लेकर सकारात्मक हैं, जिससे छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहिया वाहनों, छोटी कारों की मांग में वृद्धि होगी, और कुछ हद तक शहरों में भी मांग बढ़ेगी। उनसे पूछा गया था कि जीएसटी 2.0 ने टायर की मांग और समग्र वृद्धि को कैसे प्रभावित किया है। एक संरचनात्मक परिवर्तन होने के नाते, जीएसटी दर में कमी आगे बढ़ने के साथ मांग पर संरचनात्मक रूप से प्रभाव डालेगी और मांग में अचानक कोई उछाल नहीं आएगा। यह तिमाही वास्तव में थोड़ी सुस्ती वाली रहती है, क्योंकि दिसंबर में ठंड रहती है और उत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में मांग में कमी आती है। हमारा मजबूत सीजन अप्रैल, मई और जून है, जो गर्मी का मौसम है। त्योहारी सीजन का टायर उद्योग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, लेकिन समय के साथ जीएसटी में कमी से मांग में सुधार होना चाहिए। वाहन विनिर्माताओं (ओईएम) को आपूर्ति में वृद्धि होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यात्री कारों जैसे क्षेत्रों में, जिनमें वृद्धि नहीं हुई है, परिदृश्य बदल गया है और मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में भी फिर से वृद्धि देखी जा रही है। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में, सिएट ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 121 करोड़ रुपये के मुकाबले एकीकृत शुद्ध लाभ में 54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह 121 करोड़ रुपये से बढ़कर186 करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि में कंपनी का परिचालन राजस्व एक साल पहले की समान अवधि के 3,304 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,773 करोड़ रुपये हो गया।

अगले सप्ताह सोने में स्वस्थ गिरावट की संभावना

नयी दिल्ली। अगले सप्ताह सोने की कीमतों में कुछ हद तक स्वस्थ गिरावट देखने को मिल सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हालिया रिकॉर्ड तेजी अब भी जारी है, लेकिन त्योहारों के बाद भौतिक मांग कम हो गई है। विश्लेषकों ने यह राय जाहिर की।

वैश्विक और घरेलू बाजारों में नई ऊंचाइयों को छूने के बाद सर्राफा एक सीमित दायरे में कारोबार कर सकता है, क्योंकि निवेशकों की नजर अमेरिकी वित्त पोषण विधेयक, प्रमुख वैश्विक आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर है। सोने की कीमतों में कुछ स्वस्थ गिरावट देखने को मिल सकता है, क्योंकि मौजूदा बुनियादी बातों का पहले ही मूल्यांकन हो चुका है और सप्ताह के मध्य के बाद भौतिक मांग कम हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि कारोबारी प्रमुख वैश्विक संकेतकों पर नजर रखेंगे, जिनमें चीन के आंकड़े, ब्रिटेन की मुद्रास्फीति, विभिन्न क्षेत्रों के पीएमआई आंकड़े, अमेरिकी उपभोक्ता विश्वास के आंकड़े और फेडरल रिजर्व की टिप्पणी शामिल हैं। भारत में त्योहारी मांग और ईटीएफ की मजबूत खरीदारी के कारण पिछले सप्ताह सोना सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। पिछले सप्ताह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का वायदा भाव 5,644 रुपये या 4.65 प्रतिशत बढ़ा। सोने की कीमतों में तेजी रुकने का नाम नहीं ले रही है। नीतिगत अनिश्चितता, अमेरिकी शुल्क और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण 2025 तक इसमें तेजी बनी रहेगी। एमसीएक्स पर, दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का वायदा भाव शुक्रवार को 1,32,294 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, इसमें ऊपरी स्तर से गिरावट हुई और यह 1,27,008 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

वैश्विक रुझान से तय होगी इस सप्ताह बाजार की चाल



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में निवेशक छुट्टियों वाले इस सप्ताह के दौरान वैश्विक रुझानों, विदेशी निवेशकों के रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है।

शेयर बाजार बीएसई और एनएसई मंगलवार, 21 अक्टूबर को एक विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र का आयोजन करेंगे। यह प्रतीकात्मक कारोबार सत्र दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक चलेगा। इस दिन सामान्य कारोबार नहीं होगा। इसके बाद दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, छोटा कारोबारी सप्ताह घटनाओं से भरा रहेगा और निवेशकों के लिए कई प्रमुख कारक सामने आएंगे। बाजार सहभागी सबसे पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे, जो व्यापक बाजार की दिशा तय करेंगे। मिश्रा ने कहा कि 21 अक्टूबर को संवत 2082 की शुरुआत के प्रतीक के रूप में एक घंटे का दिवाली विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र भावनात्मक संकेतों और त्योहारी उत्साह के लिए महत्वपूर्ण है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे अपने पूरे जोरों पर होंगे, जिसमें कोलगेट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस जैसी प्रमुख कंपनियां अपने नतीजे पेश करेंगी। मिश्रा ने कहा कि चीन पर प्रस्तावित अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रम, साथ ही कच्चे तेल की कीमतों और मुद्रा में उतार-चढ़ाव पर भी निवेशकों की नजर होगी। पिछले तीन महीनों से शुद्ध आधार पर बिकवाली करने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) अक्टूबर में अब तक 6,480 करोड़ रुपये के निवेश के साथ लिवाल बन गए हैं। ऐसा मजबूत व्यापक आर्थिक कारकों के चलते है। हिंदुस्तान यूनिलीवर और डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज के आगामी नतीजों से कॉरपोरेट आय सत्र की दिशा तय होने की उम्मीद है। अमेरिका-चीन व्यापार तनाव में कोई भी राहत बाजार की धारणा को सकारात्मक रूप दे सकती है। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,451.37 अंक या 1.75 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी 424.5 अंक या 1.67 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ।

सितंबर तिमाही में वाहन निर्यात 26 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। देश से वाहनों का निर्यात सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़ा है। इस अवधि के दौरान यात्री, दोपहिया और तिपहिया वाहनों का अबतक का निर्यात का सबसे ऊंचा आंकड़ा दर्ज हुआ। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सोसायटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 23 प्रतिशत बढ़कर 2,41,554 इकाई हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 1,96,196 इकाई था।

दूसरी तिमाही में यात्री कारों का निर्यात 20.5 प्रतिशत बढ़कर 1,25,513 इकाई हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1,04,196 इकाई था। इसी प्रकार, जुलाई-सितंबर की अवधि में उपयोगिता (यूटिलिटी) वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 1,13,374 इकाई हो गया। वैन का निर्यात भी सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़कर 2,667 इकाई हो गया। समीक्षाधीन अवधि में मारुति सुजुकी इंडिया 2,05,763 इकाइयों के निर्यात के साथ शीर्ष पर रही। इसके बाद हुंदै मोटर इंडिया 99,540 इकाइयों के निर्यात के साथ दूसरे स्थान पर रही। जुलाई-सितंबर अवधि में दोपहिया वाहनों का निर्यात 25 प्रतिशत बढ़कर 12,95,468 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 10,35,997 इकाई था। स्कूटर निर्यात सितंबर तिमाही में 12 प्रतिशत बढ़कर 1,77,957 इकाई हो गया, जबकि मोटरसाइकिलों का निर्यात 27 प्रतिशत बढ़कर 11,08,109 इकाई हो गया। मोपेड का निर्यात दूसरी तिमाही में बढ़कर 9,402 इकाई हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 2,028 इकाई था। इस वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में कुल वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 24,011 इकाई हो गया। इसी तरह सितंबर तिमाही में तिपहिया वाहनों का निर्यात 51 प्रतिशत बढ़कर 1,23,480 इकाई हो गया। दूसरी तिमाही में कुल वाहन निर्यात 26 प्रतिशत बढ़कर 16,85,761 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 13,35,343 इकाई था सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा कि दूसरी तिमाही में सभी क्षेत्रों में मजबूत निर्यात वृद्धि भारत में निर्मित वाहनों की बढ़ती ब्रांड स्वीकृति का संकेत देती है।

शाह ने कर्नाटक और महाराष्ट्र को बाढ़ राहत के लिए 1950 करोड़ मंजूर किये

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2025-26 के लिए कर्नाटक और महाराष्ट्र सरकारों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के केंद्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में 1,950.80 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जारी करने को मंजूरी दे दी है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कुल राशि में से 384.40 करोड़ रुपये कर्नाटक के लिए और 1,566.40 करोड़ रुपये महाराष्ट्र के लिए स्वीकृत किए गए हैं, ताकि दोनों राज्यों को इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत सहायता प्रदान करने में मदद मिल सके। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस वर्ष, केंद्र सरकार ने एसडीआरएफ के तहत 27 राज्यों को 13,603.20 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत 15 राज्यों को 2,189.28 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएमएफ) से 21 राज्यों को 4,571.30 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) से नौ राज्यों को 372.09 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), सेना और वायुसेना के अपेक्षित दलों की तैनाती समेत सभी रसद सहायता और सभी बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित राज्यों को सहायता प्रदान की है। इस वर्ष मानसून के दौरान, बचाव और राहत कार्यों के लिए 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एनडीआरएफ की अधिकतम 199 टीम तैनात की गईं।

पेज एक का शेष

प्रभु श्रीराम

संस्कृति, सूचना विभाग समेत सभी की महती भूमिका निभाई। दीप प्रज्ज्वलन का नियत समय शुरू होते ही 'श्री राम जय राम जय जय राम' के जयघोष के साथ एक-एक कर 26 लाख 17 हजार 215 दीप जलाए गए। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों द्वारा कीर्तिमान रचने की घोषणा के साथ ही पूरी अयोध्या 'जय श्री राम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी। इससे पहले विगत वर्ष भी दीप प्रज्ज्वजन का कीर्तिमान रचा गया था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि की तरफ से हुई घोषणा के दौरान ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभिभूत हो गए। एक तरफ उनके चेहरे पर मुस्कान थी तो दूसरी तरफ दोनों हाथ उठाकर संतुष्टि व खुशी का भाव। योगी की यह भाव-भंगिमा देख हर कोई आह्लादित हो उठा। पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह व प्रमुख सचिव (पर्यटन-संस्कृति) अमृत अभिजात ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रमाण पत्र सौंपा। योगी आदित्यनाथ ने दोनों प्रमाण पत्र ऊपर उठाकर सभी का अभिवादन करते हुए प्रसन्नता जाहिर की। दीपोत्सव को मूर्त रूप देने वाले इसके सृजनकर्ता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिर से हर किसी के दिल में उतर गए। अयोध्या से गोरक्षपीठ के प्रगाढ़ रिश्तों को मूर्त रूप देते हुए मुख्यमंत्री ने 2017 से दीपोत्सव का आयोजन अनवरत जारी रखा। इस नौवें संस्करण ने सबसे अधिक दीप प्रज्ज्वलन का रिकॉर्ड कायम किया गया। सीएम योगी के पहले और दूसरे कार्यकाल में दीपोत्सव का यह आयोजन समृद्ध से समृद्धतम होता रहा तो दीपों से दिव्य और भावनाओं से भव्य अयोध्या ने योगी को फिर हर दिल में बैठा लिया।

वर्ष दर वर्ष बढ़ती गई समृद्धि

2017- 1.71 लाख, 2018- 3.01 लाख, 2019- 4.04 लाख, 2020- 6.06 लाख, 2021- 9.41 लाख, 2022- 15.76 लाख, 2023- 22.23 लाख, 2024- 25.12 लाख, 2025- 26.17 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर रिकॉर्ड बना। योगी सरकार में हर वर्ष बढ़ते दीपों के साथ प्रदेश व देश की समृद्धि बढ़ती गई।

सपा ने चलवायी

और फिर भारत की आस्था को अपमानित करने के लिए कोई भी कोर-कसर नहीं छोड़ी। यह वही लोग हैं जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन के दौरान अयोध्या धाम में मंदिर का निर्माण न हो, इसके लिए अपने अधिवक्ताओं को विरोध में खड़ा किया था, ताकि वे राम मंदिर के मार्ग में बाधा उत्पन्न कर सकें। वहीं आज हम कह सकते हैं, उन्होंने गोलियां चलाईं, हम अयोध्या में दीप जला रहे हैं। उन्होंने ताले लगवाए और हम पूज्य संतों के आशीर्वाद से आज अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्मित हो गया है। यह रामभक्तों के संकल्पों का प्रतिफल है। इन्होंने अयोध्या की पहचान को मिटाया था, अयोध्या को फैजाबाद बनाया था। वहीं, हम लोगों ने अयोध्या की पहचान को अयोध्या के साथ जोड़कर इसे फिर से अयोध्या धाम बनाने का कार्य किया है। यह दीपोत्सव इस बात की गवाही दे रहा है कि आस्था को कोई राजनीति कैद नहीं कर सकती। यह वही लोग हैं जो अंग्रेजों की ₹फूट डालो और राज करो₹ की नीति को अपनाकर आज भी जातीय विद्वेष पैदा करने का काम कर रहे हैं। हमें जाति-जाति के बीच में लड़ाने का काम कर रहे हैं। सदियों तक विदेशी आक्रांताओं ने भारत भूमि को अपवित्र करने के लिए सारे यत्न किए, सारे षड्यंत्र रचे। आस्था के प्रतीकों को तोड़ा गया, अपमानित किया गया, आस्था खंडित हुई, लेकिन श्रद्धा डिगी नहीं, वह अविचल रही। सीएम ने कहा कि गुलामी के कालखंड में जिस प्रकार की स्थितियां पैदा की गई थीं, यह लोग फिर से उसी प्रकार की स्थिति को पैदा करने की चेष्टा कर रहे हैं, लेकिन आज का भारत, पिछले 11 वर्षों में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में अपने आप को स्थापित कर चुका है। आज भारत विकास भी कर रहा है और विरासत का संरक्षण भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में वह सब कुछ होगा, जिसे हमने अलग-अलग थीम के साथ यहां विकसित करने का निर्णय लिया है। अयोध्या सक्षम भी है, स्वच्छ और आयुष्मान भी है। सांस्कृतिक और आधुनिक भी है और भावनात्मक भी है। आज पूरे भारत और दुनिया की आस्था यहां पर देखने को मिल रहा है। आज दुनिया यहां दर्शन करने के लिए आ रही है। आज अयोध्या में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी, कोहिमा से लेकर कच्छ तक, भारत के हर राज्य का श्रद्धालु बड़ी आस्था के साथ यहां आता है। दुनिया के अंदर जहां कहीं भी सनातन धर्म है, वहां के लोग अपनी आस्था के साथ आते हैं और इस वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी का दर्शन करके अपने आप को गौरव की अनुभूति करते हैं। कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए अयोध्या के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। वहीं, आज अयोध्या को पहचान के संकट से नहीं गुजरना पड़ रहा है। आज तो अयोध्या आस्था के साथ-साथ टूरिज्म डेस्टिनेशन का दुनिया का बेहतरीन केंद्र बन गया है।

सीएम ने कहा कि अयोध्या में पहले कुछ चंद हजार श्रद्धालु आते थे, तो अव्यवस्था और गंदगी का एक अंबार दिखाई देता था। अब हर वर्ष 6 करोड़ से लेकर 10 करोड़ श्रद्धालु अकेले अयोध्या धाम में आ रहे हैं। यह अयोध्या अब वही है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों के अनुरूप हमने विकसित किया है। हमने तय किया कि यह अयोध्या अब दुनिया की वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में अपने आप को स्थापित करेगी और भारत की आस्था की राजधानी के रूप में भी स्थापित होगी। वर्ष 1947 में जब देश आजाद हुआ, तब भी हर भारतवासी के मन में एक तमन्ना थी कि भारत को आजादी का मतलब गुलामी के सभी चिन्हों को समाप्त करके हमें राजनीतिक आजादी के साथ-साथ सांस्कृतिक आजादी भी प्राप्त होगी। हमारे मान बिंदुओं की भी पुनर्स्थापना का कार्य होगा, लेकिन अयोध्या को तब भी उपेक्षित कर दिया गया था। वर्ष 1949 में जब रामभक्तों ने एक प्रयास किया कि रामलला भी आजादी के साथ विराजमान हों, तो मूर्ति हटाने का हुक्म जारी हो गया और कहा गया, मामला शांत करो, मामला शांत करो, लेकिन भक्तों ने कहा, कोई भी मूर्ति को अयोध्या में राम जन्मभूमि से हटा नहीं सकता। एक ही संकल्प था तब भी, रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। वर्ष 1950 से लेकर 1980 तक मंदिर को ताले में बंद किया गया। वर्ष 1986 तक यही स्थिति बनी रही। रामलला की जन्मभूमि में ही भगवान रामलला को कैद करके रखने का प्रयास हुआ। कौन थे वे लोग जो आस्था को इस कदर कैद करने का कार्य कर रहे थे? परंतु हम सब इस बारे में जानते हैं, भारत की आस्था, सनातनी आस्था बिना रुके, बिना झुके, बिना थके निरंतर अपने संघर्ष के पथ पर आगे बढ़ती गई और सत्य ने लिखा, न्याय ने हमें धर्म स्थापना के लिए मार्ग प्रशस्त किया। आज जब रामलला अपने स्वयं के भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं, तब कोई भी ऐसा देश या दुनिया का सनातन धर्मावलंबी नहीं होगा, जिसका मन गौरव के साथ आनंदित न हुआ हो।

दुनिया का

कार्यकर्ताओं से नियमित रूप से मिलने की इच्छा व्यक्त की, और कहा कि एक संसद सदस्य के रूप में उनका काम कार्यकर्ताओं के प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि आपकी तरह, मैं भी एक कार्यकर्ता हूं। हर संगठन की एक प्रणाली होती है और व्यक्तियों की क्षमताओं के अनुसार जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हर किसी की जिम्मेदारियां अलग-अलग होती हैं। हर कोई अपने तरीके से नंबर एक हो सकता है। उन्होंने जन प्रतिनिधियों और वरिष्ठ हस्तियों से कार्यकर्ताओं के प्रति सहानुभूति रखने और मुश्किल समय में उनका समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन में शांति और खुशी लाना भी एक कर्तव्य है। जब मैं किसी के दुख या किसी के निधन के बारे में सुनता हूं, तो मैं सुनिश्चित करता हूं कि अपनी संवेदनाएं व्यक्त करूं। आप सभी को भी ऐसा ही करना चाहिए। उनके घरों में मौजूद रहें और उनके दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहें। बयान में कहा गया है कि रक्षा मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की और स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यकर्ता उन्हें अपने बीच पाकर रोमांचित थे और उनके साथ तस्वीरें और सेल्फी लेते हुए देखे गए। सिंह ने कार्यकर्ताओं को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा, दीपावली के अवसर पर आप लोगों के उमंग और उत्साह को देखकर मैं भी अति उत्साहित हूं। एक अलग कार्यक्रम में, सिंह ने लखनऊ में दिवंगत गजेंद्र दत्त नैथानी मेमोरियल दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय के शिलान्यास समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब मैं 26 साल का था, तब मैं अक्सर भाजपा के प्रदेश कार्यालय जाता था। विधायक बनने के बाद भी, मैं लगातार प्रदेश कार्यालय जाता रहा। उस दौरान मुझे नैथानी जी का बहुत स्नेह मिला। वह आजीवन अविवाहित रहे और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी सेवाएं केवल उदार मानसिकता वाले व्यक्ति द्वारा ही प्रदान की जा सकती हैं, न कि संकीर्ण मानसिकता वाले व्यक्ति द्वारा।

ट्रंप के खिलाफ

समय में हो रहे हैं, जब अमेरिकी सरकार शटडाउन के दौर से गुजर रही है और राजनीतिक तनाव चरम पर है। डेमोक्रेट नेताओं ने बड़े पैमाने पर इन प्रदर्शनों को अपना समर्थन दिया है। उनका कहना है कि इससे विपक्ष मजबूत हुआ है। डेमोक्रेट सांसद क्रिस मर्फी ने कहा कि इस तरह की बड़ी रैलियां दरकिनार महसूस करनेवाले लोगों को बोलने का हौसला देती हैं। न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर में भारी भीड़ जमा हुई, जहां लोगों ने आइ प्लेज एलिजिएंस टू नो किंग" जैसे नारे लिखे पोस्टर लहराए। कई प्रदर्शनकारी व्यंग्यात्मक पोशाकें और गुब्बारेनुमा मेंढक के परिधान पहने नजर आए। ट्रंप प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियों को आतंकवादी बताने की कोशिश का मजाक उड़ाने के लिए लोगों ने अजीबोगरीब कपड़े पहने थे। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि इस बार 600 से अधिक अतिरिक्त विरोध प्रदर्शन हुए, जिनमें अधिकांश छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। अटलांटा में हजारों लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से इकट्ठा होकर ट्रंप प्रशासन की प्रवासी नीति, न्याय विभाग पर दबाव और सरकारी कामकाज को प्रभावित करने वाली कार्रवाइयों की आलोचना की। केंटकी जैसे ट्रंप समर्थक राज्यों में भी लोग सड़कों पर उतरे। स्थानीय न्यायालय के बाहर प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी झंडे लहराए, जबकि ट्रंप समर्थकों ने विरोध जताया। आयोजकों का कहना है कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की नीतियों ने लोगों में डर और असंतोष को और गहरा किया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जितनी आक्रामक ट्रंप की नीतियां होंगी, उतना ही मजबूत विरोध आंदोलन उभरेगा।

प्रथम धन्वंतरि

योग और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान, प्रशिक्षण और नवाचार को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में आयुष आधारित 300 से अधिक आयुष्मान आरोग्य केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। प्रत्येक जनपद में 50 और 10 बेड वाले आयुष चिकित्सालयों की स्थापना भी की जा रही है। प्रदेश में आयुष नीति को लागू कर औषधि निर्माण, वेलनेस, शिक्षा, शोध और औषधीय पौधों के उत्पादन एवं संवर्धन के लिए भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

तन्वी को विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत

गुवाहाटी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा का बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने का सपना रविवार को यहां महिला एकल फाइनल में थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासक से सीधे गेम में हारकर टूट गया। यह 16 वर्षीय खिलाड़ी साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के नक्शेकदम पर चलते हुए टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला शटलर बनी। फाइनल में हालांकि वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई और उन्हें दूसरी वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी से 7-15, 12-15 से हार का सामना करना पड़ा।

लेयला फर्नांडीज ने पांचवां खिताब जीता

ओसाका (जापान)। लेयला फर्नांडीज ने रविवार को डब्ल्यूटीए जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा को 6-0, 5-7, 6-3 से हराकर अपने करियर का पांचवां खिताब जीता। अपने करियर के आठवें फाइनल में खेलते हुए फर्नांडीज ने पहला सेट 29 मिनट में जीत लिया। वैलेंटोवा ने दूसरे सेट के 12वें गेम में फर्नांडीज की सर्विस तोड़कर मैच को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक सेट में 27वीं रैंकिंग की खिलाड़ी फर्नांडीज ने चौथे गेम में महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट हासिल किया और चेक गणराज्य की खिलाड़ी की चुनौती से पार पाकर जुलाई में डब्ल्यूटीए 500 डीसी ओपन जीतने के बाद सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता।

लियोनेल मेस्सी की दूसरी हैट्रिक

नैशविले (अमेरिका)। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में अपने करियर की दूसरी हैट्रिक बनाई, जिससे इंटर मियामी ने नैशविले एससी पर 5-2 से जीत हासिल की। मेस्सी एमएलएस के वर्तमान सत्र में अभी तक 29 गोल कर चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 7 विकेट से हराया

पर्थ। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज का पहला मैच 7 विकेट से हार गई है। बारिश से प्रभावित मैच को जीतने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 23 अक्टूबर को एडिलेड में खेला जाएगा। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी।



कार्यालय नगर पालिका परिषद, नगीना जिला बिजनौर

धनतेरस, दीपावली, भैयादूज गंगा स्नान के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद नगीना समस्त सम्भ्रात नगर वासियो से अपील करती है कि

1:- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूड़ा इधर उधर न फेकें नगर को स्वच्छ बनाये रखने में पालिका का सहयोग करें।

2:- पालिका कार्यालय में आर.आर.आर. सेन्टर में अपने अनुपयोगी कपड़े जूते एवं चप्पल आदि दें जिससे गरीब लोगों को निशुल्क वितरण किया जा सके।

3:-पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है। इसको प्रयोग करने पर जुर्माना वसूला जायेगा।

4:- निकाय द्वारा कूड़े को डोर-टू-डोर कलेक्शन किया जा रहा है, आप कूड़े को अलग-अलग पालिका के वाहन में डालें कूड़ा इधर उधर न फेंके।

5:-अपने घरों व आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें जिससे बीमारियाँ फैलने की सम्भावना होती है।

6:- अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद	नगर पालिका परिषद
नगीना	नगीना

पत्रांक:- मैमो/न.पा.परि.नगीना/आर.ओ./2025-26 दिनांक:- 18-10-2025

दीपावली की
हार्दिक बधाई

सुरेश चन्द्र गुप्ता
'ग्राम प्रधान' एंव प्रधान संघ अध्यक्ष
पूरेडलई, बाराबंकी

दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाये

राजेश यादव
प्रधान प्रतिनिधि –ग्राम पंचायत पंसारा, पूरेडलई, बाराबंकी

आप सभी जनपद वासियों को

दीपावली एवं भैय्यादूज
की हार्दिक शुभकामनायें
अरुण कुमार वर्मा
प्रबन्धक
Mob.: 9452000203
सहयोगी आर०बी०पी०जी० कालेज, खुशहालपुर, बाराबंकी

धनतेरस, दीपावली एंव भैय्यादूज की हार्दिक शुभकामनाये
सौजन्य से –
परिवहन विभाग, बाराबंकी।

शुभकामनाओं सहित
साहू ग्रुप ऑफ SAHU कम्पनीज
मीराबाई मार्ग
हजरतगंज
लखनऊ
SAHU GROUP
SINCE 1952

KRIBHCO
Cooperative and beyond...
आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड
राज्य विपणन कार्यालय: टी.सी., 28-वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों
को दीपावली एवं भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
GSTIN : 09AMHPG3071G1Z6
Shree Radhey™
R.S. ENTERPRISES
Godown
12/16, Plot No. 8, Nawal Ganj
L.R.G. Compound Nunhai, Agra

दीपावली, भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली, भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
सचिन यादव
(पूर्व प्रधान)
बरस लालगंज रायबरेली

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली, भैया दूज एवं डाला छठ की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
प्रदीप यादव–ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- बनभोकार, विकास
खण्ड- प्रतापपुर कमैचा, चांदा
जनपद- सुलतानपुर

धनतेरस, दीपावली व भैयादूज की जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रवी यादव विधायक
जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी
छात्र सभा इटावा

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को दीपावली, भैया दूज एवं डाला छठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

राकेश वर्मा प्रधान प्रतिनिधि
गांव चक शिवपुर विकास खंड- बल्दीराय
जनपद- सुलतानपुर

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
सदाराम–ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- अहदा, विकास
खण्ड-मोतिगरपुर
जनपद- सुलतानपुर

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली, भैया दूज एवं डाला छठ की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
मनोज गोस्वामी
(जिलाध्यक्ष प्रधान संघ)
जनपद- सुलतानपुर

धनतेरस, दीपावली व भैयादूज की जनपद वासियों को
मैं. चन्दन सिंह हुकुम सिंह

मयूर, रेमण्ड सूटिंग, शटिंग का
अधिकृत रिटेल काउंटर फैन्सी वैवाहिक
साड़िया, लहँगा चुनरी, सूटिंग-शटिंग,
सलवार सूट आदि का विशाल संग्रह
पता- 47, राजागंज, इटावा-206001
प्रो- उर्मिला भदौरिया मो.-8433220430

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
प्रकाश कुमार मिश्रा
(एडीओ पंचायत)
विकास खंड- कूरेभार,
जनपद- सुलतानपुर

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
अमित सिंह (राजू)
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत- खरगपुर,
विकास खण्ड-मोतिगरपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली, भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
राजेश फौजी
(प्रधान प्रतिनिधि)
ऐहार रायबरेली

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
महेश तिवारी
(ग्राम पंचायत अधिकारी)
विकास खंड- कूरेभार,
जनपद- सुलतानपुर

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

सुभाषचंद्र निषाद
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत- खैरहा,
विकास खण्ड-मोतिगरपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली, भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

स्वदेश यादव (फाउंडर)
ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल, ऐहार रायबरेली

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
सुरेंद्र कुमार
(ग्राम पंचायत अधिकारी)
विकास खंड- कूरेभार,
जनपद- सुलतानपुर

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
अमरेश कुमार
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत- गोपालपुर बड़ागांव,
विकास खण्ड-मोतिगरपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली, भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
मनोज सिंह
(पूर्व प्रधान)
देवगाँव रायबरेली

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को
दीपावली, भैया दूज एवं डाला छठ की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

आनन्द सावरण
चेयरमैन
स्पेक्ट्रम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एवं
अद्वेव फाउंडेशन चैरिबल ट्रस्ट
जमोली कूरेभार, सुलतानपुर

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
सुल्तान अली
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत- मुड़हा, विकास
खण्ड-मोतिगरपुर

सभी देशवासियों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
कुल्फी टिक्की हीरा लाल
टूंडला चौराहा
प्रो. हीरालाल

समस्त क्षेत्रवासियों एवं
जिलेवासियों को दीपावली, भैया
दूज एवं डाला छठ की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
ऋषभ पटेल
अवर अभियंता
आर.एस., जनपद- सुलतानपुर

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
माता प्रसाद सिंह
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत- लामा बनकठा,
विकास खण्ड-मोतिगरपुर

सभी देशवासियों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
आयुष्मान हॉस्पिटल पुष्पा
एंक्लेव टूंडला
डॉ. अमित राजौरिया

सभी देशवासियों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. भंवर सिंह
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद टूंडला

सभी देशवासियों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज जैन
अध्यक्ष लायंस क्लब टूंडला
प्रतिष्ठान : एच एल जैन
कोल्डस्टोरेज
मां रामदुलारी शीतगृह

सभी देशवासियों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं

श्री मति एलेश कुमारी
प्रधान
वीरेश यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत मोहम्दाबाद विकास खंड टूंडला

सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा
(फिरोजाबाद)

रंगेश उपाध्याय
प्रधानाचार्य
सुनील कुमार जैन
एनएनएस प्रभारी

सभी देशवासियों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
अवधेश कुमार
गोस्वामी
आरपीएफ
कंपनी कमांडर टूंडला

सभी देशवासियों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल रजक
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कोटकी, वि.ख. टूंडला